RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 7 अंक 21
फरीदाबाद, शनिवार, 24 फरवरी, 2024
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




पुलिस अधिकारी बनना मेरे बचपन का सपना था

पेज - 12

## बाजार


| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 73158 | ▼ 15 | |
| निफ्टी | 22212 | ▼ 4 | |
| सोना | 62800 | ▲ 318 | /10 gm |
| चांदी | 75200 | ▲ 47 | /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 23.00°C
न्यूनतम 11.00°C

## क्विक न्यूज

### बीआरएस विधायक लस्या नंदिता की दुर्घटना में मौत



**हैदराबाद।** तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधायक जी लस्या नंदिता की एक कार एक्सीडेंट में शुक्रवार को मौत हो गई। लस्या नंदिता 37 साल की थीं। वे सिकंदराबाद कैंटोन्मेंट से विधायक थीं। हादसे के वक्त नंदिता एक एसयूवी में सफर कर रही थीं। साथ में ड्राइवर भी था। नंदिता ड्राइविंग सीट के बगल में बैठी थीं। संगारेड्डी जिले में सुल्तानपुर आउटर रिंग रोड पर उनकी कार डिवाइडर से टकरा गई। इससे नंदिता और ड्राइवर को गंभीर चोटें आईं। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ड्राइवर गंभीर रूप से घायल है। फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। इस हादसे से ठीक 10 दिन पहले 13 फरवरी को लस्या नंदिता एक सड़क हादसे में घायल हुई थीं। हालांकि, उनके होम गार्ड की मौत हो गई थी। नंदिता सीएम की एक रैली में शामिल होने के लिए नलगोंडा जा रही थीं। नरकटपल्ली में एक्सीडेंट हुआ था।

### सरकार 54760 टन प्याज एक्सपोर्ट करेगी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को व्यापारियों को प्याज एक्सपोर्ट करने की परमिशन दे दी है। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा, व्यापारी तत्काल प्रभाव से चार देशों में 31 मार्च तक 54,760 टन प्याज एक्सपोर्ट कर सकेंगे। बांग्लादेश को 50000 टन, मॉरीशस को 1200 टन, बहरीन को 3000 टन और भूटान को 560 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी है। सिंह ने कहा, यह निर्णय विदेश मंत्रालय की सिफारिश के बाद लिया गया है। इससे पहले मंगलवार (20 फरवरी) को प्याज के एक्सपोर्ट पर लगी रोक को हटाने की बात से इनकार किया था। उन्होंने कहा था, प्याज की कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए इसके निर्यात पर पहले से घोषित समय सीमा 31 मार्च 2024 तक बैन जारी रहेगा।

### पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मनोहर जोशी का निधन हुआ



**मुंबई।** लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी का शुक्रवार को मुंबई के पीडी हिंदुजा अस्पताल में निधन हो गया। उन्हें उस समय शिवसेना के सौम्य चेहरे के तौर पर जाना जाता था जब पार्टी अपनी उग्र और सड़क की राजनीति के लिए जानी जाती थी। अस्पताल ने बताया कि महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री जोशी (86) को दिल का दौरा पड़ने के बाद 21 फरवरी को अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने शुक्रवार तड़के अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया और इस मौके पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री शरद पवार, सुशील कुमार शिंदे और उद्धव ठाकरे भी मौजूद थे।

### भारत-अमेरिका ने आपसी सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका ने प्रत्यर्पण, छात्रों और पेशेवरों की दोनों देशों में आवाजाही, सुरक्षित एवं कानून प्रवासन तथा महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा जैसे कई मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह चर्चा 11वें द्विपक्षीय राजनयिक संवाद के दौरान हुई। विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव केजे श्रीनिवास के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिकी शिष्टमंडल की मेजबानी की। अमेरिकी दल का नेतृत्व वाणिज्यिक मामलों के ब्यूरो की सहायक विदेश मंत्री, राजदूत रेना बिटर कर रहे थे।

# जाट अखाड़ा हत्याकांड के दोषी कोच को फांसी की सजा

## बच्चे समेत 6 लोगों की हत्या की थी, कोर्ट ने रहम की दलील ठुकराई

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक



**रोहतक** के चर्चित जाट अखाड़ा हत्याकांड में कोर्ट ने 6 कत्ल के दोषी सुखविंदर कोच को फांसी की सजा दे दी है। हत्या के लिए उसे हथियार सप्लाई करने वाले पूर्व फौजी को 3 साल कैद की सजा सुनाई गई है। इससे पहले बुधवार को कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

वहीं दोनों पक्षों के बीच करीब 45 मिनट तक बहस चली थी। बहस में पीड़ित पक्ष के वकील जय हुड्डा ने कोर्ट से आरोपियों को फांसी की सजा सुनाने की पैरवी की थी। उन्होंने कहा कि आरोपी ने जितनी बेरहमी से गुनाह किया है, वह रेयर ऑफ द रेयरेस्ट केस की श्रेणी में आता है। उसने सात लोगों को गोली मारी थी, जिनमें से छह की मौत हो गई। इनमें, महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, हत्यारे कोच सुखविंदर के वकील ने कोर्ट में दया याचिका दायर करते हुए रहम की मांग की थी। दलील में कहा गया कि आरोपी के माता-पिता बुजुर्ग हैं। उसका एक सात साल का बेटा है। पत्नी से तलाक हो चुका है। इसलिए, कोर्ट सजा सुनाने में नरमी दिखाए।

इससे पहले 19 फरवरी को दोनों आरोपियों को कोर्ट ने दोषी करार दे दिया था। पीड़ित पक्ष द्वारा दोनों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए अपील की गई है। दोषी करार दिए गए दोनों आरोपियों में गोलियां मारकर कत्ल करने वाला कोच और उसे हथियार सप्लाई करने वाला शामिल है। जाट कॉलेज अखाड़ा में 12 फरवरी 2021 को 6 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में दोषी करार दिए आरोपियों में सोनीपत जिले के बरोदा का रहने वाला कुश्ती कोच सुखविंदर और उत्तर प्रदेश के जिला मुजफ्फरनगर के गांव राजपुर छाजपुर का रहने वाला पूर्व फौजी मनोज है।

पीड़ित पक्ष के एडवोकेट जय हुड्डा ने बताया कि जाट कॉलेज अखाड़ा हत्याकांड 12 फरवरी 2021 को हुआ था। उस दिन सात लोगों को गोली मारी गई थी।

मुख्य कोच मनोज मलिक, उनकी पत्नी साक्षी मलिक, गांव मांडोठी निवासी कोच सतीश, गांव मोखरा निवासी प्रदीप व महिला पहलवान यूपी के मथुरा निवासी पूजा तोमर की मौके ही मौत हो गई थी। मनोज के बेटे करीब 2 वर्षीय सरताज ने बाद में दम तोड़ दिया था। अखाड़े के बाहर गोली लगने से घायल हुए निडाना निवासी अमरजीत को गंभीर हालत में गुरुग्राम ले जाया गया था। यहां उनकी जान बच गई थी। तभी से जिला अदालत में केस की सुनवाई चल रही थी।

# बिलकिस बानो मामले के दोषी को मिली पैरोल

### पिछले सप्ताह हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था

**एजेंसी।** अहमदाबाद



**गुजरात** उच्च न्यायालय ने बिलकिस बानो मामले के दोषी रमेश चंदना को अपने भतीजे की शादी में शामिल होने के लिए शुक्रवार को 10 दिन की पैरोल की मंजूरी दी। रमेश के भतीजे की शादी पांच मार्च को होनी है। चंदना ने पिछले सप्ताह पैरोल के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। बिलकिस मामले में पैरोल पाने वाला चंदना दूसरी दोषी हैं। इस मामले के सभी 11 दोषियों ने 21 जनवरी को उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद गोधरा शहर की एक जेल में आत्मसमर्पण किया था। सभी 11 आरोपियों को 2002 के गोधरा दंगों के दौरान बिलकिस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में दोषी ठहराया था।

### किसान आंदोलन का 11वां दिन भी हिंसा के नाम रहा

# खनौरी बॉर्डर पर पुलिस-किसानों के बीच लाठीचार्ज-पथराव

## डीएसपी, एसएचओ समेत 24 पुलिसकर्मी घायल

### आंसू गैस के गोले, लाठीचार्ज में 16 किसान भी जख्मी

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**हरियाणा** के हिसार में पुलिस और किसानों के बीच टकराव हो गया। किसान खनौरी बॉर्डर पर पंजाब के किसानों के पास जाना चाहते थे लेकिन पुलिस ने रोक लिया। जिसके बाद लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। यह देख किसानों ने पथराव कर दिया। इस झड़प में 24 पुलिसकर्मी और 16 किसान घायल हो गए। वहीं हरियाणा पुलिस ने आंदोलन कर रहे किसान नेताओं के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई का फैसला वापस ले लिया है। अंबाला रेंज के आइजी शिबास कबिराज ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पहले, अंबाला पुलिस ने कहा था कि प्रदर्शन के दौरान सरकारी संपत्ति को हुए नुकसान की भरपाई आंदोलनकारी किसान नेताओं से की जाएगी। इसके लिए उनकी संपत्ति कुर्क और बैंक खाते सीज किए जाएंगे।

किसान आंदोलन का शुक्रवार को 11वां दिन था। किसान-मजदूर मोर्चा (केएमएम) दिल्ली कूच पर फैसला लेने की बात कही जा रही थी लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई फैसला सामने नहीं आया था। 21 फरवरी को खनौरी बॉर्डर पर युवक शुभकरण की मौत के बाद किसानों ने दिल्ली मार्च को रोक दिया था। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसानों ने शुक्रवार को ब्लैक डे मनाया।

इस बीच, खनौरी बॉर्डर पर मरे बठिंडा के युवा किसान शुभकरण की मां सामने आई है। महिला ने कहा कि वह शुभ की मां है। ससुराल वालों ने झूठ बोला कि मां मर चुकी है। मैं बेटे का मुंह देखना चाहती हूं। महिला ने कहा कि बेटा लगातार उनके संपर्क में था। उनके यहां भी आता था। हम 12-13 साल से अलग रह रहे हैं। जब मैंने सुना कि मुझे मरी हुई बताया जा रहा है तो मैं दौड़ी-दौड़ी आई। मैं चाहती हूं कि बेटे का अंतिम संस्कार किया जाए। बता दें कि शुभ के परिवार और किसान संगठनों ने उसकी मौत के जिम्मेदार लोगों पर एफआइआर होने तक अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।

हरियाणा में हिसार के खेड़ी चौपटा में पुलिस की लाठीचार्ज के बाद भड़के किसानों ने पुलिस पर पत्थर बरसाए। दसके बाद नजदीक ही खेड़ी चौपटा पुलिस चौकी पर भी ईंटें बरसाई। पुलिस कर्मियों ने छिप कर जान बचाई। चौकी की खिड़कियों के शीशे भी टूटे हैं। किसानों को रोकने के लिए पुलिस ने पहले आंसू गैस के गोले छोड़े और बाद में लाठी चार्ज करना पड़ा। प्रारंभिक सूचना यही है कि पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए उनके ट्रैक्टरों की हवा निकाल दी। किसान इससे भड़क गए और पथराव शुरू कर दिया। पुलिस की गाड़ियों में भी तोड़ फोड़ की गई। पुलिस चौकी में भी पथराव किया गया है।

### किसान की मौत की जांच हो : सुनील जाखड़

**पंजाब** भाजपा के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने कहा कि युवा किसान शुभकरण सिंह की मृत्यु अत्यंत दु:खद है। परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। पूरा पंजाब उनके परिवार के साथ खड़ा है। उनकी मौत के लिए जिम्मेदार लोगों को सामने लाने के लिए जांच होनी चाहिए और सच्चाई सबके सामने आनी चाहिए। मैं ऐसी दुर्घटना दोबारा होने से रोकने के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करता हूं। क्योंकि, हमारे हजारों शुभचिंतक अभी भी विरोध स्थल पर मौजूद हैं। दोनों पक्षों को याद रखना चाहिए कि हर जीवन कीमती है। जहां सरकारों और सुरक्षा बलों को शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन की अनुमति देने के लिए संयम और संवेदनशीलता दिखानी चाहिए, वहीं किसान संगठनों को भी हमारे युवाओं के जुनून और ऊर्जा का उपयोग करना चाहिए। इस आंदोलन के नेताओं को यह समझना चाहिए कि हमारे युवा हमारे देश की पूंजी हैं और उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी भी नापाक राजनीतिक उद्देश्यों के लिए युवाओं का दुरुपयोग न किया जाए। सभी मांगों का हल बातचीत से ही निकलेगा और दोनों पक्षों को बातचीत के जरिए ही हल निकालने के लिए आगे बढ़ना चाहिए।

### प्रदेश के किसानों को राहत, 1739 करोड़ ब्याज शुल्क माफ

**चंडीगढ़।** हरियाणा-पंजाब बॉर्डर पर दिल्ली कूच के लिए डटे किसानों के आंदोलन के बीच हरियाणा सरकार ने किसानों को बड़ी राहत दी है। प्रदेश के 5.43 लाख किसानों को 1739 करोड़ रुपये का ब्याज और जुर्माना नहीं देना होगा। प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) के जरिए 30 सितंबर 2023 तक लिए फसली ऋण का मूलधन 31 मई 2024 तक भुगतान करने पर किसानों को ब्याज व जुर्माना राशि की माफी की घोषणा सीएम मनोहर लाल ने की है। इस फैसले से किसान खरीफ सीजन 2024 के लिए पैक्स से फसली ऋण प्राप्त करने के पात्र होंगे। पैक्स के फसली ऋणी किसानों की संख्या लगभग 5,43,900 है। उन पर 2140 करोड़ रुपये का कर्ज है।

# संदेशखाली मामला: एनएचआरसी की टीम अब पहुंची प. बंगाल

## भाजपा टीम को जाने से रोका, लॉकेट चटर्जी हिरासत में

### आठ दिन में दूसरी बार भाजपा डेलिगेशन रोका

**एजेंसी।** कोलकाता



**पश्चिम** बंगाल के उत्तर 24 परगना स्थित संदेशखाली में महिलाओं के यौन शोषण का मामला गरमाया हुआ है। शुक्रवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की टीम संदेशखाली पहुंची। ये टीम पीड़ित महिलाओं से मुलाकात करेगी। इससे पहले भाजपा की महिला टीम को संदेशखाली जाने से पुलिस ने रोक दिया था।

भाजपा टीम की अगुआई भाजपा सांसद लॉकेट चटर्जी कर रही थीं। डेलिगेशन और पुलिस के बीच बहस भी हुई। इसके बाद लॉकेट को हिरासत में ले लिया गया। इससे पहले 16 फरवरी को भी केंद्रीय मंत्री और महिला सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को संदेशखाली नहीं जाने दिया गया था। वहीं, संदेशखाली के बर्माजुर गांव में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रदर्शन किया। इसके लिए सुप्रतिम सरकार (एडीजी, साउथ बंगाल) और भास्कर मुखर्जी (डीआइजी, बारासात रेंज) को भेजा गया है।

ईडी ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के फरार नेता शाहजहां शेख पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया है। ईडी ने राशन घोटाले में बंगाल में छह ठिकानों पर छापेमारी भी की है। एक शख्स अरूप सोम के यहां भी ईडी की टीम पहुंची। अरूप पहले सरकारी नौकरी में था, अब मछली का धंधा करता है। इससे पहले 22 फरवरी को ईडी ने शाहजहां को नया समन जारी किया था। इसमें कहा था कि वह 29 फरवरी को जांच के लिए मौजूद रहे। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 मार्च को पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना जिले के संदेशखाली जा सकते हैं। वे यहां यौन उत्पीड़न की शिकार महिलाओं से बात कर सकते हैं। बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने बीते गुरुवार को इसकी जानकारी दी थी।

बंगाल भाजपा प्रमुख सुकांत मजूमदार ने 22 फरवरी को राज्यपाल सीवी आनंद बोस से मुलाकात की थी। इससे पहले उन्होंने प्रदर्शन किया था, उनकी गिरफ्तारी हुई, बाद में निजी मुचलके पर रिहा कर दिया गया। बालूरघाट से सांसद सुकांत ने बताया- मैंने राज्यपाल को पूरे घटनाक्रम के बारे में बताया, जिस तरह से एक सांसद के साथ बर्ताव किया गया, गवर्नर ने इस पर चिंता जताई।



### सोनिका भदौरिया ने फरीदाबाद के विकास संग लिए सात फेरे

फरीदाबाद। देवों के देव महादेव की पार्वती सोनारिका भदौरिया अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड विकास पाराशर के साथ शादी के बंधन में बंध गई हैं। विकास के पिता संजीव पाराशर फरीदाबाद की जानी मानी हस्ती हैं। सोनिका-विकास ने साल 2022 में धूमधाम से सगाई की थी। इसके बाद अब दोनों ने राजस्थान के रणथंभौर में एक दूसरे के साथ शाही अंदाज में सात फेरे लिए। उनकी शादी में सिर्फ उनके करीबी और खास दोस्त शामिल हुए। जैसे ही सोनारिका ने अपनी शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की तो लोगों ने उन पर प्यार लुटाना शुरू कर दिया। दरअसल, टीवी की पार्वती ने अपनी शादी के खास दिन के लिए लाल रंग का जोड़ा चुना। लाल रंग में उन्हें देखकर लोगों ने उनकी तस्वीरों पर जमकर प्यार लुटाया। जहां एक तरफ आजकल अभिनेत्रियां शादी के लिए पेस्टल रंग को चुन रही हैं, वहीं दूसरी तरफ सोनारिका ने शादी के लिए चटक लाल रंग चुना। उनका ये लुक बेहद खास था।

# फरीदाबाद से एमपी टिकट के लिए केपी, विपुल और राजेश रेस में ?

### विपुल गोयल और राजेश नागर ने लगा रखा ऐड़ी चोटी का जोर

**सुधीर बैसला।** चंडीगढ़



**हिंदुत्व** और राष्ट्रवादी जनता इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश का नेतृत्व देना चाहती है। देश का माहौल ऐसा संकेत देता है। सब लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे हैं। फरीदाबाद लोकसभा सीट पूर्व की तरह अबकी बार भी हॉट बनी हुई है। यहां के सांसद विगत में पीएम नरेंद्र मोदी की आंधी में अच्छे मार्जन से विजयी हुए थे। पीएम नाम की आंधी अब फिर बरकरार है। ऐसे में भाजपा हाइकमान जिसे टिकट देगा, वही विजयी रहेगा। फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से कृष्णपाल गुर्जर के अलावा टिकट के दावेदारों में तिगांव के भाजपा विधायक राजेश नागर और पूर्व कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल का नाम भी बताया जा रहा है। एक चर्चा और भी है कि पूर्व सांसद अवतार भड़ाना भाजपा में आने की जुगत लड़ा रहे हैं। हालांकि भड़ाना पार्टी में तभी शामिल होंगे, जब उन्हें फरीदाबाद लोस से टिकट देने का वादा किया जाएगा।

खैर। टिकट किसे मिलेगी, राजनीतिक गलियारों में असली चर्चा ये है। हरियाणा के उद्योगमंत्री रहे विपुल गोयल की विगत विधानसभा चुनाव में ऐन वक्त पर किसी कट्टर दुश्मन ने टिकट कटवा दी थी। तब से वे तिलमिलाए हुए हैं। वे केंद्र-राज्य में पूरे पांच साल अपनी पैठ बनाने में लगे रहे। अब उन्हें ऐसा लग रहा है कि फरीदाबाद से एमपी की टिकट उन्हें मिल जाएगी। ऐसा सोचकर विपुल ने लोस क्षेत्र के लगभग अधिकांश हिस्सों में अपने होर्डिंग बैनर लगवा रखे हैं। विपुल अपने समर्थकों से यही कह रहे हैं कि आपके भाई को टिकट मिलेगी। इसीलिए तैयारी में कोई कसर न रह जाए।

### गुपचुप तरीके से अवतार भड़ाना भी मांग रहे भाजपा की टिकट

दूसरे दावेदार है, तिगांव के विधायक राजेश नागर। राजेश नागर की पहचान प्रदेश में ईमानदार विधायक के रूप में होती है। मुख्यमंत्री मनोहरलाल राजेश नागर को खूब तवज्जो दे रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि राजेश नागर ने एमपी की टिकट पाने के लिए हर जगह चौसर बिछा रखी है। जैसा, वे समर्थकों को बता रहे हैं, उनके मुताबिक टिकट देने में दखलअंदाजी करने वाले लगभग सब नेताओं ने उन्हें (राजेश नागर) टिकट दिलाने की बात कही है। हालांकि नागर स्वयं अभी सीएम की तरफ से आश्वस्त नहीं है।

तीसरे अदृश्य दावेदार हैं, प्रसिद्ध नेता अवतार सिंह भड़ाना। अवतार सिंह भड़ाना की छवि भी मतदाताओं के बीच ईमानदार नेता के रूप में होती है। अवतार भड़ाना फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से तीन और यूपी से एक बार सांसद रह चुके हैं। बताया जा रहा है कि भड़ाना के अनंगपुर और दिल्ली स्थित निवास पर दो से तीन बार संघ पदाधिकारियों की बैठक हो चुकी। अवतार भड़ाना भाजपा ज्वाइन करना चाहते हैं लेकिन इसी शर्त पर कि उन्हें फरीदाबाद से एमपी की टिकट मिले।

अब क्षेत्र में जगह-जगह चर्चा यही है कि यदि टिकट राजेश नागर, विपुल गोयल, अवतार भड़ाना में से किसी एक को मिलती है तो फिर मौजूदा सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर कहा जाएंगे। क्या उन्हें घर बैठाया जाएगा। कद्दावर गुर्जर को टिकट न देकर किसी अन्य चेहरे को सामने लाने के मायने क्या होंगे। वैसे राजनीतिज्ञ कहते हैं कि भाजपा में किसी के साथ भी कुछ भी संभव है, जैसा कि विपुल गोयल का विगत चुनाव में टिकट काटकर नरेंद्र गुप्ता को दे दिया गया था।

दूसरे राज्यों में जो हो चुका, वह बानगी भी भाजपा को समझने के लिए काफी है। एमपी टिकट की रेस में शामिल विपुल गोयल, राजेश नागर क्षेत्र में घूम घूमकर यही कह रहे हैं कि कृष्णपाल गुर्जर को इस बार टिकट नहीं मिलेगी। कई कार्यक्रमों में कृष्णपाल गुर्जर से उनके समर्थक भी टिकट पर बने संशय को लेकर सवाल कर रहे हैं, जिनका जवाब केंद्रीय राज्यमंत्री फिलवक्त यही कहकर दे रहे हैं, **भई, जिनकी टिकट कटा करती है, उन्हें भनक तक नहीं लगती। ये बेवजह का शोर मुझे और पोपुलर कर रहा है।**

# तिगांव को सबडिविजन बनाने पर नागर ने जताया आभार



**फरीदाबाद।** तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने सीएम मनोहर लाल से मिलकर उनका आभार जताया। नागर ने कहा कि आपने एक मांग पर क्षेत्र की जनता की भावनाओं का सम्मान कर सभी का दिल जीत लिया है। एक दिन पहले ही विधायक राजेश नागर ने विधानसभा सत्र में तिगांव को अलग सबडिविजन बनाने की मांग रखी थी। उसी दिन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दोपहर बाद के सत्र में उनकी मांग पर मोहर लगा दी थी। अब तिगांव अलग सब डिविजन होगी। जिसका अपना एसडीएम होगा और क्षेत्र के प्रशासनिक एवं वाणिज्यिक कार्य वहीं हो सकेंगे। जिसमें प्रॉपर्टी रजिस्ट्री का बड़ा काम है।

विधायक राजेश नागर ने सीएम मनोहर लाल को कहा कि क्षेत्र की जनता की मांग को आप जिस गति से स्वीकार करते हैं, वैसे पहले कभी किसी सीएम को करते नहीं देखा गया। इससे जनता गदगद है। लेकिन उसी दिन मंजूरी देकर आपने सभी के दिलों को जीत लिया है।

# मुख्यमंत्री का बजट दूरदर्शी, सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी : राजकुमार वोहरा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल द्वारा बतौर वित्तमंत्री पेश किये गए एक लाख 89 हजार करोड़ रुपये के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने बजट को प्रदेश की जनता के विकास और उनकी आकांक्षाओं को पूर्ण करने वाला एवं विकसित भारत - विकसित हरियाणा के सपने को साकार करने वाला बजट बताया। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल द्वारा पेश किया गया बजट दूरदर्शी, सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी बजट है, जो पिछले साल की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है और मनोहर लाल ने प्रदेश की जनता पर किसी नए कर का भार भी नहीं डाला है।

जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कहा कि केंद्र सरकार की तरह प्रदेश का बजट गरीब, किसान, युवा और महिला के समग्र विकास पर आधारित बजट है। बजट में हरियाणा के पांच लाख 47 हजार किसानों के कर्ज के ब्याज और पेनल्टी माफी, बजट में आठ नए राजकीय पशु अस्पताल और 18 नए राजकीय पशु औषधालय और 70 मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयों और छह नए बोटोनिकल गार्डन विकसित करने का ऐलान सराहनीय कदम है। बजट में सिंचाई एवं जल संसाधन क्षेत्र के लिए 30 प्रतिशत अधिक बजट का प्रावधान और मिशन 60,000 के तहत, 60,000 युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर प्रदान करने का लक्ष्य तय किया गया है। सूर्योदय योजना के तहत मध्यम वर्ग और गरीब लोगों को दो किलोवॉट के सोलर पैनल के लिए 60,000 रुपये की सब्सिडी और 1.80 लाख तक की आय वाले एक लाख गरीब परिवार, जिनकी औसत मासिक बिजली खपत 200 यूनिट तक है। 50,000 रुपये तक की अतिरिक्त सहायता योजना शुरू करने का प्रस्ताव किया गया है। स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा और आयुष क्षेत्रों के बजट को 23.89 प्रतिशत बढाकर 9,579.16 करोड़ रुपये आवंटित करने का कार्य किया है।

## मनोहर बजट से हरियाणा को मिलेगी नई गति : अरोड़ा



हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट को भाजपा के जिला सचिव गोल्डी अरोड़ा ने हर वर्ग के उत्थान का बजट बताया है। उन्होंने कहा कि बजट में मनोहर सरकार ने किसानों के कर्जे पर लगाए गए ब्याज व पैनल्टी को माफ करने की घोषणा करके उन्हें राहत देने का काम किया है।

वहीं इस बजट में हर वर्ग के हितों का खास ख्याल रखा गया है। गोल्डी अरोड़ा ने कहा कि मनोहर सरकार के इस बजट ने हरियाणा एक-हरियाणवीं एक के नारे को सार्थक किया है और यह बजट लोगों के उत्थान का बजट है। उन्होंने कहा कि बजट में बिल्डरों, उद्योगपतियों, दुकानदारों, छोटे व्यापारियों के लिए भी काफी कुछ है और कुल मिलाकर यह बजट प्रदेश की जनता का मन मोहने वाला बजट कहा जाए तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी और इस बजट से हरियाणा और प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा।

## खट्टर द्वारा प्रस्तुत बजट हरियाणा का आखिरी बजट : भड़ाना



**भारतीय** जनता पार्टी और खट्टर सरकार द्वारा हरियाणा में जो बजट पेश किया गया, वह हरियाणा का आखिरी बजट होगा। हरियाणा पर चार लाख करोड़ से अधिक कर्ज की जिम्मेदार भाजपा सरकार है। हरियाणा के बच्चों पर एक लाख कर्जदार बनाने में खट्टर सरकार जिम्मेदार है। खट्टर सरकार में किसान परेशान, युवा बेरोजगार, हरियाणा को बेरोजगारी में नंबर वन बनाने में खट्टर सरकार जिम्मेदार है। -**धर्मवीर भड़ाना, आप**

# प्रधानमंत्री मोदी ने पूरी दुनिया में बजाया योग का डंका : गुर्जर

### स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती और स्वामी दयानंद की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में मानव रचना में आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हर घर परिवार सूर्य नमस्कार**







**केंद्रीय** राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि एक फरवरी से 20 फरवरी के मध्य स्वामी विवेकानंद जयंती व महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित हुए हर परिवार सूर्य नमस्कार कार्यक्रम ने अपनी चरम सीमा को प्राप्त करते हुए सफलता की प्राप्ति की है। इसी कड़ी में हरियाणा योग आयोग द्वारा मानव रचना शैक्षणिक संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय कार्यक्रम मानव रचना विश्वविद्यालय फरीदाबाद में आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, खेल विभाग, पतंजलि योग समिति, ओम योग संस्थान के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने शिरकत की तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य ने की।

गुर्जर ने हरियाणा योग आयोग द्वारा हर घर द्वार तक योग, सूर्य नमस्कार पहुंचाने की इस मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि योग स्वास्थ्य हेतु महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास है। प्रधानमंत्री के स्वस्थ एवं समृद्ध भारत के स्वप्न को पूरा करना है, जिसमें योग एक महत्वपूर्ण बिंदु है और हरियाणा में इसके प्रचार -प्रसार का कार्य हरियाणा योग आयोग बखूबी कर रहा है। यदि हम भारत को विकसित भारत के रूप में देखना चाहते हैं तो योग को घर-घर तक पहुंचाना ही होगा। हर घर, हर व्यक्ति स्वस्थ होना आवश्यक है। न केवल स्वास्थ्य क्षेत्र में अपितु शिक्षा के क्षेत्र में भी इसे आगे बढ़ाया जाए। योग करने के लिए छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि योग से शरीर स्वस्थ्य रहता है और मानसिक तौर पर भी लाभ होता है, इसलिए नियमित योग करें। सूर्य नमस्कार और योग को अपने जीवन में अपनाने का निर्णय लें।

उन्होंने बताया कि 22 जिलों के लगभग 5000 गांवों में 10 हजार से अधिक विद्यालयों, महाविद्यालयों, व्यायामशालाओं, वार्डों, पुलिस, सेना, अर्धसैनिक बलों ने हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान में 21 लाख से अधिक की भागीदारी की। योग, सूर्य नमस्कार जनमानस की जीवन पद्धति का हिस्सा बन पाए, इसको लेकर हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री महोदय एवं माननीय गृह, स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री निरंतर प्रयासरत रहते हैं। इसके चलते हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा योग आयोग का गठन किया गया है, जिसके माध्यम से योग को जन आन्दोलन के रूप में लेकर हरियाणा योग आयोग नियमित रूप से योग शिक्षण-प्रशिक्षण, शोध, योगासन खेल, मिलिट्री, पैरामिलिट्री योग प्रोटोकॉल निर्माण तथा योग चिकित्सा के क्षेत्र में प्रभावी कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष के साथ सभी ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया साथ ही योगासन की प्रस्तुती भी दी गई। हजारों बच्चों ने इसमें भागीदारी की, इसके साथ-साथ हरियाणा योग आयोग द्वारा प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। मंच संचालन जयपाल शास्त्री एवं मैडम दीक्षा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी मनीषा लांबा, हरियाणा योग आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. रोशन लाल, रजिस्ट्रार डॉ. राजकुमार, पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. हरीश चंद्र, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के राज्य प्रभारी ईश आर्य, डॉ. एनसी वाधवा फरीदाबाद, योगाचार्य ओमप्रकाश, अध्यक्ष, ओम योग संस्थान, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी अंकुर आदि मौजूद थे।

## हर गांव पहुंचाना है योग : जयदीप

**कार्यक्रम** की अध्यक्षता करते हुए हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य ने कहा कि इस अभियान का लक्ष्य था हरियाणा के हर गांव तक पहुंचना और यह अपने लक्ष्य तक पहुंचा भी है। हमारे लिए गर्व की बात है कि हरियाणा राज्य द्वारा आयोजित किये जा रहे सूर्य नमस्कार अभियान का अनुसरण करते हुए गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश जैसे अन्य राज्य भी इसका आयोजन करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार एक सम्पूर्ण व्यायाम है और एक स्वस्थ शरीर ही समृद्ध समाज का निर्माण कर सकता है। डॉ अमित भल्ला ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी को बधाई देते हुए आभारत जताया।

# कूड़े में मिला नवजात बच्ची का शव

### बच्चों ने दी सूचना, 10 हजार के इनाम का ऐलान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**एयरफोर्स** रोड पर पड़े कूड़े के ढेर में एक नवजात शिशु का शव मिला है। सूचना के बाद मौके पर पुलिस टीम और फॉरेंसिक टीम पहुंची। शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच में पुलिस जुट गई है। दो दिन की मासूम बच्ची का शव मिलने की सूचना जैसे ही आसपास के लोगों को लगी तो मौके पर भीड़ जमा हो गई।

जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार की सुबह कचरा बीनने आए बच्चों ने आसपास के लोगों को सूचना दी कि कूड़े के ढेर में मरा हुआ बच्चा पड़ा हुआ है। एयरफोर्स रोड निवासी बबलू ने बताया कि डबुआ और ओडिया कॉलोनी के बीच में पड़ने वाले नाले में के पास नवजात बच्ची के शव को कोई फेंक गया था। जिसके बाद वहां कूड़ा बीनने आए बच्चों ने यह जानकारी आसपास के लोगों को दी। इसके बाद वे लोग वहां पर पहुंचे और इस बारे में पुलिस को सूचना दी।

उन्होंने बताया कि मौके पर पुलिस पहुंची और बच्ची के शव को कब्जे में लेकर बीके अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार मृत नवजात बच्ची दो दिन की है। डबुआ थाना इंचार्ज इंस्पेक्टर विद्यासागर का कहना है कि उनको इस बारे में जानकारी मिली थी। जिस पर उन्होंने एफ़आइआर दर्ज कर ली गई है और टीम बना दी गई है। इसके साथ ही उन्होंने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि यदि इस बच्चे का सुराग कोई भी लाकर देगा तो उसको 10,000 रुपये का इनाम दिया जाएगा और उसकी पहचान गुप्त रखी जाएगी।

# विचाराधीन बंदी के तोड़े हाथ-पैर

### दर्जनभर बदमाशों ने जेल से बाहर आते ही दिया वारदात को अंजाम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बदमाशों** ने जमानत पर बाहर आए विचाराधीन कैदी पर जानलेवा हमला कर दिया और उसके हांथ पांव तोड़ दिए। घायल विचाराधीन कैदी को फरीदाबाद के बादशाह खान सिविल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

विचाराधीन कैदी जीत शर्मा के मुताबिक उसके भाई उमेश का बीते दो नवंबर को सूरजकुंड इलाके में तिगांव के रहने वाले अशोक, तरुण और योगेश के साथ झगड़ा हो गया था। इस झगड़े की खबर उसके बड़े भाई उमेश ने उसे फोन कर दी थी, जिसके बाद वह अपने भाई उमेश को बचाने के लिए पहुंचा था। इस दौरान झगड़े में अशोक को गंभीर चोट आई थी, जिसके चलते पुलिस ने उमेश और उसके खिलाफ धारा 307 के तहत मुकदमा दर्ज किया था और वह दोनों भाई 11 दिसंबर से जेल में बंद थे।

उसकी मां अनीता और पिता अनिल शर्मा उसकी जमानत कराने के बाद देर शाम लगभग 7.30 बजे जेल से बाहर निकले थे। वह जैसे ही जेल से कुछ दूर पर पहुंचे और एक छोटा हाथी को हाथ देकर रुकने का इशारा किया कि तभी पीछे से लगभग दो-तीन गाड़ियों में लाठी डंडे, सरियों और हॉकी लेकर आए दर्जन भर बदमाशों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में बदमाशों ने उसके हांथ पांव तोड़ दिए और उनकी मां अनीता को भी काफी गंभीर चोट आई है। घटना के बाद उनके पिता अनिल ने पुलिस को मामले की जानकारी दी थी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर उन्हें अस्पताल में इलाज के लिए भिजवाया। वहीं, इस हमले के बाद जीत शर्मा के माता-पिता काफी सदमे में है। उनका कहना है कि वह लोग दिल्ली के लाल कुआं के रहने वाले हैं। उनका बेटा जीत शर्मा दिल्ली यूनिवर्सिटी में बीकॉम का थर्ड ईयर का छात्र है। बड़ा बेटा उमेश मानेसर में एक कंपनी में काम करता है।

# बल्लभगढ़ में माई सिटी माई रन प्री मैराथन रेस

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**बल्लभगढ़** अंबेडकर चौक से माई सिटी माई रन प्री मैराथन रेस का आयोजन किया गया। जिसका समापन सेक्टर-3 स्थित कम्युनिटी सेंटर पर हुआ। भाजपा नेता टिपर चंद और एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद ने हरी झंडी दिखाकर प्री मैराथन रेस की शुरुआत की।

माई सिटी माई रन प्री मैराथन चार किलोमीटर की यह रेस सुबह बल्लभगढ़ अंबेडकर चौक से शुरू होकर बल्लभगढ़ मेन मार्केट से होते हुए सेक्टर-3 स्थित सामुदायिक भवन पर आकर खत्म हुई। इस दौड़ में जिला प्रशासन के आह्वान पर बच्चों महिलाओं, युवाओं सहित आमजन ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

माई सिटी माई रन प्री मैराथन जिला में तीन मार्च को आयोजित होने वाली हाफ मैराथन में भाग लेने के लिए लोगों को जागरूक करने और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत करने के उद्देश्य से की गई। तीन मार्च को आयोजित होने वाली हाफ मैराथन में अलग-अलग श्रेणियों के हजारों धावक भागीदारी करेंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल फरीदाबाद हाफ मैराथन में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन कर विजेताओं को इनाम दिया जाएगा।

# कॉलेज में सांस्कृतिक उत्सव उल्लास का हुआ समापन



**फरीदाबाद।** प्राचार्य डॉ. रुचिरा खुल्लर के मार्गदर्शन में जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में हरियाणा कला परिषद, रोहतक और यूथ रेडक्रॉस के सहयोग से, उच्च शिक्षा निदेशालय हरियाणा, पंचकूला द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव उल्लास का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विक्टोरिया ऑटो, जुनेजा फाउंडेशन और इंपीरियल ऑटो द्वारा सह-प्रायोजित था। डॉ. भूपेंद्र मल्होत्रा इस कार्यक्रम के संयोजक और डॉ. दीपिका लोगानी सह-संयोजक थे। डॉ. सीएस वशिष्ठ, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय तिगांव इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। प्रसिद्ध हरियाणवी गायिका शिवा चौधरी इस कार्यक्रम में स्टार कलाकार थीं।

# उद्योगपति आशीष जैन ने बच्चों के साथ केक काटा



**फरीदाबाद।** शहर के प्रसिद्ध युवा उद्योगपति व अल्फा अभिराशी ग्रुप के डायरेक्टर आशीष जैन ने सुबह अपने और अपनी स्वर्गीय माता जया कोठारी के जन्मदिन पर बीके अस्पताल में गरीब मरीजों में फल बांटे। इसके पश्चात वे अपने परिवार सहित दो नंबर स्थित ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम गए और वहां बुजुर्गों को फल बांटे और उनके साथ समय बिताकर उनसे आशीर्वाद लिया। आशीष जैन इसके पश्चात दो नंबर में ही स्थित बच्चों के अनाथालय गए। जिनको न अपनी माता का पता है और न पिता का। आशीष जैन ने परिवार सहित इन बच्चों के साथ केक काटा और अपने हाथ से बच्चों को केक खिलाया तथा चॉकलेट व टॉफियां दीं। इस अवसर पर आशीष जैन ने कहा कि मेरी स्वर्गीय माता जया कोठारी ने हमेशा मुझे बेसहारा और गरीब लोगों की मदद करने की प्रेरणा दी, उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए ऐसे कार्य पर निकला, जिससे मेरी माताजी की आत्मा भी प्रसन्न होगी। उन्होंने कहा कि अगर संपन्न परिवार के लोग अपने जीवन में से थोड़ा सा समय निकालकर अनाथ बच्चों और बुजुर्गों के साथ बिताएंगे तो यह अनाथ और बेसहारा नहीं कहलाएंगे।


## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं. -7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं.-9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103





**गनीमत है यही अपना बचाकर सर चला आया**
**मगर सच ये भी है कि साथ में इक डर चला आया**
**बड़ी लंबी कतारें थीं वहाँ बस झूठ बिकता था**
**मैं अपना सच लिए चुपचाप अपने घर चला आया**

# दोषी साबित होने पर बिल्डर पर हो सख्त कार्रवाई

### 14 में से पांच मामले रहे लंबित, अन्य मामलों का मौके पर ही किया निपटारा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**फरीदाबाद** मंडल आयुक्त रमेश चंद्र बिढाण की अध्यक्षता में शुक्रवार को फरीदाबाद में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक सेक्टर-12 स्थित एचएसवीपी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित की गई। इस बैठक में कुल 14 परिवाद रखे गए, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया।

मीटिंग में 14 परिवाद रखे गए जिनमें से नौ परिवादों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। राम प्रकाश पुत्र सुरेश चंद की शिकायत के संबंध में फरीदाबाद मंडल आयुक्त ने एडीसी को जांच के निर्देश दिए गए।

बल्लभगढ़ निवासी शारदा देवी को उसके मकान पर कब्जा मिल चुका है, लेकिन दोषी व्यक्ति द्वारा बिजली का बिल न भरने के कारण उसके घर पर बिजली मीटर नहीं लग पा रहा जिस पर संज्ञान लेते हुए फरीदाबाद मंडल आयुक्त रमेश चंद्र बिढाण ने बिजली बोर्ड को निर्देश दिए कि पुराने बिल की वसूली दोषी व्यक्ति से की जाए और महिला के नाम पर नया मीटर लगाना सुनिश्चित किया जाए। जगदीश पुत्र आशा राम की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम बड़खल को केस के जांच की जिम्मेदारी सौंपी।

सुभाष लांबा की शिकायत पर रमेश चंद्र बिढाण ने निर्देश दिए कि मामले का निपटारा हेड क्वार्टर लेवल पर होगा और एचएसवीपी को रिकॉर्ड सही करने और सीवर कनेक्शन की जांच के आदेश दिए। हरिचंद की शिकायत पर एमसीएफ को तुरंत संज्ञान लेते हुए ट्यूबवेल लगाने और पानी का उचित प्रबंध करने के आदेश दिए गए।

रश्मि सिंह पत्नी अरुण कुमार सिंह की शिकायत पर मालिक और बिल्डर के बीच जमीनी विवाद पर टिप्पणी करते हुए कहा कि बिल्डर और पीड़ित को आमने सामने बुला कर मामले की जांच की जाए। अगर बिल्डर के खिलाफ सबूत मिलते हैं तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, बिल्डर के आगामी सारे कार्य तुरंत प्रभाव से रोक दिए जाएं।

इस अवसर पर बीजेपी जिला अध्यक्ष राज कुमार वोहरा, उपायुक्त विक्रम सिंह, एडीसी आनंद शर्मा, नगर निगम आयुक्त ए मोना श्रीनिवासन, डीसीपी सेंट्रल श्रीमति जसलीन कौर, एचएसबीपी प्रशासक डॉ. गरिमा मित्तल, जिला परिषद् चेयरमैन विजय लोहिया, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बड़खल अमित मान, सीटीएम अंकित कुमार सहित अन्य विभागाध्यक्ष व परिवेदना समिति के सरकारी, गैर सरकारी सदस्यगण मौजूद रहे।

# जाट संस्था के महा रक्तदान शिविर का आयोजन 25 को

**फरीदाबाद।** जाट संस्था फरीदाबाद व हरियाणा युवा संघ फरीदाबाद के तत्वावधान में 25 फरवरी को प्याली चौक स्थित जाट संस्था की धर्मशाला में एक महा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर एक बैठक का आयोजन हरियाणा युवा संघ के कार्यालय पर किया गया। उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए हरियाणा युवा संघ फरीदाबाद के संस्थापक अनिल दहिया ने बताया कि 25 फरवरी को जाट संस्था फरीदाबाद व हरियाणा युवा संघ फरीदाबाद के तत्वावधान में एक महा रक्तदान शिविर प्याली चौक स्थित जाट संस्था की धर्मशाला में लगाया जाएगा। इस अवसर पर जाट संस्था फरीदाबाद व हरियाणा युवा संघ फरीदाबाद के सदस्यों के अलावा शहर के अलग-अलग हिस्सों से लोग आकर रक्तदान करेंगे। साथ ही शिविर के आयोजन के संदर्भ में कॉलेज के छात्र-छात्राओं को भी विशेष तौर पर आमंत्रित किया है।


## मृतक की पहचान



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि दिनांक 21.02.2024 को समय करीब शाम 06.00 बजे नियर कटपुल, सेक्टर 29, फरीदाबाद, आगरा कनाल नहर व गुरुग्राम कनाल नहर के बीच में एक नामपता नामालूम व्यक्ति का शव मृत अवस्था में पेड़ पर लटका हुआ मिला है, जिसकी नाश को शिनाख्त हेतु बी.के. अस्पताल फरीदाबाद की मोर्चरी में रखवाया गया है, जिसका हुलिया रंग गेंहुआ, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट-पुष्ट शरीर, कद 6 फुट है, जिसने नेवी ब्लू रंग जैकेट, काले रंग का लोअर व पैरों में लाईट ग्रे रंग के जूते व लाईट ग्रे रंग के जुराब पहने हुए है, मुकदमा नम्बर 19 दिनांक 21.02.2024 धारा 174 सी.आर.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को नामपता नामालूम व्यक्ति की नाश के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**प्रबन्धक अफसर थाना सेक्टर 31, फरीदाबाद : 9582200122**
**इन्चार्ज पुलिस चौकी सेक्टर 28, फरीदाबाद : 9582200140**
**अनुसन्धान अधिकारी : 9467959957**

# जीजीडीएसडी कॉलेज के रोजगार मेले में 39 युवा शॉर्टलिस्ट

### एडीसी डॉ. ब्रह्मजीत रांगी ने युवाओं को दिए स्व रोजगार स्थापित करने के टिप्स




पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**जिला** रोजगार विभाग पलवल की ओर से गोस्वामी गणेशदत्त सनातन धर्म कॉलेज में रोजगार मेला व मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। मेले व सेमिनार का शुभारंभ अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रह्मजीत रांगी ने किया।

एडीसी ने सेमिनार हॉल में मौजूद युवाओं को स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें अपनी पढ़ाई के साथ-साथ स्किल पर भी ध्यान देना चाहिए। वहीं एडीसी रांगी ने स्वीप कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को अपना वोट बनवाने के साथ-साथ अपने मत का प्रयोग करने के लिए भी जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कंपनियों से आए प्रतिनिधियों से भी बातचीत की। इस रोजगार मेले में सुपर ऑटो इंडिया लिमिटेड, इनोवेशन प्राइवेट लिमिटिड, एलआईसी इंडिया, पुखराज हेल्थ केयर, फ्रीडम एंप्लोएबिलिटी अकेडमी, आईसीआईसीआई बैंक, महारानी पेंट आदि कंपनियों ने भाग लिया। रोजगार मेला कम मोटिवेशनल कैंप में कुल 93 प्रार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई, जिसमें से 39 प्रार्थियों को कंपनियों द्वारा मौके पर ही शॉर्टलिस्ट कर लिया गया।

जिला रोजगार अधिकारी शक्तिपाल ने बताया कि इस रोजगार मेले में फरीदाबाद व पलवल औद्योगिक क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों ने भाग लिया। कंपनियों द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए उनका साक्षात्कार के आधार पर चयन किया गया। उन्होंने बताया कि जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक कार्यालय द्वारा विभिन्न बैंकों से दिए जाने वाले ऋण संबंधित योजनाओं की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी गई है। रोजगार के अलावा युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए आईटीआई की विभिन्न ट्रेडों के बारे में भी बताया गया। वहीं कॉलेज प्रबंधन समिति की तरफ से कार्यक्रम में आए अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत व आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी शक्तिपाल, सहायक रोजगार अधिकारी डॉ. नेहा सिंह, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक ओमप्रकाश, बागवानी विभाग के बीएचसी योगेश कुमार, आईटीआई से इंस्ट्रक्टर उदय सिंह, एमएसएमई से डीआरपी ओमप्रकाश, गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के प्रबंधन समिति के प्रधान महेंद्र कालड़ा, प्रिंसिपल डॉ. नरेश कुमार, प्रो. प्रतिभा सिंगला, कन्वीनर ऑफ प्लेसमेंट सेल डॉ. रमन कुमार सैनी आदि सहित विद्यार्थी मौजूद रहे।

## युवक को गोली मार किया घायल, आठ नामजद

### बहन और मां के साथ बदतमीजी का विरोध करने पर आरोपियों ने चलाई गोली



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**बहन** और मां के साथ बाइक सवार युवकों द्वारा बदतमीजी करने का विरोध करने पर एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घायल युवक की शिकायत पर एक नामजद सहित आठ के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

चांदहट थाना प्रभारी दलबीर सिंह के अनुसार, नाई नंगला गांव निवासी लोकेश ने दी शिकायत में कहा है कि वह 10वीं कक्षा में पढ़ता है। पीड़ित 22 फरवरी की शाम करीब पांच बजे अपनी बहन व मां के साथ उपले लेने के लिए प्लाट पर आया था। उसकी मां व बहन जब उपले लेकर वापस घर के लिए चल दी तो वह भी उनके साथ चल दिया। रास्ते में तभी तीन बाइकों पर सवार होकर 8-9 लड़के वहां आए और उसकी मां व बहन के साथ बदतमीजी करने लगे। युवक ने जब इसका विरोध किया तो बाइक सवार एक युवक ने अवैध हथियार से उस पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया, जिससे उसके हाथ में गोली लग गई। गोली चलाने वाले युवक को पीड़ित ने पहचान लिया। जिसका नाम पता बढराम गांव निवासी कोकन है। आरोपी युवक बाइकों पर सवार होकर मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने बताया कि नाई नंगला गांव के सरपंच पति कपिल ने फोन पर बताया कि उसके भतीजे लोकेश को गोली लगी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, लेकिन तब तक घायल अशोक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया जा चुका है। चांदहट थाना पुलिस ने घायल लोकेश की शिकायत पर कोकन सहित आठ के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# अंजलि को रोल ऑनर, सुनीता व उर्वशी कॉलेज कलर से सम्मानित

### महाविद्यालय की 313 छात्राएं स्नातक की उपाधि से अंलकृत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**राजकीय** महिला महाविद्यालय सेक्टर-16ए फरीदाबाद में शुक्रवार को 28वें दीक्षांत समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें सत्र 2022-23 के सभी विषयों की 313 छात्राओं को स्नातक की उपाधि से नवाजा गया। वहीं 70 छात्राओं को अकादमिक अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री विश्वकर्मा कौशल विकास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राज नेहरू रहे।

वहीं विशिष्ठ अतिथि राजकीय कन्या महाविद्यालय नचौली की प्राचार्य डॉ. सुनिधि ने शिरकत की। मुख्य अतिथि नेहरू ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह का अर्थ शिक्षा का अंत नहीं है, यह तो शिक्षा की पहली सीढ़ी है। आधुनिक समय में शिक्षा के जो आयाम हैं, उनके तहत आपके लिए अवसरों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने भारत के अमृत काल की बात करते हुए कहा कि भारत की प्राचीन शिक्षा पद्धति आंतरिक संतुष्टि पर कार्य करती थी। लेकिन पश्चिम शिक्षा के प्रचलन के बाद बाहरी संतुष्टि पर अधिक ध्यान दिया जाने लगा। लेकिन शिक्षा का वास्तविक अर्थ तो आंतरिक संतुष्टि है। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में आ रहे बदलाव एवं चुनौतियों के बारे में भी बताया। विशिष्ठ अतिथि सुनिधि ने छात्राओं को शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा डिग्री लेने वाली एवं पुरस्कार विजेता छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की। उन्होंने मुख्य अतिथि के सामने महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। वहीं वरिष्ठ प्राध्यापिका मीनल सभरवाल ने मुख्य वक्ता एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन में भूमिका अदा करने वाले सभी स्टाफ सदस्यों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन भूगोल विभाग की प्राध्यापिका डॉ. पारूल राणा एवं डॉ. रमन कुमार ने किया। इस अवसर पर कॉलेज के सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

बीए अंतिम वर्ष की छात्रा अंजली ने बाक्सिंग में राज्य स्तर पर विश्वविद्यालय स्तर पर तथा खेलो हरियाणा में बेहतर प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। जिसके लिए उसे रोल ऑफ आनर से सम्मानित किया गया। वहीं उर्वशी द्वारा विश्वविद्यालय स्तर पर बॉक्सिंग में गोल्ड मेडल एवं सुनीता द्वारा फेंसिंग में अंतर विश्वविद्यालय स्तर पर हिस्सा लेने पर उन्हें कॉलेज कलर से सम्मानित किया गया। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की छात्रा शीतल द्वारा विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में स्थान हासिल करने के लिए कॉलेज कलर से सम्मानित किया गया। वहीं महाविद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली 61 छात्राओं को अकादमिक अवार्ड से नवाजा गया। 10 छात्राओं को महाविद्यालय स्तर पर खेलों एवं अन्य गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए अकादमिक अवार्ड दिए गए।



**313 छात्राओं को मिली स्नातक की उपाधि**

**सत्र** 2022-23 में बीए की 125, बीकॉम की 86, बीबीए की 31, बीएससी की 25, बीएजेएमसी की 27 एवं बीटीटीएम की 19 छात्राओं ने बिना किसी विषय में फेल हुए स्नातक पास की थी, जिन्हें संबंधित विषय की स्नातक उपाधि से नवाजा गया।

## सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धा समेत दो की मौत, एक घायल

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**नेशनल** हाईवे पर दो स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में एक बुजुर्ग महिला सहित दो की लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने मृतकों के परिजनों की शिकायतों पर मुकदमे दर्ज कर शवों को पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया है और दुर्घटनाओं को अंजाम देने वाले वाहनों की तलाश शुरू कर दी है।

कैंप थाना प्रभारी कुलदीप सिंह के अनुसार, धतीर गांव निवासी सुंदर सिंह ने थाने में दी शिकायत में कहा है कि गोपालगढ़ गांव निवासी उसकी साली का बेटा प्रमोद बाइक पर अपने दोस्त को लेकर पलवल बस स्टेंड से गांव लौट रहा था। जब वह रसूलपुर चौक के पास पहुंचे तो पीछे से एक ट्रॉला ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद ट्रॉला चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने प्रमोद व उसके साथी को उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया। अस्पताल में चिक्तिसकों ने प्रमोद की हालत नाजुक देखते हुए हॉयर सेंटर रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान प्रमोद ने दम तोड़ दिया।

वहीं, शहर थाना की पुलिस जांच अधिकारी सुनीता ने बताया कि झाबर नगर पलवल निवासी शिवशंकर ने दी शिकायत में कहा कि उसकी 75 वर्षीय माता मीरा देवी घर से बैंक में दस हजार रुपये जमा कराने के लिए गई थी। वापस नहीं लौटी तो तलाश करने पर पता चला की उसकी मां की सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है। आरोप है कि बाइक चालक ने उसकी मां को टक्कर मारकर उसके हाथ से पैसों की थैली को लूट कर फरार हो गया। मां को घायल अवस्था में किसी व्यक्ति ने अस्पताल भिजवाया।

## किसान आंदोलन के दौरान व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने अपने कार्यालय सेक्टर-21 के सभागार में जिले के तमाम डीसीपी व एसीपी के साथ क्राइम मीटिंग ली। मीटिंग में सबसे पहले पुलिस आयुक्त ने डीसीपी मेला अमित यशवर्धन सहित मेले में तैनात सभी अधिकारियों कर्मचारियों को मेले के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि इस बार पुलिस आयुक्त के कुशल मार्गदर्शन एवं डीसीपी मेला के नेतृत्व मे पिछले सालों के मुकाबले कम फोर्स में भी मेले के दौरान बेहतर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखी। सभी विभाग के साथ बेहतर समन्वय रहे। उन्होंने अपराध पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए।

## मैनेजमेंट निजी कंपनी पर नहीं कर रही कार्रवाई

### ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन ने जताया कड़ा विरोध

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बिजली** निगम मैनेजमेंट द्वारा एक एसडीओ के निलंबन और एक एक्शन तथा चार एसडीओ को चार्जशीट करने का मामला तूल पकड़ गया है। बिजली कर्मचारियों के प्रमुख संगठन ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के मैनेजमेंट द्वारा निजी कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय अधिकारियों एवं कर्मियों को निलंबित व चार्जशीट करने के फैसले का कड़ा विरोध किया है और उक्त कार्रवाइयों को वापस लेने की मांग की।

यह मांग ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की सर्कल कार्यकारिणी की सर्कल सचिव कृष्ण कुमार कालीरमन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में की गई। बैठक में ईईएफआई व एएचपीसी वर्कर यूनियन के उपाध्यक्ष सुभाष लांबा, एएचपीसी वर्कर यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद गनी, यूनिट कमेटी के नेता रामकेश साहरण, धर्मेंद्र तेवतिया, गिरीश राजपूत, करतार सिंह, देवेंद्र त्यागी, दिनेश शर्मा, सुरेंद्र खटकड़ व भूप सिंह आदि मौजूद थे। बैठक में दो मार्च को ओल्ड फरीदाबाद, 15 मार्च को बल्लभगढ़, 16 मार्च को एनआईटी व 23 मार्च को ग्रेटर फरीदाबाद यूनिट के सम्मेलन आयोजित करने का फैसला लिया है। बैठक में 30 मार्च को फरीदाबाद सर्कल का प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित करने का फैसला लिया गया। इन सम्मेलनों में मैनेजमेंट द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के किए जा रहे उत्पीड़न के मामले को प्रमुखता से उठाने का फैसला लिया गया। नेताओं ने बताया कि फरीदाबाद सर्कल में 1482 पद रिक्त हैं। इसके बावजूद बिजली कर्मचारी एवं अधिकारी मैनेजमेंट द्वारा निर्धारित पैरामीटर को पूरा करने में जी जान से जुटे हुए हैं। इसके बाद भी मैनेजमेंट निलंबन एवं चार्जशीट करने की कार्राई कर रही है।

## बिजली समस्या का गुणवत्तापूर्वक समाधान हो : मीणा

**फरीदाबाद।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक पीसी मीणा ने फरीदाबाद ऑपरेशन सर्कल की ओआरसी बैठक ली। उन्होंने सब डिविजन, डिविजन और सर्कल स्तर पर प्रगति की स्थिति का जायजा लिया। इसमें उपमंडल स्तर पर सभी बिंदुओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों की प्रगति का आंकलन किया। इस बैठक में बिजली निगम के पैरामीटर के अनुसार किए जा रहे सभी कार्यों का विवरण दिया गया। प्रबंध निदेशक ने बिजली से संबंधित शिकायतों एवं समस्याओं का गुणवत्ता पूर्वक समाधान करने तथा उनकी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उनके संतुष्टीकरण के निर्देश दिए। उन्होंने परिचालन मापदंडों की समीक्षा के दौरान सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए। वे उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देने और निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अधिकतम प्रयास करें, अन्यथा वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। प्रबंध निदेशक ने मौजूदा वित्त वर्ष में डीएचबीवीएन के लाइन लॉस, वितरण का भी जायजा लिया तथा सुधार करने के निर्देश दिए।



## दूसरा बच्चा लड़का होने पर भी मातृत्व लाभ

**पलवल।** उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। इनमें से मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना भी एक महत्वपूर्ण स्कीम है। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से अब दूसरा बच्चा लडका होने पर भी मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना के तहत पांच हजार रुपये का मातृत्व लाभ मिलेगा। सरल पोर्टल के माध्यम से मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना का लाभ दिया जाएगा। उपायुक्त नेहा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी परिवार में जन्मे दूसरे बच्चे लड़क के होने पर भी महिलाओं को सहायता देने की घोषणा की गई।

## लापता को तलाश कर सौंपा

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम व पुलिस चौकी सेक्टर 46 की टीम ने घर से लापता व्यक्ति को तलाश कर परिजनों से मिलने का सराहनीय कार्य किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गुमशुदा व्यक्ति अपने घर से बिना बताए 12 फरवरी को निकल गया था जिसको परिजनों के द्वारा काफी तलाश किया गया। व्यक्ति के नहीं मिलने पर परिजनों द्वारा पुलिस चौकी सेक्टर-46 में व्यक्ति के गुम होने की सूचना दी गई, जिस पर पुलिस चौकी टीम ने थाना सूरजकुंड में मुकदमा दर्ज कर व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी। टीम ने क्राइम ब्रांच कैट का सहयोग लेते हुए आरोपी को तलाश किया।

# न्याय मिलने में देर हो सकती है, अंधेर नहीं : भड़ाना

### खोरी तोड़फोड़ केस में सुशील गुप्ता, धर्मवीर भड़ाना सहित आप के सभी नेता बरी



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**न्याय** मिलने में देर हो सकती है, लेकिन अंधेर नहीं। इसलिए देश के लोग अदालतों को न्याय का मंदिर कहते हैं। यह विचार आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना ने एक प्रेस वार्ता में व्यक्त किया। जून 2021 में खोरी में तोड़फोड़ मामले में फरीदाबाद की अदालत ने न्याय देते हुए आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता, उस समय के फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना सहित सभी नेताओं को बाइज्जत बरी कर दिया। अदालत के इस फैसले के बाद धर्मवीर भड़ाना के दफ्तर पर कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटा और खुशी जताई।

इस मौके पर धर्मवीर भड़ाना ने केस की पैरवी करने वाले फरीदाबाद के वरिष्ठ वकील ओपी शर्मा, आम आदमी पार्टी के लीगल सेल के वकील दिनेश भारद्वाज का आभार जताते हुए कहा कि दोनों वकीलों ने केस लड़ने के लिए एक रुपये भी नहीं लिए और निशुल्क मामले की पैरवी की। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी आगे भी गरीबों पर जुल्म बर्दाश्त नहीं करेगी और आवाज उठाती रहेगी।

आम आदमी पार्टी के लीगल सेल के अधिवक्ता दिनेश भारद्वाज ने कहा कि इस केस में तमाम तारीखें पड़ीं और जज तैयब हुसैन ने पूरी तरह से मामले की तहकीकात की दोनों पक्षों को सुना और सभी आरोपियों को बरी कर दिया। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद के खोरी गांव में कई हजार लोगों को उजाड़ा गया था। उनके पुनर्वास की व्यवस्था नहीं की गई थी। इसके बाद आम आदमी पार्टी ने आवाज उठाई तो पार्टी के कई नेताओं पर मामला दर्ज करवा दिया गया था, लेकिन अदालत से सभी को इंसाफ मिल गया है। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता नरेश शर्मा, जिला सचिव मेहरचंद हरसाना, जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा खास रूप से मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम कप के लिए 25 तक कराएं रजिस्ट्रेशन



**पलवल।** खेल विभाग हरियाणा की ओर से 28 फरवरी से सीएम कप का आयोजन ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर करवाया जाएगा। इस आयोजन को लेकर जिला उपायुक्त नेहा सिंह ने जिला सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। जिला उपायुक्त ने अधिकारियों को कहा कि इस प्रतियोगिता के लिए अधिक से अधिक खिलाड़ियों द्वारा पंजीकरण करवाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि गांवों में ग्राम सचिव, सरपंच भी अपने स्तर पर युवाओं को इन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें और अधिक से अधिक युवाओं का प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए पंजीकरण करवाएं। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी प्रतियोगिताओं के लिए निर्धारित स्थानों पर सभी व्यवस्था समय रहते पूरी करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में एसडीएम नरेंद्र कुमार, एसडीएम संदीप अग्रवाल, डीएसओ अनिल सैनी, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक बघेल, खंड शिक्षा अधिकारी हसनपुर अमर सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी होडल किरन बाला, बीडीपीओ प्रवीन कुमार, बीआरसी सादिक अहमद आदि मौजूद रहे।

### नौ मार्च को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत : सीजेएम



**पलवल।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव कुनाल गर्ग ने बताया कि नौ को इस वर्ष की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नौ मार्च को आयोजित होने वाली इस राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक रिकवरी केस, लेबर डिस्प्यूट, बिजली व पानी बिल के संबंधी मामले, आपराधिक, वैवाहिक, दुर्घटना संबंधी, भूमि अधिग्रहण मामले तथा अन्य दावे संबंधी और अदालत में लंबित अधिक से अधिक केसों का निपटान करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के संबंध में सीजेएम कुनाल गर्ग की अध्यक्षता में जिला न्यायालय परिसर पलवल स्थित एडीआर सेंटर के सभागार में बैंक, नगर परिषद व नगर पालिका, फैक्ट्री निरीक्षक, विद्युत विभाग, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग पलवल, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया।

### परीक्षा केंद्र के आसपास धारा-144 लागू

**पलवल।** जिलाधीश नेहा सिंह ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 27 फरवरी से दो अप्रैल तक डीएलएड के प्रथम व द्वितीय वर्ष (रि-अपीयर) तथा सेकेंडरी एवं सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक, रि-अपीयर व ओपन स्कूल) परीक्षा फरवरी-मार्च-2024 को जिला में स्थापित विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के दृष्टिगत परीक्षा केंद्रों के आस-पास 200 मीटर के दायरे में धारा-144 लागू कर दी है। जिलाधीश ने परीक्षा केंद्रों के आसपास 200 मीटर के दायरे में अनावश्यक व्यक्तियों का आवागमन तथा फोटोकॉपी मशीन का प्रयोग करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। फोटो कॉपी की दुकानें परीक्षा के दिनों में सुबह 11.30 बजे से दोपहर बाद चार बजे तक पूर्णतया बंद रहेंगी। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशानुसार यह आदेश ड्यूटी पर तैनात पुलिस व अन्य कर्मियों पर लागू नहीं होंगे। इन आदेशों की अवहेलना करने वाले व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा-188 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### प्रकृति संरक्षण जागरूकता अभियान की शुरुआत



**पलवल।** पेड़ लगें सबके द्वार-तभी होगा हम सबका उद्धार अभियान के अंतर्गत किन्नर समाज को पौधा तथा भगवान राधाकृष्ण की तस्वीर देकर संस्कृति संग प्रकृति संरक्षण जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। मिशन प्रकृति बचाओ पर्यावरण सचेतक समिति संयोजक ग्रीन एंबेसडर डॉ. आचार्य राम कुमार बघेल ने बताया कि सबके परिवारों में शुभ अवसरों पर किन्नर समाज लोगों को बधाई देने जाते हैं। बधाई के साथ-साथ पेड़- पौधों के रोपण, जल बचाने तथा जीव जंतुओं के संरक्षण का संदेश भी लोगों तक पहुंचाया जा सकता है। हर घर के आंगन, द्वार पर पेड़-पौधे लगें तथा हर बच्चा प्रकृति रक्षक बने, इसके लिए सबको मिलकर प्रयास करना चाहिए। पूजा ने कहा कि आपकी संस्था पर्यावरण संरक्षण के लिए बहुत अच्छा कार्य कर रही है। वह स्वयं पढ़ी-लिखी है और अपनी टीम मुखिया चांदनी व गुरु लड्डू आदि के साथ बच्चों के कुआं पूजन, विवाहोत्सव आदि शुभावसरों पर बधाईयां देने के साथ-साथ पौधारोपण व प्रकृति पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देंगे। इस अवसर पर संस्था सदस्य देव कुमार, सतीश, गुड्डा, बिजेंद्र, सोनू आदि उपस्थित रहे।

### नेशनल इंटीग्रेशन कैंप के समापन पर किया सम्मानित



**पलवल।** राष्ट्रीय युवा परिसर गदपुरी में भारत स्काउट एंड गाइड्स के तत्वाधान में आयोजित पांच दिवसीय नेशनल इंटीग्रेशन कैंप, कब बुलबुल उत्सव, गोल्डन एरो अवॉर्ड के समापन पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के नेशनल के कमिश्नर केके खंडेलवाल रहे, जबकि अध्यक्षता संस्था के डायरेक्टर राजकुमार कौशिक द्वारा की गई। इंटीग्रेशन कैंप लीडर असिस्टेंट डायरेक्टर शिवांगी सक्सेना तथा गोल्डन एरो अवॉर्ड व कब बुलबुल उत्सव के लीडर डिप्टी डायरेक्टर सुरेखा श्रीवास्तव तथा समस्त स्टाफ के सदस्यों को शिविर के सफल संचालन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए केके खंडेलवाल ने कहा स्काउटिंग के शिविरों के माध्यम से सारे संसार को विश्व बंधुत्व का संदेश दिया जा रहा है। स्काउटिंग अनुशासन तथा समाजसेवा का अनूठा संगम है। राजकुमार कौशिक द्वारा सभी स्वयंसेवकों को देश व समाज के लिए अपनी सेवाएं देने के लिए समर्पित रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ शानदार बैंड संचालन के लिए पलवल जिले के स्काउट मास्टर अनुज चौहान की टीम को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### शिविर के समापन कैडेट्स को किया सम्मानित

**फरीदाबाद।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीही सेक्टर आठ में एनएसएस के साप्ताहिक शिविर के समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला थाना बल्लभगढ़ पूनम का विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जयप्रकाश वैष्णव व एनएसएस अधिकारी प्रवक्ता सविता ने पौधा भेंटकर स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला थाना एसएचओ पूनम ने छात्राओं को पोक्सो एक्ट, महिला विरुद्ध अपराध, साइबर ठगी, इंस्टाग्राम, दुर्गा शक्ति, 112 नंबर के प्रति जागरूक किया।

# सन 84 में अधिग्रहित राजपूत सभा की जमीन वापस दिलाने को मनोहर सरकार करेगी पैरवी

**हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में सरकार ने इस मामले में पैरवी का लिया निर्णय**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि राजपूत महासभा की सन 1984 में तत्कालीन हरियाणा सरकार द्वारा अधिग्रहित की गई जमीन को वापस महासभा को दिलाने के लिए अब 2024 में भाजपा सरकार पैरवी करेगी। यह निर्णय हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में लिया गया है। इसके लिए, गुरुग्राम राजपूत महासभा की ओर से इंजीनियर कुलदीप चौहान, अरुण चौहान, अनिल चौहान, महासभा के पूर्व अध्यक्ष सतेन्द्र चौहान, खुशविन्द्र सिंह नम्बरदार समेत अन्य सामाजिक सदस्यों ने इस विषय पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल, गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला का आभार जताया है।

विधायक सुधीर सिंगला ने गुरुग्राम राजपूत महासभा की ओर से उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों के आधार पर कहा कि राजपूत महासभा गुरुग्राम ने बच्चों को शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराने व अन्य सामाजिक कार्यों के उपयोग के लिए वर्ष 1903 में गुरुग्राम में वर्तमान में ओल्ड दिल्ली रोड पर उस समय के राजपूत सैनिकों व राजपूत सरदारों ने धन इकट्ठा करके 6 बीघा 12 बिस्वा (साढ़े चार एकड़) जमीन खरीदी थी। उस समय गुड़गांव जिला में फरीदाबाद, मेवात व रेवाड़ी जिला भी शामिल थे। उस एक मात्र उच्च स्तर का विद्यालय गुरुग्राम में ही था। बच्चों के रहने, ठहरने के लिए राजपूत महासभा ने इस जमीन पर बोर्डिंग हाउस की सुविधा वर्ष 1918 में उपलब्ध करा दी थी।

विधायक ने राजपूत महासभा के माध्यम से जानकारी दी कि महासभा ने वर्ष 1981 में ही पंजीकरण करा लिया था। इस जमीन पर महाराणा मैमोरियल स्कूल का संचालन किया जा रहा है। सरकार ने राजनीतिक द्वेष के कारण 9 मई 1988 को उस जमीन पर सेक्शन-4 लगाया गया, जो कि सेक्टर-13 में लेजर सिटी बनाकर उसमें व्यावसायिक गतिविधि बताई गई। इसके बाद राजपूत समाज द्वारा सेक्टर-ए का ऐतराज लगाया गया। हाईकोर्ट में इस बाबत केस दायर किया गया। जिसका 20 मई 2014 को हाईकोर्ट ने तथ्यों को ध्यान में रखते हुए महासभा के पक्ष में निर्णय दिया। 17 माह बाद सरकार ने 26 अक्टूबर 2015 को सुप्रीमकोर्ट में केस दायर किया गया। जिस पर 10 अक्टूबर 2023 को महासभा के खिलाफ निर्णय दिया।

कोर्ट में एसएलपी दायर करने के बाद 2 जनवरी 2024 को स्टेट्स क्यू कर दिया। अब मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा विधानसभा में घोषणा की है कि इस अधिग्रहित जमीन को छोड़ने के लिए सरकार न्यायालय में पैरवी करेगी।



विधायक सुधीर सिंगला।

# भाजपा युवा इकाई ने किया जिला अध्यक्ष का स्वागत, जताया आभार

**मयंक निर्मल बनाए गए हैं युवा जिला अध्यक्ष**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारतीय** जनता पार्टी की युवा इकाई भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा ने संगठन का विस्तार करते हुए प्रदेश भर के जिला अध्यक्षों की सूची जारी की, जिसमें गुरुग्राम के युवा जिला अध्यक्ष पद पर मयंक निर्मल की नियुक्ति की है। मयंक छात्र जीवन से ही एबीवीपी से जुड़े रहे हैं, जिसमें जिला संयोजक, विभाग संयोजक और प्रदेश संयोजक जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया। छात्र हितों के लिए निरंतर आंदोलनों का सफल नेतृत्व किया।



गुरुग्राम में भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव व युवा भाजपा जिला अध्यक्ष मयंक निर्मल का स्वागत करते कार्यकर्ता।

निर्मल 2018 में हुए छात्र संघ चुनाव में एबीवीपी की जीत के सूत्रधार रहे हैं। वर्तमान में युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं नूँह जिला प्रभारी के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे उनकी निष्ठा एवं समर्पण को देखते हुए अब पार्टी ने गुरुग्राम जैसे महानगर का युवा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर संगठन का आभार जताते हुए मयंक निर्मल ने कहा कि साधारण से असाधारण की यात्रा ही भारतीय जनता पार्टी है। संगठन ने साधारण से कार्यकर्ता को इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने का काम किया है।

# गुरुग्राम के सेक्टर-49 में अवैध रूप से रह रहे ईरानी दो नागरिक गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**बिना** वीजा व पासपोर्ट की अवधि समाप्त होने के बाद भी गुरुग्राम में दो ईरानी नागरिक रह रहे थे। फर्जी दस्तावेज बनाकर व हवाला के माध्यम से पैसों का लेन-देन वे करते थे। शुक्रवार को जिला गुरुग्राम में मुख्यमंत्री उड़नदस्ता गुरुग्राम व क्राइम यूनिट गुरुग्राम की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करके उन्हें गिरफ्तार किया।

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता को काफी समय से सूचनाएं मिल रही थी कि सेक्टर-49 एरिया में दो ईरानी नागरिक बिना वीजा व पासपोर्ट के रह रहे हैं। जब टीम मकान नम्बर-268 दूसरी मंजिल साउथ सिटी-2, क्यू-1 ब्लाक में पहुंची तो दो ईरानी नागरिक अवैध रूप से ठहरे पाये गये। ईरान निवासी पुरिया सिराज के पासपोर्ट की वैधता समाप्त हो चुकी थी। वीजा भी समाप्त होने के बाद उसके पास वैध नहीं था। उसके भाई मोहम्मद मुगानी के वीजा की भी अवधि समाप्त हो चुकी थी। दोनों ईरानी नागरिकों को मकान मालिक द्वारा बिना सी-फार्म व पुलिस वेरिफिकेशन के 16 हजार रुपये प्रतिमाह किराये पर रखा हुआ था। जांच के दौरान ईरानी नागरिक पुरिया सिराज के कब्जे से एक ही नंबर का अब्बदुल मुकरम के नाम से बना सेक्टर-49 गुरुग्राम के पते व दिल्ली के पते का बना हुआ आधार कार्ड मिला। जिस पर पुरिया सिराज की फोटो लगी हुई थी। दिल्ली का ड्राइविंग लाईसेंस, गुरुग्राम का वोटर कार्ड, पैन कार्ड, ईरान का बना इन्टरनेशनल ड्राइविंग लाईसेंस, हरियाणा परिवार पहचान पत्र व कर्नाटक बैंक लाजपत नगर दिल्ली के खाते की पासबुक व डेबिट कार्ड उसके पास से मिले। दूसरे युवक मोहम्मद मुगानी से चेकिंग के दौरान लाजपत नगर दिल्ली पते का आधार कार्ड मिला, जो मोहम्मद हनीफ नाम से बना हुआ था। उस पर फोटो मोहम्मद मुगानी की लगी हुई पाई गई। पैन कार्ड मोहम्मद हनीफ के नाम से पाया गया। दोनों ईरानी नागरिक बिना पासपोर्ट वीजा के पिछले एक साल से रह रहे थे। उनकी उम्र करीब 24/25 साल है। उनके द्वारा हरियाणा व दिल्ली के दस्तावेज भी मिलीभगत करके फर्जी तौर पर बनवाये गये। उन्होंने पूछताछ में बताया कि हवाला के माध्यम से पैसों का लेनदेन करके अपना कमीशन लेते थे। उनके पास से पांच मोबाइल, 18730 रुपये, 514 अमेरिकन डॉलर, दो सोने की अंगूठी, एक कान की बाली व 7 घड़ी बरामद हुई हैं।



बिना वीजा के रहने के आरोपी ईरानी नागरिक।

# एक लाख 20 हजार की रिश्वत लेने वाले लाइनमैन को तीन साल की कैद

**दोषी लाइनमैन पर अदालत ने एक हजार रुपये जुर्माना भी लगाया**



पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**एक** लाख 20 हजार रुपए की रिश्वत लेने वाले लाइनमैन को दोषी ठहराते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश तरुण सिंघल की अदालत ने तीन साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने उस पर एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। लाइनमैन ने बिजली बिल सेटलमेंट कराने के नाम पर यह रकम ली थी।

जानकारी के अनुसार जिला के गांव खलीलपुर निवासी विवेक ने सनसिटी सेक्टर-54 जी-ब्लॉक में ध्रुव कटारिया का मकान पीजी चलाने के लिए किराए पर लिया था। नवंबर-2019 व दिसंबर-2019 में उनका बिजली का बिल 2 लाख रुपये से ज्यादा आया। उन्होंने बिल नहीं भरा तो बिजली निगम द्वारा 10 जनवरी 2020 को उनका मीटर उतार लिया। इसके बाद वह बिजली बिल भरने के लिए एसडीओ साउथ सिटी कार्यालय गए। यहां उन्हें पवन प्रधान नामक लाइनमैन मिला, जिसने उनका बिजली का बिल कम करके सेटलमेंट कराने की बात कही। इसके लिए उनसे डेढ़ लाख रुपये मांगे। सौदेबाजी करते हुए वह 1 लाख 20 हजार रुपए लेने पर सहमत हो गया। लाइनमैन उसने पवन को 90 हजार रुपये उसी समय दे दिए और ×0 हजार रुपए बाद में देने के लिए कहा। पवन ने इन रुपयों की कोई रसीद नहीं दी। ना ही उपभोक्ता का मीटर लगवाया। रुपये लेने के बाद वह बहानेबाजी करने लगा और एसडीओ के कार्यालय न आने का बहाना करने लगा। सात महीने बीतने के बाद भी उसने मीटर नहीं लगवाया। कुछ दिन बाद उसने लाइनमैन जय प्रकाश को भेजकर उपभोक्ता के घर बिजली की डायरेक्ट लाइन जोड़ दी गई।

इस मामले में शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच करते हुए आरोपी पवन को गिरफ्तार कर लिया। अभियोजन पक्ष ने अदालत में जो सबूत व गवाह पेश किए उनसे आरोपी पर लगे आरोप साबित हो गए। अदालत ने प्रीवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट की धारा 7 के तहत उसे दोषी करार देते हुए तीन साल कैद और एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

# प्रदेश के सर्वांगीण विकास का है मनोहर बजट : बोधराज सीकरी

**गुरुग्राम।** बोधराज सीकरी ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा है। पिछले वर्ष के मुकाबले 11 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ 1,89,876 करोड़ का बजट पेश किया गया। बजट में कोई नया कर नहीं लगाया गया।

बोधराज सीकरी ने कहा कि पराली जलाने में 67 प्रतिशत की कमी करके हरियाणा सरकार ने पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता सिद्ध कर दी है। पड़ोसी राज्य पंजाब को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। 547000 किसानों के मूलधन पर ब्याज और जुर्माना माफ करके किसानों के प्रति मुख्यमंत्री ने एक बहुत बड़ा परोपकार किया है, जिसकी राशि लगभग 1700 करोड़ है। यह निर्णय मिल का पत्थर सिद्ध होगा। 2024 में 1000 नए हरित स्टोर खोलने से युवा को रोजगार देने के अवसर मुहैया कराये जाएंगे यह बड़ा सराहनीय विषय है। 60000 युवा को कौशल प्रशिक्षण और उन्हें आने वाले वर्ष में रोजगार देने के प्रावधान से युवा के चेहरे पर मुस्कुराहट आएगी। इसी प्रकार 200 करोड़ के वेंचर कैपिटल फंड के प्रावधान से युवा को और उस ताकत को बढ़ावा देने का प्रयास काबिले-ए-तारीफ है। साथ ही 1152 कॉलोनी को बुनियादी सुविधा देने की प्रतिबद्धता प्रकट करके सरकार ने अपनी नीयत साफ कर दी है कि वह गरीबों के साथ है। इस बजट का विशेष आकर्षण आयुष्मान चिरायु योजना है।



# आंसू गैस के साथ किसानों पर सरकार ने चलाया आर्थिक हथोड़ा : पंकज डावर

**गुरुग्राम।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने मनोहर सरकार 2.0 के अंतिम बजट पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बजट में भाजपा की खट्टर सरकार ने इस बार किसानों पर आर्थिक हथोड़ा चलाकर यह साबित कर दिया है कि यह सरकार किसान विरोधी सरकार है।



पंकज डावर ने कहा कि इस बार हरियाणा विधानसभा में पेश हुए बजट में प्रदेश की जनता को बहुत सारी उम्मीदें थी, लेकिन इस सरकार ने सभी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। बजट में इस सरकार ने किसानों के साथ-साथ शिक्षा बजट को भी कम किया है, जिससे सरकार की शिक्षा प्रणाली को कितना मजबूत करना है इसकी मंशा साफ झलकती है। पंकज डावर ने बताया कि हरियाणा में पेश किया बजट में खट्टर सरकार ने कृषि के बजट में की 0.28 प्रतिशत की कटौती की है। परिवहन, सिविल एविएशन और सड़कों के बजट में 0.14 प्रतिशत की कटौती, ग्रामीण विकास और पंचायत के बजट में 0.9 प्रतिशत की कटौती, शिक्षा के बजट में भी 0.3 प्रतिशत की कटौती, जनस्वास्थ्य विभाग के बजट में भी 0.21 प्रतिशत की कटौती, प्रशासकीय सेवाओं के बजट में भी 1.38 प्रतिशत की कटौती की है। पंकज डावर ने कहा कि इस सरकार में कृषि विभाग के बजट में 1222 करोड़ की भारी कटौती की गई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता एंव पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने विधानसभा में किसानों की कर्ज माफी की मांग की जिस पर इस किसान विरोधी सरकार ने साफ तौर पर किसानों की कर्ज माफी से इंकार कर दिया है।

# बजट में चिरायु-आयुष्मान भारत के लाभार्थियों का दायरा बढ़ाना सराहनीय :डॉ. डीपी गोयल

**अभी तक 1.80 लाख रुपये से 3 लाख रुपये तक था दायरा**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सर्व** जन हिताय, सर्व जन सुखाय (सब जन सुखी हों, सब जन का हित हो) की नीति पर चलते हुए हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने विकास का बजट पेश किया है। बजट में प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य, किसानों, महिलाओं, शिक्षा, रोजगार, पशुओं के लिए बेहतरीन काम किया है। यह बात रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल ने शुक्रवार को हरियाणा विधानसभा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा बतौर वित्त मंत्री पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में कही।

डा. डीपी गोयल ने कहा कि अब चिरायु-आयुष्मान भारत का लाभ उन परिवारों तक बढ़ाया जाएगा, जिनकी वार्षिक आय 3 लाख रुपए से अधिक है। अब 3-6 लाख रुपये की वार्षिक आय वर्ग वाले लोग 4000 रुपए के वार्षिक योगदान का भुगतान करके और 6-10 लाख रुपये की वार्षिक आय वर्ग वाले लोग 5000 रुपए के वार्षिक योगदान का भुगतान करके लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

**गुरुग्राम में फ्लाइट सिम्यूलेटर प्रशिक्षण केंद्र देगा विकास को नई उड़ान :** भाजपा हरियाणा के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल ने कहा कि हरियाणा के बजट में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के विकास को और अधिक उड़ान दी है। किसानों, छात्रों, खेलों समेत अनेक विषयों पर बजट में प्रावधान किए हैं। नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम में फ्लाइट सिम्युलेटर प्रशिक्षण केंद्र स्थापित हो रहा है, जिससे हरियाणा उड्डयन प्रशिक्षण के केंद्र के रूप में उभरेगा।



डा. डीपी गोयल।



नवीन गोयल।

हिसार में एक उड्यन की सभी सुविधाओं के साथ उच्च शिक्षा के लिए हिसार में एक उड्यन महाविद्यालय स्थापित करने की घोषणा की गई है। यह कॉलेज गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के सम्बद्ध होगा और महाराजा अग्रसेन हिसार हवाई अड्डे के पास बनेगा। नवीन गोयल ने छात्रों के लिए परिवहन सुविधा पर भी बेहतर कार्य किया है। सरकार ने 16 जनवरी, 2024 से मुफ्त छात्र परिवहन सुरक्षा योजना का कार्यान्वयन शुरू किया है। यह योजना कक्षा 1 से 12 तक के सभी विद्यालयों के लिए उपलब्ध है। जहां उनके घर से स्कूल की दूरी एक किलोमीटर से अधिक है। यह योजना प्रारंभ में प्रत्येक जिले के एक खण्ड में लागू की जा रही है और फिर इसका विस्तार सभी खण्डों तक किया जाएगा।

# निरंकारी कॉलेज ने गोल्डन जुबली समारोह मनाया

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**स्थानीय** निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मैमोरियल कॉलेज ने अपना 50वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर कॉलेज विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करके सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं निरंकारी मिशन प्रमुख माता सुदीक्षा ने आध्यमिकता का पाठ अवश्य पढ़ने की सलाह दी। शुक्रवार को निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मैमोरियल कॉलेज में स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया था। उक्त कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो गया है।

समारोह में बतौर मुख्यातिथि निरंकारी मिशन प्रमुख माता सुदीक्षा महाराज थीं। इस अवसर पर मानवता सबसे बड़ा धर्म होता है। जिससे व्यक्ति की पहचान होती है। लोगों को सभी वर्ग, जाति, धर्मों को छोड़ कर मानवता का धर्म अपनाना चाहिए। यह बात निरंकारी मिशन प्रमुख माता सुदीक्षा ने कॉलेज में आयोजित गोल्डन जुबली समारोह में विद्यार्थियों के समक्ष कही। इस अवसर पर उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों को आध्यमिकता का पाठ अवश्य पढ़ना चाहिए। जिससे सांस्कारिक होने का बल मिलता है। समारोह में शिक्षकों व विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया था। कॉलेज प्रबंध समिति महासचिव एसएस सेठी ने कॉलेज की रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा बताया कि बीते 50 वर्षों में कॉलेज ने शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों में अनेकों उपलब्धियां हासिल की हैं। कॉलेज के विद्यार्थियों ने नाटक, नृत्य, कविता आदि की प्रस्तुति देकर सभी की वाही वाही लूटी।

समारोह में मेधावी विद्यार्थियों व शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर कॉलेज चौयरमेन रविन्द्र मन्हास, महासचिव एसएस सेठी, कैशियर विनोद बब्बर, प्रिंसिपल प्रेरणा शर्मा, प्रवक्ता डीपी सिंह, जगमाल सिंह, नेहा, सुनील आदि के अलावा काफी संख्या में शिक्षक, अभिभावक व विद्यार्थी मौजूद थे।



# निषित कुमार ( बबलू चौधरी ) को पर्यवारण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए इथोपियन दूतावास ने किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**शहरी** विकास और मानव हितों के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राजस्थान के झुंझुनू जिले के मशहूर पर्यावरणविद व सामाजिक कार्यकर्ता निषित कुमार (बबलू चौधरी) को दूतावास में सम्मानित किया गया। शुक्रवार को भारत-अफ्रीका संबंधों के मद्देनजर दिल्ली स्थित इथोपियन दूतावास में अपने क्षेत्र में बेहतरीन कार्य निष्पादन के लिए विभिन्न प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।




इसी क्रम में निषित कुमार द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में किए जा रहे अथक प्रयासों के लिए इथोपिया के राजदूत द्वारा इथोपिया दूतावास में सम्मानित किया निषित झुंझुनू शहर के बीचों बीच स्थित बीहड़ स्थान को इको टूरिज्म स्पेस के रूप में बसाने का बेहतरीन प्रयास कर रहे है। इसी के साथ इनका यह प्रयास आगामी 10 सालों में शहरी विकास की ओर अपने विजन के लिए अग्रसर हैं।

निषित झुंझुनू में स्थित पहाड़ व पर्यावरण को लेकर भी कई परियोजनाओं पर कार्य कर रहे हैं। इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 100 से ज्यादा ट्राइसिकिल वितरित कर यह चर्चा में रहे। लगभग 17 गौशालाओं को 55 लाख की आर्थिक मदद करने वाले निषित का कहना है कि झुंझुनू जिले में जब भी कोई गौशाला खोली जाएगी वह हर संभव मदद करने के लिए तत्पर रहेंगे। इसके अलावा चिकित्सा के क्षेत्र में अग्रणी निषित कुमार अपने गांव की 6 बीघा जमीन दान कर अस्पताल का निर्माण करा रहे हैं। ज्ञात रहे लंपी जैसी महामारी के समय पर भी इन्होंने गौशालाओं में 13 लाख का पैकेज अपने स्तर पर देते हुए संवेदनशीलता का उदाहरण स्थापित किया।

# नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से, लोग अक्सर एक सवाल पूछते रहते हैं मोदी सरकार का अगला बड़ा कदम क्या होगा ?

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**मोदी** सरकार ने अब तक कई आश्चर्यजनक कदम उठाए हैं। जैसे कि तीन तलाक जैसी अमानवीय प्रथा को बंद करने और लाखों मुस्लिम महिलाओं को उनके पतियों द्वारा उन्हें मात्र तीन बार %तलाक% शब्द बोलकर पूरी तरह से छोड़ देने के खौफ से मुक्त करने से। एक पुरानी और मध्ययुगीन प्रथा को अंतत: इतिहास की कचरा पेटी में रख दिया गया है। इस के बाद, कश्मीर में पंडित नेहरू की हिमालय पर्वत जितनी बड़ी भूल को सुधारने का सफलतापूर्वक फैसला किया जब वहा से धारा 370 को हटा दिया गया। जहां अब रोजाना होने वाली पथरबाजी और आए दिन हड़तालों का सिलसिला अब पुरानी बातें बन कर रह गए हैं। बाद में, सुप्रीम कोर्ट के फैसला ने साबित किया कि धारा 370 को हटाने का निर्णय पूरी तरह संवैधानिक था। लेकिन इससे एक सवाल भी उठता है की आखिर कांग्रेस ने क्यों कभी इस प्रमुख संवैधानिक असंगति को हटाने के बारे में नहीं सोचा ? हाल ही में, कश्मीर में सैलानियों की रिकॉर्ड तोड़ संख्या और कश्मीर में ब20 प्रतिनिधियों का स्वागत, धारा 370 को खत्म होने के बाद नये युग की पुष्टि करते हैं। न केवल प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर में सामान्यता को पुनर्स्थापित किया, बल्कि उन्होंने पाकिस्तान को भी सामना किया, जो कश्मीर और भारत में अशांति का कारण है। उन्होंने विश्वभर में पाकिस्तान को अलग थलग करने की नई राजनीतिक नीति बनाई, जिससे आज हमारा अशांति फैलाने वाला पड़ोसी दुनिया भर में भीख का कटोरा लेकर घूम रहा है जबकि प्रधानमंत्री मोदी और भारत को मुस्लिम दुनिया ने गले लगाया। यूएई में मंदिर का उद्घाटन, एक मुस्लिम बहुल राष्ट्र, वो भी विशेष राजपरिवार द्वारा दान की गई भूमि पर, स्पष्ट रूप से बताता है कि प्रधानमंत्री मोदी की प्रभावशाली कार्यशैली और नेतृत्व का लोहा पूरी दुनिया मान रही है। 100 करोड़ हिन्दुओं की 500 साल पुरानी इच्छा भी आखिरकार मोदी सरकार में खत्म हुआ जब अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण शांतिपूर्ण तरीके से शुरू हुआ। प्रधानमंत्री मोदी का मुख्य लक्ष्य भारत को विश्व गुरु बनाने का है जिसके लिए उनका ध्यान अब सत्तर साल के कांग्रेस के गड्ढे भरने और देश को तरक्की की पटरी पर डालने पर है।





रामदास मालिक,
लेखक,एवम सामाजिक कार्यकर्ता

# सीपी ने थाना मानेसर व खेड़कीदौला में जांची सफाई, खाना व कार्यप्रणाली



गुरुग्राम के खेड़कीदौला थाना का निरीक्षण करते सीपी विकास कुमार अरोड़ा।

**गुरुग्राम।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने पुलिस थाना मानेसर व खेड़कीदौला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना में साफ-सफाई, पुलिस कर्मचारियों के लिए खाना, कार्य प्रणाली जांच की। इस दौरान उन्होंने फरियादियों से भी बात की। उनकी समस्याओं के बारे में जाना तथा पुलिस के व्यवहार के संबंध में भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने थाना में साफ-सफाई, रहन-सहन, मैस के खाने का तथा पुलिस रिकॉर्ड का मुआयना किया। उन्होंने अच्छी व्यवस्था की प्रशंसा की तथा खामियों को दुरुस्त करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस आयुक्त ने थाना के कर्मचारियों की समस्याएं सुनी तथा समस्याओं के समाधान के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने थाना में आने वाले फरियादियों की समस्याएं अच्छे से सुनने तथा उनके उचित समाधान करने तथा पुलिस कर्मचारियों को आमजन से सभ्य व अच्छा व्यवहार करने तथा पुलिस की छवि को बेहतर बनाने के लिए में पुलिस कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान दीपक कुमार जेवरिया पुलिस उपायुक्त मानेसर सहित संबंधित थाना प्रबंधक व थाना के कर्मचारी उपस्थित थे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा के उपकरण नहीं होने के चलते बना रेफर केंद्र

## अस्पताल में चिकित्सा के उपकरण, मशीन इत्यादि नहीं होने के चलते अस्पताल बना सफेद हाथी

चिराग गोयल। फिरोजपुर झिरका

**प्रदेश** सरकार चाहे स्वास्थ्य सुविधाओं को देने के लंबे चौड़े वादे करती हो लेकिन फिरोजपुर झिरका का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लगभग सात करोड रुपए की लागत से बनाकर भवन तो बनाकर खड़ा कर दिया लेकिन सरकारी अस्पताल के लगभग 120 से अधिक गांवों और चार लाख से अधिक की आबादी की देखरेख करने के लिए अस्पताल में चिकित्सा के उपकरण नहीं होने और महिला चिकित्सक नहीं होने के चलते केवल रेफर केंद्र बनकर रह गया है। क्षेत्र के सामाजिक संगठन से जुड़े लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की नीति और नियत मेवात में स्वास्थ्य सेवाओं और खेल सुविधाओं के प्रति ठीक नहीं है, जिसके चलते आज सरकारी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड और एक्श-रे की मशीन तक उपलब्ध नहीं है। जिससे अस्पताल में आने वाले मरीजों को

### लगभग 120 गांव के मरीजों की देखरेख होती है अस्पताल में

केवल रेफर कर अस्पताल में कार्य कर रहे चिकित्सकों द्वारा खानापूर्ति की जा रही है।

सामाजिक संगठन से जुड़े जिम्मेवार लोग जफरुद्दीन गुमल, समाजसेवी नीरज पाहुंचा, राजकुमार केशव राम, वार्ड 15 के नगर पार्षद इलियास मोहम्मद, वार्ड 7 के पार्षद विनोद जांगड़ा का आरोप है कि स्थानीय सामुदायिक केंद्र केवल सफेद हाथी बनकर रह गया है। यहां मरीजों को देखकर उन्हें दवा देकर चलता कर दिया जाता है जबकि अस्पताल में एक्श-रे की मशीन और अल्ट्रासाउंड की मशीन के अलावा दांतों की चिकित्सा के उपकरण और इन्हें चलाने के लिए चिकित्सक उपलब्ध नहीं है। जिसके चलते यहां आने वाले प्रत्येक मरीज को प्राथमिक



चिकित्सा देने के उपरांत रेफर कर दिया जाता है यह कहना गलत नहीं होगा कि क्षेत्र के लोगों को फिरोजपुर झिरका के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्र के 60 प्रतिशत लोग राजस्थान पहुंचकर अपना इलाज करने पर मजबूर हो रहे हैं जबकि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं का लंबा चौड़ा ढिंढोरा पीट रही है। लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि सर्वप्रथम महिला चिकित्सक को डिलीवरी के लिए होना चाहिए जो यहां उपलब्ध नहीं है। स्टाफ नर्स द्वारा डिलीवरी कराई जा रही है । वह भी जब महिला की हालत ज्यादा खराब होने लगती है तो उसे बाहर के लिए रेफर कर देती हैं। जिससे महिला की कई बार जान पर बन आती है।

**अस्पताल में नहीं है पीने का पानी :** लगभग 100 गांव से अधिक लोगों की बीमारी का इलाज करने के लिए बनाए गए अस्पताल में पीने के पानी की कोई भी सुविधा नहीं है। जिसके चलते लोगों को मजबूरी वश अपनी जेब होटल पर कटवाने पर विवश होना पड़ रहा है। स्वयं अस्पताल में बैठे चिकित्सक भी कैंपर का पानी पीकर गुजारा कर रहे हैं जबकि मरीज और उनके देखरेख में आने वाले लोगों को होटल से पानी खरीदने पर विवश होना पड़ रहा है।

> **एक्श-रे** की मशीन उपलब्ध नहीं है, अल्ट्रासाउंड की मशीन नहीं है दांतों के उपकरण नहीं है दांतों के चिकित्सक भी उपलब्ध नहीं है इस बारे में उच्च अधिकारियों को जानकारी लिखित में भेजी जा चुकी है और डिमांड भेजी गई है ।
>
> **डॉ कृष्ण कुमार ,सीएमओ ,फिरोजपुर झिरका।**

> **फिरोजपुर** झिरका अस्पताल के लिए एक्श-रे की मशीन और अल्ट्रासाउंड की मशीन की डिमांड भेजी गई है। दंत चिकित्सक की सुविधा फिरोजपुर झिरका में उपलब्ध है, जल्द ही हमें 12 डेंटल चेयर मिलने पर आगामी एक या दो महीने में दांतों का पूरा इलाज कराया जा सकेगा।
>
> **डॉ राजीव बातीस , चीफ मेडिकल ऑफिसर मांडीखेड़ा**

## बेटी की ससुराल में पहुंच मारपीट करने का आरोप

**तावडू।** नूंह के थाना रोजका मेव के गांव इंडरी में एक पक्ष द्वारा बेटी की ससुराल वालों के घर पहुंच मारपीट करने का मामला सामने आया है।

पुलिस ने 6 नामजद सहित सात अन्य के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक इंडरी की रहने वाली ममता ने शिकायत में बताया कि गत 20 फरवरी के दिन दो बेटों के साथ घर पर मौजूद थी। आरोप है उसी दौरान बड़े बेटे योगेश की ससुराल वाले घर पर पहुंचे,जिन्होंने आते ही उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान नुकीली चीजों से वार कर दोनों बेटों को घायल कर दिया। परिवार के लोगों ने बचाव की कोशिश की तो उनके साथ भी मारपीट की गई। शोर शराबा होने पर ग्रामीण एकत्रित हो गए। जिन्होंने किसी तरह से बीच बचाव कराया। मारपीट में घायल दोनों बेटों नूंह नलहड़ मेडिकल कॉलेज पहुँचया। जहां पर चिकित्सकों ने घायलों को दिल्ली अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने विवाहिता के परिजन अतुल,रीना, दिव्या, मदन, अशोक व सूरज सहित अन्य के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सूर्य नमस्कार की प्रतियोगिताओं के परिणाम जारी



**गुरुग्राम।** आयुष विभाग द्वारा सूर्य नमस्कार एक फरवरी से 20 फरवरी तक कार्यक्रम पूरे हरियाणा में अयोजित किया गया। अंतिम सूर्य नमस्कार की प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में करवायी गई। सूर्य नमस्कार से संबंधित दो तरह की प्रतिभागियों का आयुष विभाग, हरियाणा योग आयोग, खेल विभाग, शिक्षा विभाग व अन्य विभागों से सहयोग लिया गया। हरियाणा योग एवं आयोग आयुष विभाग गुरुग्राम के हर घर परिवार-सूर्य नमस्कार का आयोजन आयुर्वेदिक जिला अधिकारी डॉ. मंजु बांगर, डॉ. शिव शंकर व योग विशेषज्ञ डॉ. भूदेव के मार्गदर्शन से हरियाणा आयुष विभाग गुरुग्राम 18 से 29 आयु वर्ग के निर्णायक में योग सहायक अजित कुमार जोगिंद्रे, विनोद कृष्ण, बेबी, जूडो कोच आरती, पीटीआई नवीन, मुकेश रहे। 108 सूर्य नमस्कार में नितिन प्रथम अर्जुन योग सेंटर और करण तृतीय स्थान डीजीडी कालेज, प्रथम आयुष विभाग दूसरे, आरटीसी भोंडसी तीसरे स्थान पर रहा। सेक्टर-4/7 स्कूल पहले स्थान पर, मॉडल संस्कृति स्कूल सेक्टर 45 दूसरे स्थान तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धनकोट एवं परत्व पेंडेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल पटौदी तीसरे स्थान पर रहे।

### रुपयों के गबन के आरोपी ट्रक ड्राइवर काबू

**गुरुग्राम।** रुपयों के गबन करने के मामले में पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को काबू करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के पास से 814600 रुपये की नकदी भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार 21 फरवरी को एक व्यक्ति ने थाना शहर में शिकायत देकर कहा था कि 20/21 फरवरी की रात को उसके टेम्पो के चालक द्वारा 854600 रुपयों का गबन किया गया था। इस शिकायत के आधार पर थाना शहर में केस दर्ज किया गया था। अपराध शाखा सेक्टर-17 की पुलिस टीम ने इस केस में एक आरोपी को काबू करने में सफलता हासिल की है। उसे लक्ष्मणपुरी नेवी क्रीम पहाडग़ंज दिल्ली से काबू किया गया है। आरोपी की पहचान राजा कुमार उर्फ राजाराम निवासी गांव बांद्रा मिजामद जिला मुजफ्फरनगर (बिहार) के रूप में हुई है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से 814600 रुपयों की नगदी बरामद की है।

### जैन समाज ने आचार्य विद्यासागर जी महाराज को दी विनयांजलि



**गुरुग्राम।** श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जैन बारादरी में परम पूज्य आचार्य विद्यासागर महाराज की की विनयांजलि सभा की गई। गुरुग्राम जैन समाज की ओर से आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज को विनयांजलि देते हुए सदियों तक उनके देश, समाज को योगदान को स्मरण करने का संदेश दिया। आचार्यश्री को सर्वप्रथम भक्ति संगीत, भजनों के माध्यम से विनयांजलि दी गई। सभा में मंच संचालन समाज के महामंत्री श्रेयांश जैन ने किया। प्रधान संदीप जैन ने अपनी ओर से एवं समाज की ओर से आचार्यश्री को विनयांजलि दी। इसके बाद समाज के पूर्व प्रधान नरेश जैन धनकोट, संदीप जैन एसएस महासभा, सुदर्शन जै, अशोक जैन वर्धमान परिवार, प्रमोद जैन रेवाड़ी वाले, संगीता दीदी, नीरा जैन, वामा महिला प्रधान गुंजन जैन, शिल्पी जैन, अर्चना जैन, सुषमा जैन ने अपनी-अपनी विनयांजलि आचार्यश्री को दी। सभा में जैन समाज के श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे। सभा में समाज के सहमंत्री पारस जैन एवं कोषाध्यक्ष प्रदीप जैन, मुनि सेवा समिति के सभी सदस्य एवं जैन युवा संगठन के सभी सदस्य, महिला मंडल की सभी महिलाएं उपस्थित रहीं।

### पुलिस थाना से मात्र 100 मीटर दूर मिला 45 वर्षीय व्यक्ति का शव

**सोहना।** शहर के सामान्य बस स्टैंड के सामने सड़क के साथ बना फुटपाट पर लावारिश हालत में 45 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा मिला। जिसके पैर में जख्म बना हुआ था। जिसे पुलिस ने मौके से उठा पहचान के लिए नागरिक अस्पताल के शव गृहकक्ष में रखवा दिया। जिसकी करीब दो घंटा बाद पहचान हो गई। शुक्रवार को शहर थाना से मात्र 100 मीटर दूर सामान्य बस स्टैंड के सामने गुरुग्राम-अलवर राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ बना फुटपाथ पर करीब 45 वर्षीय व्यक्ति मृत पड़ा हुआ था। जिसकी सुबह घूमने वालां ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उक्त मृतक व्यक्ति के लावारिश शव को उठाकर नागरिक अस्पताल के शव गृहकक्ष में रखवा दिया। पुलिस ने राहगिरां से मृतक की पहचान करने के इरादे से पूछताछ शुरु कर दी। जिसमें पुलिस को करीब दो घंटा के बाद सफलता मिल गई। जब मृतक का सोनू नामक दामाद नागरिक अस्पताल में पहुंचा और शव की पहचान कर ली। सोनू ने अपने ससुर की पहचान शंकर राम निवासी जिला चम्पावत निवासी के रुप में की। सोनू ने फोन करके ससुर के भाई भवान राम को बुलाया और उन्होने ने भी शव की पहचान कर ली। शंकर राम की मौत का कारण उसके पैर में लगी चोट को माना जा रहा है। यह चोट मृतक को रात केङ्ग समय में किसी अज्ञात वाहन द्वारा मारी गई होगी। लेकिन मृतक के छोटे भाई भवान राम ने इस संबंध में पुलिस को केई शिकायत नहीं दी।


# फिरोजपुर झिरका सब डिपो में समय सारणी ना होने के कारण प्राइवेट बस संचालकों को हो रहा लाखों का फायदा

### प्राइवेट बसों व टैक्सी, इको के संचालक फिरोजपुर झिरका से गुरुग्राम के लिए 150 रुपए व झिरका से नूंह, सोहना, बड़कली के 50, 80, 30 रुपए चार्ज करते हैं

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

**शहर** के हरियाणा राज्य पथ परिवहन निगम के सब डिपो में पिछले करीब 9 महीने से बसों के आवागमन से संबंधित किसी भी प्रकार की समय सारणी नही लगी हुई है जिस कारण फिरोजपुर झिरका में आस पास के क्षेत्र अलवर रामगढ़, नौगांवा व फिरोजपुर झिरका खंड के फिरोजपुर झिरका खंड के ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले यात्री गणों को समय सारणी ने होने के कारण प्राइवेट बसों का इस्तेमाल करना पड़ रहा है जिस कारण प्रतिदिन प्रदेश सरकार को लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है समय सारणी होने के कारण अनजान लोगों को देखते हुए प्राइवेट बसों व टैक्सी, इको के संचालक फिरोजपुर झिरका से गुरुग्राम के लिए 150 रुपए व झिरका से नूंह, सोहना, बड़कली, के 50, 80, 30 रुपए चार्ज करते है। जिस कारण एक और सरकार के राजस्व को नुकसान हो रहा है वही दूसरी ओर प्राइवेट वीकल के मालिक सब डिपो में समय सारणी ना होने के कारण काली कमाई बटोरने में लगे हुए है। जिस कारण हरियाणा सरकार को प्रति दिन लाखों रुपए का चूना लगाया जा रहा है।

सरकारी कर्मचारी जो कि फिरोजपुर झिरका खण्ड के आसपास के गांवों जैसे कामेडा, अलीपुर तिघरा, महोली, पाठखोरी, रावली,में नोकरी करने जाते है स्कूल टाइम के समय या उसके बाद भी हमे हरियाणा राज्य परिवहन विभाग की बसें नही मिलती मजबूरी में ऑटो चालकों का सहारा लेना पड़ता है ऑटो रिक्शा चालक प्रतिदिन हमारी मजबूरी का फायदा उठाते हुए 4 से 5 किलोमीटर दूरी के 30 से चालिस रुपए वसूल करते है वहीं बिवा, बसई, तिजारा की तरफ हरियाणा राज्य परिवहन विभाग की बस तो सालों से नही चल रही है इस रूठ के प्राइवेट बस संचालक भी अपनी मन से किराए को लेकर अपनी मनमानी करते रहते है।



सामान्य बस स्टैंड फिरोजपुर झिरका।

> **सब** डिपो की आवागमन समय सारणी के सम्बंध में उच्च अधिकारियों को लिखित रूप में अवगत कराया हुआ है। जिसके संबंध में फोन पर भी अधिकारियों को बार बार समय सारणी उपलब्ध कराने के लिए अनुरोध कर रहे हैं। जैसे ही विभाग द्वारा समय सारणी का बैनर फिरोजपुर झिरका सब डिपो को जारी किया जाता है। हम तुरंत विभाग के आदेशों का पालन करेंगे।रही बात प्राइवेट परमिट की बसों की अगर कोई भी बस हरियाणा सरकार के द्वारा निर्धारित यात्री बस किराए को मनमाने तरीके से वसूल रहे है उनकी जांच की जाएगी । जांच के दौरान दोषी पाए जाने पर उच्च अधिकारियों को इस तरह के परमिट मालिको के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने के लिए अवगत कराया जायेगा।
>
> **महबूब खान सब डिपो इंचार्ज फिरोजपुर झिरका**

# तावडू में हुआ विशाल दंगल का आयोजन

### नासिर पहलवान को 51 हजार की राशि देकर किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**नगर** में बाईपास मार्ग व मेवात मॉडल संस्कृति स्कूल के समीप एक विशाल दंगल प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें बड़ी संख्या में दूरदराज से पहुंचे पहलवानों ने कुश्ती में अपने दावे पेंचों की प्रतिभा दिखाई।इस दंगल प्रतियोगिता में मेवात के लोकप्रिय व प्रसिद्ध पहलवान नासिर हुसैन को मुख्य अतिथि की ओर से 51 हजार रुपये की राशि देकर सम्मानित किया गया। दंगल प्रतियोगिता के संयोजक और मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए युवा नेता फारूक अहमद अधिवक्ता सोहना ने बताया कि दंगल में अलग अलग वर्ग के पहलवानों के बीच 500,1100,2100,3100,5100,7100 ,11 हजार और 51 हजार रुपए तक की कुश्ती कराई गई।सभी विजेता पहलवानों को इनामी राशि देकर सम्मानित किया।फारुख अहमद ने बताया कि मेवात में लोकप्रिय हिंद केसरी पहलवान नासिर को 51000 के राशि के साथ साथ अन्य सभी पहलवानों को कुश्ती जीतने पर इनाम वितरित किए।इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारतीय खेलों में दंगल एक महत्वपूर्ण खेल है।



कुश्ती करने से युवा शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं।खेलों की जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार भी इस तरह के आयोजनों की सराहना करती है। दंगल के दौरान पहलवानों का उत्साह बढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्रित थी।आयोजन के मौके पर हनीफ़ ठेकेदार,कुररी पहलवान,समय पहलवान,शब्बीर बुराका,देवराज खत्री अधिवक्ता सोहना, सलीम पहलवान, सहित आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# वार्ड 12 के शिव पार्वती मंदिर जीर्णोद्धार को लेकर हुआ भूमि पूजन



भूमि पूजन में सम्मिलित वार्ड के लोग एवं श्रद्धालु।

**फिरोजपुर झिरका।** वार्ड 12 में स्थित प्राचीन शिव पार्वती मंदिर को दोबारा जीर्णोद्धार कराने के चलते वार्ड 12 के धर्म प्रेमियों ने मंदिर भूमि पूजन किया। इस अवसर पर पुजारी द्वारा पूजन के लिए विशेष शुभ मुहूर्त निकालकर मंदिर परिसर में 6 फिट का गड्ढा खोदा गया और पुजारी ओमप्रकाश शास्त्री के दिव्य वैदिक मंत्रोच्चाररणों पर खोदे गए गड्ढे में ईंट रखकर शिव पार्वती मंदिर जीर्णोद्धार के लिए नींव रखी गई और परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की गई की वो अपने स्थान पर विराजमान होएं ताकि वार्ड के श्रद्धालु नए सिरे से मंदिर में आकर देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर धर्म लाभ उठा सके। वहीं वार्ड वासियों ने जानकारी देते हुए बताया कि जल्द ही शहर के धार्मिक एवं हिंदू सामाजिक संगठनों के सहयोग से जल्द ही शिव पार्वती मंदिर का जिर्णोद्धार कर भव्य मंदिर का निर्माण कराया जाएगा। ताकि श्रद्धालु मंदिर परिसर में आकर पूजा पाठ, ध्यान, जप एवं कीर्तन आदि कर धर्म लाभ उठा सके।इसके उपरांत मंदिर परिसर में शिव परिवार, हनुमान जी, मां दुर्गा एवं मां संतोषी की प्रतिमाएं प्रतिष्ठित की जाएगी। जिसको लेकर वार्ड 12 के लोगों ने पड़े पैमाने पर तैयारी शुरू कर दी है। इस मौके पर इस मौके पर पंडित श्याम तिवारी, घनश्याम दास सेन, रतनलाल गुप्ता, विकास गुप्ता, बाबूलाल विसारती, रोहतास सैनी, सतीश सोनी, छगनलाल शर्मा, सुदर्शन शर्मा, हर्षित सोनी, विशाल सोनी, मोंटी शर्मा, मनीष जैन, सतीश गर्ग, प्रेम गुप्ता, हरिओम गोयल, बाबूलाल मल्होत्रा, सोनू गोयल सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मताधिकार का प्रयोग कर मजबूत लोकतंत्र बनाएं - एएसपी कुलदीप सिंह

**मेवात।** धीरेंद्र खडगटा के मार्गदर्शन में जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चलाई जा रही स्वीप गतिविधियों के तहत युवाओं व मतदाताओं को निरंतर चुनाव में भागीदारी कर वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में लघु सचिवालय स्थित ईवीएम वेयर हाउस में मतदाता जागरुकता प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुक्रवार को एएसपी कुलदीप सिंह ने शुभारंभ किया। इस प्रदर्शनी में विभिन्न स्कलों के विद्यार्थी अवलोकन हेतु पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को बहुतकनीकी संस्थान मालब के विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। एएसपी कुलदीप सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में वोट का बहुत अधिक महत्व है। मताधिकार को अपना कर्तव्य समझते हुए इसे ध्यान से अभिव्यक्त करें। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरुकता प्रदर्शनी में मतदाताओं को जागरूक करने संबंधी हैंडीक्राफ्ट विभाग से आए फोटो, चित्र, स्टैचू आदि के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास सराहनीय है। यह प्रदर्शनी मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य आयोजित की गई है।

# मेवात के छोरों का दिल्ली में कमाल, पावर लिफ्टिंग में जीते दो गोल्ड, दो सिल्वर, एक ब्रॉन्ज मेडल





पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**हरियाणा** के सबसे फिसड्डी जिला मेवात के छोरे भी किसी से कम नहीं हैं। हर तरह के खेल में मेवात का नाम रोशन कर रहे हैं। मेवात के खिलाड़ी एक के बाद एक कई प्रतियोगिताओं में अव्वल आकर अपने मां - बाप का सिर गर्व से ऊंचा कर रहे हैं।

दिल्ली में आयोजित हुई स्टार ऑफ इंडिया पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में मेवात जिले के लहरवाडी गांव के रहने वाले पांच लडकों ने दो गोल्ड, दो सिल्वर, एक ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा किया है। मैडल जीतकर अपने घर लहरवाड़ी पहुंचने पर पांचों विजेताओं का जोरदार स्वागत किया गया। पांचों विजेताओं को भाजपा नेता विधायक सलीम खान सरपंच ने पगड़ी बांधकर और माला डालकर सम्मानित किया। आमिर खान पहलवान ने कहा कि दिल्ली के नजफगढ़ में ये चैम्पियनशिप हुई थी, जिसमें पूरे भारत देश के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। उन्होंने बताया की प्रतियोगिता में पांचों लडकों ने अलग - अलग इवेंट में भाग लिया था। जिसमें जिसमें बड़े - बड़े खिलाड़ियों को हराकर उस इवेंट् में रफीक पुत्र जान मोहमद ने 170 किलोग्राम वजन उठाकर सिल्वर मेडल, यूसुफ पुत्र अय्यूब फास्ट बेंच फ्रेस में गोल्ड मेडल, जुनेद पुत्र रमजान 130 किलोग्राम वजन उठाकर गोल्ड मेडल, आमिर पुत्र इकबाल बैंच प्रेस 90 किलोग्राम वजन में सिल्वर मेडल, साहूकार पुत्र सहाबुद्दीन ने डेड लिफ्ट 160 किलोग्राम वजन उठाकर कर ब्रॉन्ज मेडल जीता है। मेवात में अपने गांव पहुंचने पर पांचों विजेता बहुत खुश दिखाई दिए, साथ ही उन्होंने अपनी जीत का श्रेय अपने माता - पिता व अपने कोच समून को दिया। उन्होंने बताया कि अपने परिजनों की ओर कोच समून की मेहनत से उन्होंने ये मुकाम हासिल किया।

आगे भी गोल्ड मेडल जीत का सिलसिला कायम रखेंगे और मेवात का नाम पूरे देश में रोशन करेंगे। वहीं विजेताओं के परिजनों और आसपास के लोगों ने गोल्ड मेडल जीतने पर अपनी खुशी का इजहार करते हुए कहा कि ऐसे ही वो देश और प्रदेश का नाम रोशन करते रहे। पांचों विजेताओं ने सम्मानित होने पर सभी का आभार व्यक्त किया। सबसे दिलचस्प बात यह है कि खेल विभाग के द्वारा नूंह जिले के खिलाड़ियों को न के बराबर सुविधाएं दी जा रही हैं। बावजूद उसके यहां की छुपी हुई प्रतिभा मैडल लाकर इस जिले का मान बढ़ाने का काम कर रहे हैं।


## एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट IV (देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना)

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 13(12) का पठित नियमों के नियम (3) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणीयों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमित कर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

| ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्ता/जमानतदार का नाम /ऋण खाता सं. | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| ऋण खाता सं.: L9001060118507517 प्रभु ठाकुर (ऋणी), [illegible] (सह-ऋणी) | 14 मार्च 2023 ₹ [illegible] [illegible] मात्र 13 मार्च 2023 | सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर एवं फिक्चर खेवट/खातौनी नं. 46/100, खसरा नं. [illegible], [illegible], [illegible] 1 बिस्वा 10 बिस्वांसी, [illegible], हदबस्त नं. 148, तहसील कालका, जिला पंचकूला, हरियाणा, क्षेत्रफल 1 बिस्वा 10 बिस्वांसी | 19 फरवरी 2024 |
| ऋण खाता सं.: L9001060117810528 [illegible] (ऋणी), [illegible] (सह-ऋणी), [illegible] (सह-ऋणी) | 07 सितम्बर 2022 ₹ [illegible] [illegible] मात्र 06 सितम्बर 2022 | सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित [illegible] 882/ए-1, खाता नं. 3420 [illegible], [illegible], तहसील व जिला-पलवल, हरियाणा क्षेत्रफल 63 वर्गगज, [illegible] | 20 फरवरी 2024 |

[illegible]

स्थान: हरियाणा दिनांक: 23-फरवरी-2024 प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड



## पायनियर क्लासीफाइड

**M/s. Elofic Industries Ltd., 14/4, Mathura Road, Faridabad, Haryana**

प्रेषक:
Nitin Kumar Chahar (Advocate)
Chamber No.24, Lawyars' Chambers' Building, Sector-12, District Courts Faridabad

प्रेषित:
Mr.Tarun Gaur S/o Sh. Kailash Chand Gaur, R/o H.No.1044, Sec-18, Faridabad, Haryana and also at H.No.1752 Gali No.3, Bharat Colony, Faridabad, Haryana.

विषय: अंतिम जांच सूचना

श्रीमान जी,

आपके विरुद्ध **M/s. Elofic Industries Ltd., 14/4, Mathura Road, Faridabad, Haryana,** द्वारा जारी किये गए आरोप पत्र दिनांक 16.08.2023 के सम्बन्ध में घरेलु जांच कार्यवाही चल रही है। आपकी घरेलु जांच कार्यवाही दिनांक 06.02.2024, 16.02.2024 व 22.02.2024 को निश्चित थी परन्तु आप जांच कार्यवाही में उपस्थित नहीं हुए। प्रबंधक प्रतिनिधि ने जांच कार्यवाही में आपके खिलाफ बार-बार ऐतराज उठाया व जांच कार्यवाही को एकतरफा किये जाने की प्रार्थना की।

आपकी अनुपस्थिति में जाँच कार्यवाही को एकतरफा किया जा सकता था परन्तु मैंने प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों को मद्देनजर रखते हुए आपको एक अंतिम मौका देना उचित समझा।

इस प्रकाशन द्वारा आपको सूचित किया जाता है की आप पर लगे आरोपों के सम्बन्ध में चल रही घरेलू जांच कार्यवाही को अब दिनांक 28.02.2024 को समय 01.00 PM के लिए निश्चित किया गया है। यहाँ यह भी स्पष्ट किया जाता है की आपका उक्त जांच कार्यवाही में शामिल होना आवश्यक है। आप चाहे तो अपने साथ किसी भी सहकर्मी को जांच कार्यवाही में ला सकते हैं। आपको विश्वास दिलाया जाता है की जांच कार्यवाही पूर्णतया निष्पक्षता के सिद्धांत पर होगी और आपको अपना पक्ष रखने का पूरा-पूरा मौका दिया जाएगा।

जांच कार्यवाही का स्थल **Chamber No. 231, Second Floor, Lawyers' Chambers' Building, District Courts Faridabad, Haryana** होगा। यदि आप उपरोक्त दिए गए समय व स्थान पर जांच कार्यवाही में हाजिर नहीं हुए तो आपकी इस जांच कार्यवाही को आपके खिलाफ एकतरफा कर दिया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी पूर्ण रूप से आप पर होगी।

भवदीय,
Nitin Kumar Chahar (Advocate)
जांच अधिकारी


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# महिला अधिकार

## असंवैधानिक नियम

**सर्वोच्च न्यायालय** ने फैसला दिया है कि विवाह या पारिवारिक जिम्मेदारी के कारण महिलाओं को रोजगार से हटाने के नियम असंवैधानिक हैं। एक उल्लेखनीय फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने विवाह करने पर महिलाओं को रोजगारों से अनिवार्य रूप से हटाने वाले नियमों को 'आदिमकालीन, भेदभावपूर्ण तथा संवैधानिक सिद्धान्तों का उल्लंघन करने वाला' बताया है। यह निर्णय जेंडर समानता तथा महिला अधिकार संरक्षण की दिशा में मील का एक पत्थर है। दशकों से अनेक रोजगार क्षेत्रों में महिलाओं को अपने वैवाहिक स्तर या पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण नौकरी से बाहर कर दिया जाता था। ऐसे भेदभावपूर्ण व्यवहार के कारण न केवल जेंडर असमानता को बढ़ावा मिलता है, बल्कि महिला की आर्थिक स्वतंत्रता तथा पेशेवर प्रगति भी बाधित होती है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ऐसे नियम खारिज करना जेंडर न्याय तथा कार्यस्थल समानता के दृष्टिकोण से महिलाओं की विजय है।

इसके साथ ही कानून के समक्ष समानता तथा जेंडर के आधार पर भेदभाव-निषेध की संवैधानिक गारंटी भी पूरी हुई है। यह समाज को ऐसी बुराइयों से मुक्त करने का प्रयास है जो महिलाओं को अविश्वसनीय व धोखेबाज मानता है क्योंकि वे अपने परिवारों के लिए बीच में रोजगार छोड़ देती हैं। ऐसे प्रतिगामी नियमों का विस्तार व्यक्तिगत रूप से महिलाओं से आगे जाता है और वे असमानता की संस्कृति बढ़ाने तथा हानिकारक पूर्वाग्रह मजबूत करने में सहायक सिद्ध होते हैं। इन बाधाओं को तोड़ कर न्यायपालिका ने व्यवस्थागत जेंडर भेदभाव को समाप्त करने तथा ज्यादा समावेशी व समतापूर्ण समाज बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। निश्चित रूप से समय की कसौटी पर खरे उतरने वाले परिवर्तन समाज के भीतर से आने चाहिए, पर एक प्रगतिशील समाज सुनिश्चित करने के लिए उनका विधिक संरक्षण जरूरी है।



यह निर्णय बिना किसी प्रकार की मनमानी बाधाओं के महिलाओं के काम करने तथा कॅरियर अवसरों का लाभ उठाने के अधिकारों का महत्व रेखांकित करता है। महिलाओं को व्यक्तिगत जीवन तथा पेशेवर महत्वाकांक्षाओं के बीच चयन के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि उनको अपनी शर्तों पर दोनों क्षेत्रों में आगे बढ़ने की स्वतंत्रता प्राप्त है। इसके साथ ही महिलाओं को रोजगार अवसरों से वंचित करने के अनेक आर्थिक दुष्प्रभाव होते हैं। कार्यस्थल पर जेंडर समानता न केवल सिद्धान्त का मामला है, बल्कि यह आर्थिक वृद्धि तथा सामाजिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। जेंडर को अनदेखा कर सभी व्यक्तियों की प्रतिभा और क्षमता का लाभ उठाना खोज, उत्पादकता तथा समृद्धि की तलाश करने वाले समाजों के लिए जरूरी है। जेंडर-आधारित भेदभाव का मुकाबला करने के प्रयासों का विस्तार विधिक ढांचे से आगे निकल कर व्यापक सामाजिक दृष्टिकोण व मानकों तक विस्तारित है। गहराई तक जड़ें जमाए पूर्वाग्रहों को चुनौती देने तथा जेंडर समानता प्रोत्साहित करने के लिए शिक्षा, जागरूकता अभियान व एडवोकेसी अनिवार्य उपकरण हैं। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय महिला अधिकारों के लिए संघर्ष में मील का एक पत्थर है, पर यह अभी जेंडर समानता के व्यापक आंदोलन की दिशा में शुरुआत है। सभी पक्षों की ओर से सकारात्मक प्रयास सचमुच समावेशी और समान समाज बनाने के लिए लगातार प्रयास जरूरी हैं जिनमें सरकारें, सेवायोजक, सिविल सोसाइटी और व्यक्ति शामिल हैं। हम प्रसन्न हो सकते हैं कि महिलाओं के समक्ष मौजूद एक और बाधा टूटी है तथा अदालत को इस उल्लेखनीय फैसले के लिए धन्यवाद दिया जाना चाहिए।

# भाषाओं का संरक्षण महत्वपूर्ण

**हमें भाषाओं का संरक्षण करना चाहिए। किसी भाषा के नष्ट होने का अर्थ केवल शब्दों का नुकसान होने के बजाय संस्कृति एवं परंपरा का क्षरण भी है।**



**संतोष मैथ्यू**
(लेखक, असोसियेट प्रोफेसर हैं)



यूनेस्को के तत्वावधान में हर साल 21 फरवरी को 'अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' मनाया जाता है। इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन की घोषणा पहले 1999 में युनाइटेड नेशन्स एजुकेशनल, साइंटिफिक एंड कल्चरल आर्गेनाइजेशन-यूनेस्को ने भाषाई व सांस्कृतिक विविधता को प्रोत्साहन देने के लिए की थी। वर्ष 2000 से इसे हर साल मनाया जाता है। 2024 में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की थीम 'पीढ़ीगत शिक्षण के लिए बहुभाषी शिक्षा स्तंभ' है। इस तिथि का ऐतिहासिक महत्व है। इस दिन तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान व वर्तमान बांग्लादेश के छात्रों ने 1952 से जारी भाषा आंदोलन में अनेक बलिदान दिए थे। वे अपनी भाषा-बांग्ला को पाकिस्तान की एक आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता दिलाना चाहते थे। तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान की 54.1 प्रतिशत जनसंख्या बांग्ला बोलती थी। इस्लामी पहचान के बावजूद पश्चिमी पाकिस्तान और पूर्वी पाकिस्तान के बीच अनेक भाषाई, सांस्कृतिक, नस्ली और भौगोलिक विरोधाभासथे। इस सांस्कृतिक टकराव के दौरान इस्लामाबाद के शासकों ने उर्दू को आधिकारिक भाषा घोषित कर दिया था।

इस प्रकार उन्होंने बांग्ला भाषा को पूरी तरह अनदेखा किया था जिसे जनता अपने दिल के निकट मानती थी। उस समय पूर्वी बंगाल की राजधानी ढाका में हजारों छात्र एकत्र हुए थे और उन्होंने आंदोलन शुरू किया था। पश्चिमी पाकिस्तान ढाका विश्वविद्यालय तथा ढाका मेडिकल कालेज के छात्रों का प्रदर्शन बलपूर्वक कुचल देना चाहता था। भाषा आंदोलन के खिलाफ फौजी कार्रवाई में अनेक अन्य लोगों के साथ छात्र नेता अब्दुल सलमान, रफीकुद्दीन अहमद, अब्दुल बलखाद और अब्दुल जब्बार शहीद हुए थे। 21 फरवरी, 1952 से शुरू हुए इस भाषा आंदोलन को अंततः सफलता मिली थी और उर्दू के साथ बांग्ला को अविभाजित पाकिस्तान की मातृभाषा माना गया था।

मातृभाषा केवल संचार का माध्यम नहीं है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक पहचान, हमारी विरासत की संरक्षक तथा एक ऐसा सेतु है जो हमें अपनी पुरानी पीढ़ियों के विवेक से जोड़ता है। लेकिन आज समय बीतने के साथ अनेक भाषायें गायब हो रही हैं। अनुमान है कि हर दो सप्ताह में दुनिया से एक भाषा गायब हो जाती है। भविष्य में लगभग 43 प्रतिशत बोली जाने वाली भाषायें गायब हो जाएंगी। यूनेस्को द्वारा इस दिवस की घोषणा का उद्देश्य भाषाओं के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर देना है। दुनिया में लगभग 6000 भाषायें हैं जिनमें से कुछ के पास लिपि है और कुछ के पास नहीं। दुनिया में चीनी या मंडारिन सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है जिसे विश्व जनसंख्या का 16 प्रतिशत अपनी मातृभाषा के रूप में बोलता है। इस दृष्टिकोण से अंग्रेजी और हिन्दी का दूसरा और तीसरा स्थान है। अनेक भाषायें बोलने में सक्षम लोगों को 'बहुभाषी' कहा जाता है।

वर्तमान वैश्वीकृत समाज में अधिकाधिक भाषाओं में दक्षता को बहुत बड़ा कौशल माना जाता है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव 17 भाषायें धाराप्रवाह बोल सकते थे और इस प्रकार वे 'बहुभाषी' लोगों का अच्छा उदाहरण थे। वर्तमान समय में 3000 से अधिक भाषायें संकटग्रस्त हैं। 1950 के बाद से दुनिया से 230 भाषायें गायब हो गई हैं। यूनेस्को की पूर्व महानिदेशक इरिना बोकोवा के नेतृत्व में संकटग्रस्त भाषाओं के संरक्षण की अनेक परियोजनायें चलाई गई थीं। इनमें से एक बांग्लादेश की राजधानी ढाका में स्थापित 'इंटरनेशनल मदर लैंग्वेज इंस्टीट्यूट' है।

संयुक्त राष्ट्रसंघ की सहायता से मातृभाषाओं के प्रोत्साहन की अनेक योजनायें शुरू की गई हैं। 2008 को 'अंतरराष्ट्रीय भाषा दिवस' के रूप में मनाया गया था और गायब होती भाषाओं को संरक्षण देने के प्रयास किए गए थे। संयुक्त राष्ट्र नीत सहस्राब्दी विकास लक्ष्यों में चौथा स्थान मातृभाषा के माध्यम से बेहतर और ज्यादा समावेशी शिक्षा को दिया गया है। संरा. अनुमानों के अनुसार दुनिया में बोली जाने वाली लगभग 7000 भाषाओं के अगली पीढ़ी में बने रहने की कोई गारंटी नहीं है। इनमें से 98 प्रतिशत भाषाओं का प्रयोग दुनिया की केवल 4 प्रतिशत जनसंख्या करती है। भाषाविदों ने पता लगाया है कि एशिया और अफ्रीका के कुछ समाजों में कुछ भाषायें केवल महिलायें बोलती हैं।

कर्नाटक के गुलबर्गा व महाराष्ट्र के शोलापुर में अब भी लोकप्रिय 'दखिनी' ऐसी ही एक भाषा है। 2011 की जनगणना के अनुसार, संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषायें दर्ज हैं जिनमें 121 मातृभाषायें शामिल हैं। भारत की जनसंख्या का 43.6 प्रतिशत, यानी 52.8 करोड़ लोग हिन्दी बोलते हैं। इसके बाद सबसे ज्यादा 8 प्रतिशत लोगों की भाषा बांग्ला है। मातृभाषा के रूप में अंग्रेजी बोलने वाले 2.6 लाख लोगों में से एक लाख से अधिक महाराष्ट्र में हैं। दूसरी भाषा के रूप में पूर्वोत्तर राज्यों में हिन्दी के बजाय अंग्रेजी को पसंद किया जाता है। 2011 में मणिपुरी मातृभाषा वाले 17.6 लाख लोगों में से 4.8 लाख लोगों ने अंग्रेजी को अपनी दूसरी भाषा माना था। हालांकि, हिन्दी के साथ अंग्रेजी को केन्द्र सरकार की दो आधिकारिक भाषाओं में शामिल किया गया है, पर यह आठवीं अनुसूची की 22 भाषाओं में शामिल नहीं है। इसे उन 99 भाषाओं में स्थान दिया गया है जो इस अनुसूची में नहीं हैं। मातृभाषा के दृष्टिकोण से भारत में अग्रेजी बोलने वाले केवल 2.6 लाख लोग थे जो जनगणना में शामिल 121 करोड़ लोगों का बहुत छोटा हिस्सा है। फिजी में हिन्दी आधिकारिक भाषा है जिसे 44 प्रतिशत जनसंख्या बोलती है। इस प्रकार प्रतिशत के दृष्टिकोण से फिजी में हिन्दी बोलने वालों की संख्या भारत से अधिक है।

भारत भाषाई विविधता से भरा देश है। यहां हिन्दी और अंग्रेजी के साथ 22 क्षेत्रीय भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची के अनुसार आधिकारिक दर्जा दिया गया है। लेकिन हमारी पैतृक भाषा संस्कृत का प्रभाव समाज में घट रहा है। 15,000 से कम लोग बोलने वाली भाषा के रूप में संस्कृत का प्रयोग करते हैं। हालांकि, केन्द्र और राज्य सरकारों ने संस्कृत को प्रोत्साहन देने की अनेक योजनायें बनाई हैं, पर संस्कृत में केवल एक दैनिक 'सुधर्म' प्रकाशित होता है। उत्तराखंड एकमात्र ऐसा राज्य है जिसने संस्कृत को अपनी आधिकारिक भाषाओं में शामिल किया है। 1961 की जनगणना के अनुसार भारत में 1,662 भाषाओं को 'मातृभाषा' माना गया था। लेकिन 2011 की जनगणना में केवल 234 भाषाओं को मातृभाषा माना गया है। पचास साल से कम समय में 800 से अधिक मातृभाषायें विलुप्त हो गई हैं।

निहाली को अब भी मातृभाषा माना जाता है जिसे मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के 15 गांवों में लगभग 15,000 लोग बोलते हैं। इसी प्रकार महाराष्ट्र के एक गांव में लगभग 1,000 पुर्तगाली बोलने वाले लोग हैं। यूनेस्को ने ऐसी 197 भारतीय भाषाओं की सूची बनाई है जो विलुप्त हो सकती हैं। अंग्रेजी, स्पैनिश और फ्रेंच भाषाओं ने अपनी लिपि विकसित नहीं की, बल्कि उन्होंने लिखने के लिए लैटिन लिपि स्वीकार कर ली। हिन्दी भाषा की भी अपनी लिपि नहीं है और वह देवनागरी लिपि का प्रयोग करती है।

बांग्लादेश के राष्ट्रगान 'आमार सोनार बांग्ला' को रवीन्द्रनाथ टैगोर ने 1905 में बंगाल के पहले विभाजन के समय लिखा था। विश्व भारती में रवीन्द्रनाथ टैगोर के शिष्य आनन्द समरकून ने श्रीलंका का राष्ट्रगान 'नमो नमो माथा' लिखा था। 2009 में समाप्त होने वाले श्रीलंका के गृहयुद्ध के दस दशक पहले सिंहली के साथ तमिल को श्रीलंका की आधिकारिक भाषा माना गया था। केन्द्र सरकार के अनुसार, 1961 से 200 से अधिक भारतीय भाषायें विलुप्त हो गई हैं। इनमें से अधिकांश भाषाओं का प्रयोग आदिवासी समुदाय करते थे। 1961 की जनगणना के बाद सरकार ने 10,000 से कम लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषाओं का राष्ट्रीय दर्जा समाप्त कर दिया। हमें स्वीकार करना चाहिए कि भाषाओं का गायब होना केवल शब्दों का गायब होना नहीं, बल्कि संस्कृति व परंपराओं का गायब होना भी है। नोम चॉमस्की के अनुसार, 'भाषा केवल शब्द नहीं हैं। यह संस्कृति, परंपरा, एक समुदाय का एकीकरण और समुदाय का पूरा इतिहास है। ये सारी चीजें भाषा में अंतर्निहित हैं।' इसे देखते हुए भाषाओं को गायब होने देना ऐसा पाप है जिसे हम अपने पूर्वजों के साथ अपनी भावी पीढ़ियों के प्रति भी करते हैं।

# आम चुनावों में कृत्रिम बुद्धि व डिजिटल मीडिया

> **यह देखते हुए कि एआई संभवतः हमारे चुनावों को कैसे प्रभावित करेगा, हमें कई मोर्चों पर तत्काल कार्रवाई करने की आवश्यकता है।**

**पूजा कपूर**
(लेखिका, सह प्रोफेसर हैं)



आजकल, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय हित कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ब्लॉकचेन और नैनोटेक्नोलॉजी जैसी प्रौद्योगिकियों से जुड़े हुए हैं। जैसे-जैसे यह आगे बढ़ता है, यह आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मुद्दों के अलावा कई निर्भरताएँ, शक्ति संघर्ष, प्रतिद्वंद्विता, जोखिम और अवसर पैदा करता है। इसमें चुनावी माहौल को पूरी तरह से बदलने की शक्ति है, जो भारतीय लोकतंत्र के लिए लाभ और कठिनाइयाँ दोनों प्रदान करता है।

उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एआई द्वारा संचालित एल्गोरिदम का उपयोग सभी सोशल मीडिया साइटों द्वारा किया जाता है। राजनीतिक रणनीति निर्धारित करने के लिए इन एल्गोरिदम का उपयोग महत्व बढ़ रहा है। परिणामस्वरूप, मतदाता खुद को अलग-थलग सूचनात्मक बुलबुले में पा सकते हैं जो विरोधी विचारों के प्रति उनके जोखिम को सीमित करते हैं और उनके मतदान निर्णयों और प्राथमिकताओं को प्रभावित कर सकते हैं। डीपफेक, या ऐसे वीडियो जिन्हें प्रामाणिक दिखने के लिए बदल दिया गया है, का उपयोग झूठी कहानियां फैलाने और विरोधियों को बदनाम करने के लिए किया जा सकता है। सोशल मीडिया बॉट संदेशों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर सकते हैं और नकली रुझान बना सकते हैं, जिसका उपयोग उन लोगों को प्रभावित करने के लिए किया जा सकता है जो निश्चित नहीं हैं कि किसे वोट देना है। एआई-संचालित दुष्प्रचार की जटिलता से तथ्य को कल्पना से अलग करना कठिन हो जाता है, जो चुनावों के दौरान अच्छी तरह से सूचित निर्णय लेने के लिए एक गंभीर खतरा पैदा करता है।

चूंकि प्रौद्योगिकियां अधिक परिष्कृत होती जा रही हैं, इसलिए अवैध गतिविधियों को विदेशी अभिनेताओं (आतंकवादी संगठनों या स्लीपर सेल) से जोड़ना और पहचानना अधिक चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। इससे उन्हें ज़िम्मेदार ठहराना और भविष्य में हस्तक्षेप रोकना अधिक कठिन हो सकता है। एआई-संचालित बॉट्स को विदेशी सरकारों और ट्रोल फार्मों द्वारा तैनात किया गया था, जिनके साथ वे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर फर्जी पहचान और भ्रामक जानकारी के नेटवर्क के साथ जुड़े हुए थे, जिसका उद्देश्य जनता की राय को प्रभावित करना था।

इन बॉट्स ने अन्य उम्मीदवारों के खिलाफ नकारात्मक रूढ़िवादिता और साजिशों का प्रचार किया, कुछ संचार को बढ़ाया, और यह धारणा दी कि एक विशेष उम्मीदवार को व्यापक समर्थन मिल रहा था। कुछ महीने पहले जब भारतीय प्रधानमंत्री का डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो हमें इसकी एक झलक मिली। यह लोकतंत्र के लिए गंभीर ख़तरा है क्योंकि इसका उपयोग मतदाताओं के निर्णयों और कार्यों को प्रभावित करने के लिए किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, राजनीतिक परामर्श फर्म कैम्ब्रिज एनालिटिका ने अरबों फेसबुक खातों से एकत्रित जानकारी का उपयोग करके मतदाताओं के व्यापक मनोदैहिक प्रोफाइल बनाए। इस डेटा का उपयोग करके, वे इन व्यक्तियों को अनुकूलित सोशल मीडिया संदेशों और विज्ञापनों के साथ लक्षित करने में सक्षम थे, जिसका प्रभाव 2016 और 2020 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों के साथ-साथ फिलीपीन मध्यावधि चुनावों में उनके मतदान करने के तरीके पर पड़ सकता है। सकारात्मक पक्ष पर, सोशल मीडिया और कृत्रिम बुद्धिमत्ता लोकतंत्र का समर्थन और संवर्धन कर सकते हैं। सूक्ष्म-लक्षित मतदाताओं के लिए एआई की क्षमता इसके सबसे महत्वपूर्ण प्रभावों में से एक है। इसमें जनसांख्यिकी, सोशल मीडिया गतिविधि और इंटरनेट आचरण सहित ढेर सारे डेटा का उपयोग करके प्रत्येक मतदाता की व्यापक प्रोफ़ाइल बनाना शामिल है। एआई-संचालित एप्लिकेशन अनुकूलित रणनीति प्रदान करते हैं जो पारंपरिक जन अभियानों की तुलना में मतदाताओं को प्रभावित करने की अधिक संभावना रखते हैं। उदाहरण के लिए, भावना विश्लेषण तकनीक उभरते मुद्दों का पता लगा सकती है और जनता की राय को माप सकती है, जिससे अभियानों को अपने संदेश को संशोधित करने और उन मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है जो मतदाताओं के लिए सबसे ज्यादा मायने रखते हैं।

एआई-संचालित चैटबॉट सामान्य प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं और मतदाताओं को चौबीसों घंटे सूचित कर सकते हैं, जिससे अधिक महत्वपूर्ण कार्यों के लिए मानव संसाधन मुक्त हो सकते हैं। डेटा-संचालित मॉडल मतदाता मतदान का पूर्वानुमान लगाकर और संसाधनों का इष्टतम आवंटन करके अभियान की प्रभावकारिता और सामर्थ्य में सुधार करते हैं। एआई और सोशल मीडिया का उपयोग जागरूकता बढ़ाने, बड़े दर्शकों तक पहुंचने और शिकायतों का समाधान करने के लिए किया जा सकता है। चुनाव आयोग प्रासंगिक जानकारी सोशल मीडिया पर साझा कर सकता है। शिकायतों का जवाब देने के लिए चुनाव आयोग की वेबसाइट एआई-आधारित चैटबॉट तैनात कर सकती है। एआई एल्गोरिदम तथ्य-जाँच उपकरणों के उपयोग से सच्ची खबर को झूठी खबर से अलग कर सकता है। भारत जैसे बड़े देश में, सोशल मीडिया के उपयोग को नियंत्रित और विनियमित करना लगभग कठिन है। इसलिए, यदि हम समस्या को हल करने में असमर्थ हैं, तो हमें समाधान खोजना चाहिए। यह देखते हुए कि एआई संभवतः हमारे चुनावों को कैसे प्रभावित करेगा, हमें कई मोर्चों पर तत्काल कार्रवाई करने की आवश्यकता है। चुनावी बुनियादी ढांचे और मतदाता डेटा पर हमलों को रोकने के लिए सबसे पहले मजबूत साइबर सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है।

दूसरा, दुष्प्रचार और प्रचार को पहचानने और अस्वीकार करने के लिए, मतदाताओं को अपनी मीडिया साक्षरता और आलोचनात्मक सोच क्षमताओं को सुधारने की आवश्यकता है। तीसरा, चुनावों में विदेशी हस्तक्षेप को रोकने के लिए, हमें लोकतंत्रों के बीच सूचना के आदान-प्रदान और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में सुधार करने की आवश्यकता है।

## आप की बात

### बच्चों की परीक्षा

**बच्चों** के लिए परीक्षा का समय आ गया है। साल भर की कड़ी मेहनत से बच्चे सुखद भविष्य की नीव मजबूत बनाने का प्रयास कर रहे हैं। बच्चों की परीक्षा उनके माता-पिता और संरक्षकों की भी परीक्षा है। परीक्षा शब्द ही बच्चों में अजीब सी फीलिंग देता है और वे परीक्षा परिणामों के प्रति चिंता पाल लेते हैं। यदि कोई बच्चा सोच ले कि उसकी तैयारी ठीक नहीं हुई है या वह पहले याद की गई चीजें भूल रहा है तो उसमें निराशा की भावना पैदा होती है। यही समय माता-पिता व के सतर्क रहने का है। बच्चो को ऐसा वातावरण, प्रेम और स्नेह दें जिससे उनका मनोबल बढ़े तथा परीक्षा को लेकर तनाव कोसो दूर तक नजर न आए। माता पिता को परीक्षाओं के इस समय में बच्चों की छोटी-छोटी जरूरतों को समझना चाहिए। समय पर खान-पान, परीक्षा संबधी तैयारी, स्वस्थ मनोरंजन, तनाव मुक्त तथा प्रोत्साहन का वातावरण बनाना माता-पिता की जिम्मेदारी है। अक्सर बच्चे पेपर बिगड़ने से मानसिक रूप से हताश हो जाते है। ऐसे में उन्हें चिंता मुक्त करने की जिम्मेदारी माता-पिता के साथ उनके सहपाठियों की भी होती है। यदि सहपाठी प्रतियोगिता की भावना के बजाय छात्रों में परस्पर सहायता और समझदारी विकसित करने का प्रयास करें तो सभी बच्चों को परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा।

– **योगेश जोशी,** बड़वाह

### अलविदा अमीन सयानी

**लगातार** 50 वर्षों तक रेडियो सहित आवाज की दुनिया में अपना वर्चस्व कायम रखने वाले अमीन सयानी हमारे बीच नहीं हैं। मगर उनकी झरने सी खनकती आवाज और उनका सबसे निराला बोलने का अंदाज सुनने वालों के मन में एक कशिश पैदा करता था। बिनाका गीत माला से प्रसिद्ध हुए अमिन सयानी रेडियो सीलोन से लगातार 40 वर्ष तक यह कार्यक्रम को चलते रहे। उस वक्त जब टीवी नहीं था तब अमीन सयानी का बिनाका गीत माला कार्यक्रम सुनने के लिए लोग बेताब रहते थे और जिनके यहां रेडियो नहीं थे वह रेडियो वालों के यहां एकत्रित हो जाते थे। भारत के अनेक गायकों को रेडियो और आकाशवाणी से लोकप्रियता मिली थी, उसी प्रकार अमीन सयानी फिल्मी संगीत की दुनिया में प्रस्तुतकर्ता के रूप में एकमात्र विख्यात आवाज वाली शख्सियत थे। रेडियो के अलावा भी जहां भी कार्यक्रम में उनकी आवाज सुनने को मिलती वहां लोग झूमने लगते। अमीन सयानी की लोकप्रियता प्रकारान्तर से दृश्य माध्यम, यानी टीवी, फिल्म आदि की तुलना में श्रव्य माध्यम की विशिष्टता प्रदर्शित करती है। सुने हुए शब्दों व गीतों से बनने वाली छवि दृश्यमान छवि से कम प्रभावी नहीं होती है। इस खनकती आवाज के नायक को शत-शत नमन।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### असांजे का प्रत्यर्पण

**अमेरिका** वर्तमान समय में विकीलीक्स संस्थापक जूलियन असांजे को अपने देश में प्रत्यर्पण कराने के प्रयास कर रहा है। दूसरी ओर असांजे के वकील एवं ब्रिटेन में उनके समर्थक प्रदर्शन कर मांग कर रहे हैं कि उन्हें किसी कीमत पर अमेरिका प्रत्यर्पित नहीं किया जाना चाहिए। उम्मीद है कि इंग्लैंड की अदालत इस पर गंभीरता से गौर करेगी। अमेरिकन राजनय की सच्चाई का पर्दाफाश करने वाले जूलियन असांजे को अमेरिका में मृत्युदंड होने का खतरा है। असांजे पर जासूसी के 17 आरोपों के साथ लगभग 15 साल पहले उनकी वेबसाइट पर वर्गीकृत अमेरिकी दस्तावेजों के प्रकाशन पर कंप्यूटर के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। अमेरिका का कहना है कि असांजे ने अमेरिकी सेना के खुफिया सूचना विश्लेषक चेल्सी मैनिंग को राजनयिक केबल और सैन्य फाइलें चुराने में मदद की, जिन्हें बाद में विकीलीक्स ने प्रकाशित किया। असांजे द्वारा किए खुलासों से पता चला था कि अमेरिकी सेना ने अफगानिस्तान और इराक में युद्ध के दौरान हज़ारों लोगों को अकारण मार डाला था। जूनियन असांजे ने अमेरिकी लोकतंत्र के पीछे छिपे असली साम्राज्यवादी तानाशाहों की तस्वीर सारी दुनिया के सामने उजागर की थी। उनका जीवन महत्वपूर्ण है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### संवरता कश्मीर

**मोदी सरकार** ने कश्मीर घाटी से धारा 370 हटा कर उसे संवारने की दिशा में अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। अब यहां की हालत में भारी बदलाव आया है एवं जनता में भी बढ़ती खुशहाली की खबरें आने लगी हैं। पिछले दिनों जम्मू कश्मीर के लिए 32,000 करोड रुपए से भी अधिक की परियोजनायें और शुरू किए जाने से अब यहां की जनता और प्रसन्न है। परिवारवाद ने भी कश्मीर का काफी शोषण किया है। शिख अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती व कुछ अन्य परिवारों ने आम कश्मीरी जनता का हक मारने का काम ही अधिक किया है। नौजवानों को बहकाने वाले उग्रवादियों, अलगाववादियों व पाकिस्तान परस्त नेताओं के बच्चे तो विदेशों में ठाठ से रहते थे, पर कश्मीर का नौजवान अंधी गली में फंस गया था। आज परिस्थितियों में व्यापक बदलाव आया है। केंद्र सरकार की सभी योजनाओं तथा संविधान के सभी प्राविधान लागू होने से अब हर जाति और समाज के हर वर्ग का विकास हो रहा है। कश्मीर अब संवर रहा है, यूरोपीय पर्यटन स्थलों से मुकाबला कर रहा है तथा फिल्म निर्माण व सांस्कृतिक गतिविधियां बढ़ी हैं।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# आम बजट को पक्ष ने सराहा तो विपक्ष ने नकारा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**मनोहर** सरकार की ओर से शुक्रवार को पेश किए आम बजट को सत्ता पक्ष ने सराहनीय बताया है, जबकि विपक्ष ने इस बजट को नकारा है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दूसरे कार्यकाल का आज आखिरी बजट पेश किया। बजट को लेकर पक्ष-विपक्ष के लोगों से बात की गई, तो उन्होंने इस तरह से अपनी प्रतिक्रिया दी। बजट को सत्ता पक्ष के लोगों ने हर वर्ग के लिए फायदेमंद बताया है।

## बजट पूरी तरह संतुलित : रेखा बाल्मीकि



**भाजपा** महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव रेखा बाल्मीकि ने कहा कि किसान, व्यापारी, कर्मचारी सहित आम वर्ग के लोगों को इस बजट से फायदा मिलेगा। किसानों के लिए भी कई अहम घोषणाएं बजट में की गई हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार हर वर्ग की सरकार है और हर वर्ग के हितों का विशेष ध्यान रख कर ही सरकार ने अपना बजट पेश किया है। बजट में सब का साथ और सबका विकास पर बल दिया है। बजट पूरी तरह संतुलित है। जनता पर न कोई नए कर का भार डाला है और न ही पहले से लगे हुए करों में कोई इजाफा किया है।

## महंगाई को कम करने के लिए कोई प्रावधान नहीं किया : जवाहर गोयल



**आम** आदमी पार्टी हरियाणा लीगल सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट जवाहर लाल गोयल ने कहा कि बजट में बेरोजगारी व महंगाई को कम करने के लिए कोई प्रावधान नहीं दिया गया। व्यापारियों व किसानों के लिए भी बजट में कोई घोषणा नहीं की गई। हर वर्ग के लोगों को बजट से जो उम्मीद थी, वह पूरी नहीं हो पाई। आज महंगाई लगातार बढ़ रही है, खाद्य पदार्थो के भाव बढ़ रहे हैं, इससे आम आदमी को रोजी-रोटी का जुगाड़ करना मुश्किल हो गया है।

## उम्मीदें हुई तार-तार : डॉ कपूर सिंह



**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता डॉ कपूर सिंह ने कहा कि भाजपा की सरकार से जनता को ढेरों उम्मीदें थी। बजट में जनता को कुछ नया नहीं दिया गया है। गरीब, किसान व मजदूर के हित में कोई नई योजना को धरातल नहीं दिया गया। किसानों के हितों का तनिक भी ख्याल नहीं रखा गया और व्यापारियों को भी कोई विशेष नहीं दिया। बजट पूरी तरह निराश करने वाला है। बजट जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा।

## भाजपा नहीं चाहती किसान हित : राकेश बैंस




**भारतीय** किसान यूनियन (चढ़ूनी) के प्रदेश प्रवक्ता राकेश बैंस ने कहा कि हरियाणा की जनता ने 1947 के बाद पहली बार बीजेपी को इसलिए बहुमत दिया था कि किसान वर्ग का उत्थान होगा, किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। बजट में दर्शा दिया गया है कि यह सरकार किसानों का हित नहीं चाहती और न ही किसानों के लिए इस सरकार के पास कोई योजना है। इसके बजट में जनता को कोई बड़ी विकास परियोजना भी समर्पित नहीं की।

## बजट निराश करने वाला : पठानिया




**आम** आदमी पार्टी महिला विंग कुरुक्षेत्र की जिलाध्यक्षा आशा पठानिया ने कहा कि यह बजट जनता को निराश करने वाला है। कई घोषणाएं जो पहले हो चुकी हैं, उन्हें दोहराया गया है। जनता के लिए कुछ नया पेश नहीं किया गया और हर वर्ग मे मायूसी है। जनता ने बड़ी उम्मीदें लगा कर भाजपा की सरकार को बहुमत दिया था, लेकिन इस सरकार ने जनता को विश्वास तोड़ दिया है। जो वायदे सत्ता में आने से पहले किए गए थे, उनमें से एक भी पूरा नहीं किया है।

## सभी वर्गों के विकास की सोच को दर्शाता है बजट : सुभाष कलसाना



**एबीवीपी** के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुभाष कलसाना ने कहा कि यह बजट समाज के सभी वर्गो के विकास की सोच को दशार्ता है। मेक इन हरियाणा पर जोर दिया गया है। समाज के सभी वर्गो का विकास होगा और सामाजिक क्षेत्र पर बल दिया गया है। यह बजट सरकार की विकासोन्मुख सोच को दशार्ता है। बजट में ग्रामीण विकास का भी पूरा ख्याल रखा गया है।

## कर्ज बढ़ाने वाला और जन विरोधी है हरियाणा का बजट : अशोक अरोड़ा



**पूर्व** मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक अरोड़ा ने हरियाणा सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट कर्जा बढ़ाने वाला और जन विरोधी है। बजट में पहले से ही कर्ज में डूबे प्रदेश पर और अधिक कर्जा बढ़ेगा और यही हालात रहे तो हरियाणा दिवालिया हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बजट में खेती, शिक्षा और ग्रामीण विकास की राशि में कटौती की गई है। बजट में 35.47 प्रतिशत उधार लिया जाएगा, जबकि 13.26 प्रतिशत ब्याज में जाएगा और 17.93 प्रतिशत कर्जा उतारने में चला जाएगा। बजट के अनुसार सरकार लोन और ब्याज उतारने के लिए भी कर्ज लेगी। उन्होंने बजट को जनविरोधी करार दिया।

# सिलाई प्रशिक्षण पर वर्कशॉप का आयोजन



**जालंधर।** आज बीएससी फैशन डिजाइनिंग सेमेस्टर 2, 4 और 6 की छात्राओं के लिए लायलपुर खालसा कॉलेज फॉर वूमेन जालंधर में फैशन डिजाइनिंग के पीजी विभाग द्वारा इलेक्ट्रॉनिक सिलाई और उपकरणों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया ।उषा इंटरनेशनल लिमिटेड के श्री शाहजीत स्त्रोत वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने 30 इनबिल्ट टांके वाली सिलाई मशीनों की नवीनतम तकनीक के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने नई छात्राओं को मशीन के उत्पादन और इसका उपयोग करने के तरीके के बारे में एक प्रदर्शन दिया। पहले सिलाई केवल एक सुई लॉक सिलाई मशीन पर काम करने तक ही सीमित होती थी, लेकिन अब ज़िगज़ैग सिलाई मशीनों के साथ-साथ कम्प्यूटरीकृत सिलाई मशीनों के आगमन के साथ रचनात्मकता को क्रियान्वित किया जा सकता है। . 3 अलग-अलग प्रकार की सिलाई मशीनों के काम करने का एक लाइव प्रदर्शन आयोजित किया गया, जहां विभिन्न प्रेसर फुट जैसे पाइपिंग फुट, रफलर फुट, जिपर फुट आदि का उपयोग भी दिखाया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## युवा खिलाड़ी ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में जीता गोल्ड मेडल



**रोहतक।** अरूणाचल प्रदेश के इटानगर में हुए खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में रोहतक जिला के मोरखेड़ी गांव की युवा खिलाड़ी उषा प्रजापति ने वेट लिफ्टिंग में गोल्ड मेडल हासिल किया है। उसकी इस उपलब्धि पर गांव में खुशी का माहौल है। इससे पहले यूनिवर्सिटी गेम्स में ही इसी गांव की मंजू ने गोल्ड मेडल हासिल किया था। एक ही गांव की 2 होनहार युवा खिलाड़ी बेटियों ने गोल्ड मेडल जीतकर पूरे हरियाणा का नाम रोशन किया है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 19 से 23 फरवरी तक हुए थे। कोच गोपाल भाई शर्मा ने बताया कि उषा प्रजापति ने 59 किलोग्राम भार वर्ग में यह उपलब्धि हासिल की है। इससे पहले उसने जनवरी माह में हुई नेशनल सीनियर चैंपियनशिप में 2 गोल्ड मेडल हासिल किए थे। जबकि वह अंतरराष्ट्रीय कॉमनवेल्ड जूनियर चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल और स्किल चैंपियनशिप में ब्रांज मेडल हासिल कर चुकी है। कोच के मुताबिक पिछले 2 साल से उषा जिस भी चैंपियनशिप में भाग ले रही है, उसमें पदक हासिल कर ही है। वह चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की छात्रा है और फिलहाल लखनऊ स्थित साई अकादमी में कोचिंग हासिल कर रही है। उषा की मां सपना का कहना है कि उन्हें बेटी की उपलब्धि पर नाज है। उसने साबित कर दिया है कि आज लड़कियां हर क्षेत्र में लड़कों से बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं।

## नगर परिषद पार्क में लगी आग

**कैथल।** यहां नगर परिषद पार्क में आज शाम को पीर के पास अचानक आग लग गई। हालांकि आग लगने से कोई जान या माल का नुकसान नहीं हुआ लेकिन अगर समय रहते आपको ना बुझाया जाता तो यह साथ लगते अग्निशमन केंद्र और मीडिया सेंटर को अपने चपेट में ले सकती थी। जानकारी के अनुसार पार्क के सफाई कर्मी पूरे पार्क से सूखे पत्ते बटोर कर यहां डाल देते हैं। आज भी यहां पर भारी संख्या में सूखे पत्ते पड़े थे जिनमें अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आज की ऊंची ऊंची लपटें उठने लगी। जैसे ही अग्निशमन केंद्र को इसको पता लगा तो उन्होंने तुरंत आग पर काबू पाया। यदि यह आग नहीं बुझाई जाती तो अग्निशमन केंद्र और साथ लगते मीडिया सेंटर को नुकसान हो सकता था। आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है।

## छह फीट लंबे ब्लैक कोबरा को रेस्क्यू कर छोड़ा वन क्षेत्र में



**रोहतक।** सांपला खंड के गांव दत्तौड स्थित एक आटा चक्की में शुक्रवार सुबह ब्लैक कोबरा सांप मिलने से हडकंप मच गया। दुकान संचालक राकेश कौशिक ने जैसे ही सुबह दुकान को खोला तो उसको सामने कोबरा दिखाई दिया । कोबरा सांप को देख दुकान संचालक भाग खड़ा हुआ । कौशिक ने सांप मिलने की जानकारी संदीप गिझी को दी । जानकारी मिलते ही संदीप मौके पर पहुंचा । इस बीच दुकान के बाहर काफी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई । करीब 15 मिनट की कड़ी मशकत के बाद करीब 6 फीट लंबे सांप को काबू किया गया । संदीप ने बताया कि यह भारतीय कोबर सांप बेहद खतरनाक होता है। इसके काटने के बाद झाड़ - फुंक के चक्कर में नहीं पडना चाहिए । मरीज को तत्काल हास्पिटल पहुंचा जरूरी है। अन्यथा उसकी मौत हो सकती है। संदीप ने लोगों से आग्रह किया कि सांप को भी प्रकृति ने जीने का हक दिया है। इसको मारने के बजाए पकड़ कर वन क्षेत्र में छोड़ देना चाहिए । हालांकि बिना पूरी जानकारी के सांप पकडना खतरनाक हो सकता है।

## सीएम कप प्रतियोगिता में अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें

**यमुनानगर।** खेल विभाग हरियाणा के प्रधान सचिव नवदीप सिंह विर्क ने निर्देश दिए कि 28 फरवरी से होने वाले सीएम कप प्रतियोगिता में अधिक से अधिक भागीदारी हो, युवाओं को खेलों से जोडने के लिए अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए और खिलाडियों से 26 फरवरी सायं 6 बजे तक रजिस्ट्रेशन करवाया जाए। वह शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से खेलों से जुड़े अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत ब्लॉक स्तर से राज्य स्तर तक खेलों को आयोजन किया गया है। राज्य स्तर पर उत्कृष्ठ स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन खेलों में 5 लाख युवा खिलाडियों को जोडने का लक्ष्य रखा गया है। इस मौके पर खेल विभाग के महा निदेशक यशवेन्द्र सिंह ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रतियोगिता 14 से 23 वर्ष के युवा खिलाडियों के लिए ओपन रखी गई है। रजिस्ट्रेशन में केवल आयु का प्रमाण देना बहुत जरूरी है। खिलाड़ी प्रदेश के किसी भी क्षेत्र का हो उसको मौका दिया जाएगा। उन्होंने सभी जिला खेल अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए वह सजग रहकर काम करें ताकि अधिक से अधिक खिलाडियों को मौका मिल सकें। सीईओ जिला परिषद पंकज सेतिया ने सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि वह प्रत्येक ब्लॉक में खेलों का आयोजन करें तथा अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करवाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जो प्रतिभागी खिलाड़ी है उसे सुविधाजनक मैदान पर लाया जाए, हो सके तो खेल के लिए ऐसा स्थान चयन किया जाए जहां पर खिलाड़ी आसानी से पहुंच सकते है।

## केएमवी में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस



**जालंधर।** भारत की विरासत एवं ऑटोनॉमस संस्था, कन्या महा विद्यालय, जालंधर के द्वारा बेहद जोश एवं उत्साह के साथ अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया. इस अवसर पर विद्यालय के पोस्टग्रेजुएट पंजाबी विभाग की ओर से कहानी लेखन, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, सुंदर लिखाई, रैली आदि जैसी गतिविधियों का आयोजन करवाया गया जिनमें छात्राओं ने पूर्ण उत्साह से भाग लिया. विद्यालय के विभिन्न विभागों से छात्राओं ने इन गतिविधियों में भाग लेते हुए पंजाबी भाषा के प्रति अपने प्रेम एवं सम्मान को बाखूबी प्रस्तुत किया. उल्लेखनीय है कि इस अवसर पर आयोजित की गई रैली में 60 से अधिक छात्राओं ने मातृभाषा के महत्व को दर्शाया. कहानी लेखन प्रतियोगिता में से नवनीत कौर तथा अमीषा शर्मा पहले स्थान पर रही. स्मृति और रविंद्र ने दूसरा स्थान हासिल किया जबकि कोमल शर्मा तीसरे स्थान पर रही. पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में वरलीन कौर एवं अनमोल कौर ने पहला स्थान अपने नाम करवाया. नवनीत कौर और अमीषा दूसरे स्थान की हकदार बनी जबकि मोनिका, राजवीर और पवनीत ने तीसरा स्थान हासिल किया. इसी प्रतियोगिता में से सांत्वना पुरस्कार दिलप्रीत कौर को प्राप्त हुआ. सुंदर लिखाई प्रतियोगिता में से ईशलीन कौर पहले, सुखमनप्रीत कौर दूसरे तथा नवनीत कौर तीसरे स्थान पर रही जबकि सांत्वना पुरस्कार अमीषा शर्मा और नवनीत कौर को प्रदान किया गया साथ ही स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में से नेहा ने पहला इशलीन ने दूसरा तथा नैंसी ने तीसरा स्थान हासिल किया और पवनीत कौर सांत्वना पुरस्कार की हकदार बनी. विद्यालय प्रिंसिपल प्रो. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने सभी विजेताओं को मुबारकबाद देते हुए सभी को अपनी मातृभाषा का सम्मान करने एवं इसके प्रसार के लिए प्रेरित किया और साथ ही इस सफल आयोजन के लिए समूह पंजाबी विभाग के द्वारा किए गए प्रयत्नों की भी प्रशंसा की।

# तस्वा ने फरीदाबाद में अपना पहला स्टोर लॉन्च किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**आदित्य** बिरला फैशन एण्ड रिटेल लिमिटेड और मशहूर डिजाइनर तरूण तहिलियानी के भारतीय मेन्सवियर ब्राण्ड तस्वा ने फरीदाबाद में कंपनी का पहला एक्सक्लूसिव स्टोर लॉन्च किया है। नया स्टोर पैसिफिक मॉल में स्थित है, जोकि फरीदाबाद का सबसे बड़ा मॉल है। यह स्टोर शहर और आस-पास के इलाके में रहने वाले ग्राहकों को आकर्षित करेगा। यहाँ कंपनी के नये नजरिये वाले और सावधानी से तैयार किये गये वेडिंग एवं ऑकेजन वियर की एक बड़ी रेंज होगी। इस रेंज में ग्राहकों को कंफर्ट और स्टाइल दोनों एकसाथ मिलेगा। फरीदाबाद में तस्वा का पहला स्टोर इस ब्राण्ड के सफर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह तरक्की पर जोर देता है और फैशन तथा लाइफस्टाइल के बेजोड़ उत्पाद देने के लिये प्रतिबद्ध है। ब्राण्ड का नया स्टोर 1828 वर्गफीट में फैला है और यहाँ कुर्ता, बंडी, शेरवानी, बंदगला, अचकन, चूड़ीदार, अलीगढ़ी की एक शानदार रेंज है। हर परिधान में तरूण तहिलियानी का मशहूर स्टाइल दिखता है। डिटेल पर पूरा ध्यान देकर विशेषज्ञता के साथ तस्वा फिट को बनाया गया है।

नये स्टोर के शुभारंभ के बारे में तस्वा के चीफ डिजाइन ऑफिसर तरूण तहिलियानी ने कहा, 'तस्वा लंबे वक्त से मेरा सपना था, जोकि आदित्य बिरला फैशन एण्ड रिटेल के जरिये संभव हुआ है। यह नाम ही किसी के सर्वोत्तम स्वरूप को व्यक्त करता है और हमने अपने ब्राण्ड को ऐसा बनाने में कड़ी मेहनत की है। काफी लंबे समय से मैं सुन रहा हूँ, कि एथनिक वियर आरामदायक नहीं होता है और तस्वा इसी सोच को बदलने की कोशिश है। हमने ऐसे



परिधानों को डिजाइन किया है, जो हमारे उपभोक्ता यानि भारतीय पुरूष को शानदार और अंतर्राष्ट्रीय स्तर देते हैं।'' इस लॉन्च पर अपनी बात रखते हुए, तस्वा के ब्राण्ड हेड आशीष मुकुल ने कहा, 'तस्वा ने ग्राहकों के साथ उल्लेखनीय ढंग से जुड़ाव बनाया है, क्योंकि इसके उत्पाद श्रेणी में सबसे बेहतरीन हैं।

तस्वा मेन्स इंडियन वियर के उपभोक्ताओं को स्टोर का अनूठा अनुभव भी देता है। हमारे पास पुरूषों के लिये भारतीय अवसरों और शादियों के सारे परिधान तथा एसेसरीज हैं। हमारा मानना है कि फरीदाबाद जैसा एक मजबूत बाजार हमें अपने ब्राण्ड को ज्यादा से ज्यादा खरीदारों तक पहुँचाने की बड़ी संभावना देता है।''

# जिम संचालक निकला अवैध हथियारों का सप्लायर, गैंगस्टर्स को करता था सप्लाई

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक

**स्पेशल** स्टाफ सोनीपत ने देर रात जिम संचालक को गिरफ्तार कर लिया। शहर के हिसार रोड स्थित शास्त्री नगर के एक जिम में पुलिस ने कल अचानक दबिश दी तो हड़कंप मच गया। पुलिस ने जिम में दबिश देकर अमेरिकी कारबाइन व स्पेन में बनी रिवाल्वर व एक राइफल बरामद की है, जो जिम संचालक की कार में रखी थी।

बताया जा रहा है कि गोहाना के मातूराम हलवाई की दुकान पर अंधाधुंध फायरिंग में जिम संचालक ने पिस्तौलें मुहैया करवाई थी। पूछताछ में पता चला है कि जिम संचालक गैंगस्टर हिमांशु उर्फ भाऊ गैंग व साहिल रिटौली को भी हथियार सप्लाई करता था। सिटी थाने में आरोपी जिम संचालक सांघी निवासी सुनील कुमार के खिलाफ आर्म्ज

**मातूराम हलवाई फायरिंग केस की गिरफ्तारी से खुला राज**

**गैंगस्टर भाऊ व साहिल रिटौली से जुड़े तार**

एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। एसटीएफ सोनीपत के एसआई रामनिवास ने बताया कि पुलिस गोहाना के मातूराम हलवाई फायरिंग केस की जांच कर रही थी। जांच में सांघी, हाल में शास्त्री नगर रोहतक निवासी सुनील को पूछताछ के लिए बुलाया था। इसके लिए नोटिस दिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके पास दो लाइसेंसी हथियार हैं। उक्त लाइसेंस की आड़ में वह अवैध हथियार भी रखता है, जिनको गैंगस्टर हिमांशु उर्फ भाऊ व साहिल रिटौली के कहने पर उनकी गैंग के सदस्यों को उपलब्ध करवाता है। हथियार हिसार रोड रोहतक स्थित जिम व कबड्डी अकादमी में खड़ी कार के अंदर रखे हैं। एसटीएम सोनीपत की टीम देर रात आरोपी को साथ लेकर रोहतक पहुंची और जिम में दबिश दी। जिम एवं कबड्डी अकादमी में किरायेदार हारुन निवासी सैनी कॉलोनी, कैथल मिला। कार की तलाशी ली तो उसके अंदर से डिग्गी में यूसए मेड कार्बाइन, स्पेन का रिवाल्वर, एक राइफल और तीनों हथियारों के 83 कारतूस मिले। बता दें गोहाना के मातूराम हलवाई से दो करोड़ की रंगदारी मामले के मामले में एसटीएफ सोनीपत ने वीरवार को दूबलधन निवासी मोहित के साथ कबूलपुर गांव के युवक हरविंदर उर्फ हैप्पी व रमन को गिरफ्तार किया था।

# संस्कारवान व्यक्ति कभी असफल नहीं होते : गुलशन ग्रोवर



**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के तत्वधान संचालित विद्यालय गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर -3 में कक्षा अष्टम के छात्रों का आशीर्वाद समारोह हुआ। जिसमें विद्यालय प्रबंधक गुलशन ग्रोवर उपस्थित रहे। विद्यालय प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने कहा कि विद्यालय से मिले संस्कारों को अपने जीवन में अपनाकर हमेशा आगे बढ़ना है। जो विद्यालय से संस्कार सीखे हैं। उनको अपने साथ लेकर चलना है। एवं विद्यालय से हमेशा जुड़े रहना है। भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या हो तो बिना किसी संकोच के विद्यालय में आए, आपका हर संभव सहयोग किया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन गुलशन ग्रोवर ने छात्रों को आशीर्वाद दिया एवं कहा कि जहां भी जाना। अपने संस्कारों को साथ लेकर चलना। अपने गुरु का आदर करना जो बच्चे अपने गुरुजनों और माता -पिता का आदर करते हैं। उन गुरुजनों एवं माता -पिता का आशीर्वाद बना रहता है और वे जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं।

# फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन ने नए पदाधिकारियों को दी जिम्मेदारी

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**फेडरेशन** ऑफ प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन की गवर्निंग बॉडी की बैठक पदमा सिटी मॉल में हुई जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान अतुल शर्मा ने की। उन्होंने बताया कि 2024-25 के लिए बनी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी से नवाजा गया है।

जिला सचिव सत्यजीत सैनी ने मंच का संचालन करते हुए कार्यकारिणी के सभी सदस्यों का स्वागत किया। इस दौरान पूर्व प्रधान प्रदीप कसान ने अपने कार्यकाल का ब्यौरा देते हुए आगामी कार्य हेतु संपूर्ण कार्य भार वर्तमान प्रधान अतुल शर्मा



को सौंपा। मुख्य संरक्षक व उपप्रधान राज्य प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएसन राजेश मुंझाल को स्टेट बोर्ड की मान्यता तथा संबंधता से संबंधित कार्य की जिम्मेदारी दी गई। चेयरमैन प्रदीप कसान को 134 रिंब्रेस्मेंट, रिजिनल ट्रांसपोर्ट एथॉरिटी तथा रेनुवल ऑफसोसाइटी जिम्मेदारी दी गई। इस दौरान मुख्य संरक्षक वलविंदर संधू को उनके अनुभव को देखते हुए चिराग योजना आरटीई तथा स्टेट बोर्ड संबंधी रिकॉर्ड मेंटेन की जिम्मेदारी दी गई। मुख्य संरक्षक व भूतपूर्व अध्यक्ष संजीव शर्मा को सीबीएसई बोर्ड से संबंधित सभी स्कूल की समस्या समाधान की जिम्मेदारी दी गई। इस दौरान प्रधान अतुल शर्मा ने स्वयं शैक्षणिक सलाह, इवेंट, लीडरशिप कार्यक्रम तथा स्कूल के स्टाफ के लिए वर्कशॉप संबंधित विषय की जिम्मेदारी ली। इस अवसर पर पूंडरी ब्लॉक प्रधान सुरेंद्र कुमार, जिला उप प्रधान राजपाल, ढांड के प्रधान प्रतिनिधि अनिल आर्य, जिला उप प्रधान राकेश भारद्वाज, क्योड़क यूनिट से रमेश दयौरा, जिला वित्त मंत्री अरविंद कुमार, सीवन से ब्लॉक प्रधान शुभम शर्मा, जिला उप प्रधान रामनिवास सीवन ब्लाक प्रधान रामेश्वर, मीडिया इंचार्ज जितेंद्र राणा, चीका ब्लॉक प्रधान रघुवीर शर्मा, कैथल ब्लॉक प्रधान रजत सिंगल, जिला उप प्रधान श्रवण शर्मा, सचिव मेहर सिंह कलायत, सह सचिव सुभाष शर्मा, जिला कार्यकारिणी के एजुकेटिव सदस्य राजकुमार जैन, मुख्तयार सिंह, सुभाष राणा, रामवीर राविश, अशोक अरोड़ा सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# आदित्य बिड़ला समूह पेंट उद्योग में बड़ा बदलाव लाने के लिए तैयार

पायनियर समाचार सेवा। पानीपत

**आदित्य** बिड़ला समूह के अध्यक्ष, श्री कुमार मंगलम बिड़ला ने आज अपने नए डेकोरेटिव पेंट ब्रांड, बिरला ओपस के तहत विभिन्न उत्पादों और सेवाओं के लॉन्च की घोषणा की, और इसका लक्ष्य है, पूरे पैमाने पर संचालन के 3 साल के भीतर 10,000 करोड़ रुपये की सकल आय अर्जित करना। यह 10,000 करोड़ रुपये के अभूतपूर्व निवेश के साथ, तेजी से बढ़ते 80,000 करोड़ रुपये के भारतीय डेकोरेटिव (सजावटी) पेंट बाजार में आदित्य बिड़ला समूह के प्रवेश का प्रतीक है। बिड़ला ओपस व्यवसाय की स्थापना, समूह की प्रमुख कंपनी, ग्रासिम इंडस्ट्री



लिमिटेड द्वारा की जा रही है। आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष, श्री कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा, भारत में आज गतिशीलता, साहस और परिवर्तन का रूझान है। यह नया भारत, हमारे पेंट से जुडे उद्यम, बिड़ला ओपस में प्रतिबिंबित होता है। आदित्य बिड़ला समूह की निर्माण सामग्री परितंत्र के बारे में बरसों से विकसित गहरी समझ, हमें एक सुविधाजनक आधार प्रदान करती है। इसलिए, बिड़ला ओपस मौजूदा क्षमता में 40 प्रतिशत की बढोतरी के साथ पेंट उद्योग में आमूल बदलाव लाने के लिए तैयार है। विश्व स्तर पर किसी भी पेंट कंपनी ने कभी भी एक ही बार में कारखानों, संचालन, उत्पादों और सेवाओं को उस पैमाने पर लॉन्च नहीं किया है, जिस पैमाने पर हम करने जा रहे हैं। बिड़ला ओपस उत्पाद, मार्च 2024 के मध्य से पंजाब, हरियाणा और तमिलनाडु में और जुलाई 2024 तक भारत के सभी एक लाख आबादी वाले शहरों में उपलब्ध होंगे। कंपनी का लक्ष्य है, चालू वित्त वर्ष के अंत तक 6,000 से अधिक शहरों में अपने वितरण का तेजी से विस्तार करना। यह किसी भी पेंट ब्रांड द्वारा किया गया पूरे भारत में सबसे तेज और व्यापक लॉन्च होगा।

# स्वस्थ जीवन शैली को अपनाना छोटी उम्र से ही शुरू कर देना चाहिए : डॉ. प्रवीर अग्रवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**हृदय** रोग (सीवीडी) भारत में रूग्णता और मृत्यु दर के प्रमुख कारणों में से एक है। पहले से मौजूद जोखिम कारकों और कम प्रतिरक्षा वाले लोगों को अधिक जोखिम होता है, खासकर जब हाल ही में COVID-19 जैसे वायरल संक्रमण से संक्रमित होने पर जटिलताएं विकसित होने की बात आती है। स्वस्थ भोजन, नियमित शारीरिक गतिविधि और दवा अनुसूची का पालन करके प्रतिरक्षा निर्माण के महत्व पर जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। सीवीडी में हृदय या रक्त वाहिकाओं को प्रभावित करने वाली स्थितियां शामिल हैं। जिन लोगों के परिवार में इस स्थिति का इतिहास है, रक्तचाप और मधुमेह जैसी सहवर्ती बीमारियाँ हैं, या अस्वास्थ्यकर जीवनशैली है, उन्हें अधिक खतरा होता है।

इस बारे में बात करते हुए, डॉ. प्रवीर अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक इंटरवेंशन कार्डियोलॉजी, फोर्टिस एस्कॉर्ट हार्ट इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली ने कहा, हृदय संबंधी बीमारियों (सीवीडी) का निदान करना अक्सर मुश्किल होता है, क्योंकि उनके संकेत और लक्षण अक्सर अन्य स्थितियों के लिए गलत समझे जाते हैं। एक सामान्य उदाहरण सीने में जलन है, जो अपच या अम्लता की नकल करता है। जिन सामान्य लक्षणों पर ध्यान देना चाहिए उनमें छाती में दर्द या दबाव



शामिल है, जो एनजाइना का संकेत दे सकता है, बांहों, बाएं कंधे, कोहनी, जबड़े या पीठ में दर्द या परेशानी, सांस लेने में कठिनाई, मतली और थकान, चक्कर आना या चक्कर आना और ठंडा पसीना शामिल है। यदि उल्लिखित कोई भी संकेत लंबे समय तक रहता है, तो किसी विशेषज्ञ से परामर्श लें और उन्हें प्रबंधित करने के लिए उचित उपाय करें। डॉ. प्रवीर अग्रवाल ने आगे कहा, हृदय सहित किसी भी बीमारी से बचने के लिए अच्छी प्रतिरक्षा आधारशिला है। स्वस्थ भोजन खाने पर ध्यान दें।

# हरियाणा सीएम कप में राज्य स्तर पर प्रथम विजेता को मिलेंगे दो लाख

**खंड स्तर, जिला स्तर तथा मंडलीय स्तर और राज्य स्तर पर होगा हरियाणा सीएम कप खेल प्रतियोगिता का आयोजन**

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत


खेल विभाग के आला अधिकारियों के वीडियो कांफ्रेंस के दौरान मौजूद जिला अधिकारी।

**उपायुक्त** ने युवाओं का आह्वान किया कि वे हरियाणा सीएम कप में बढ़-चढकर हिस्सा लें, जिसके प्रदेश स्तरीय विजेताओं को लाखों रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। खेल-खिलाडियों को प्रोत्साहन देने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है, जिसका खेल प्रतिभाओं को पूर्ण लाभ उठाना चाहिए। इसके लिए 26 फरवरी की सायंकाल छह बजे तक पंजीकरण करवाना आवश्यक है। शुक्रवार सुबह खेल विभाग के आला अधिकारियों ने वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से हरियाणा सीएम कप खेल प्रतियोगिताओं की तैयारियों की समीक्षा के लिए राज्य स्तर पर बैठक का आयोजन किया, जिसमें उपायुक्तों की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों ने हिस्सा लिया। वीडियो कान्फ्रेंस के उपरांत उपायुक्त मनोज कुमार ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए सीएम कप के सफल आयोजन के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिला खेल अधिकारी को निर्देश दिए कि वे तुरंत खेल प्रतियोगिओं के लिए वैन्यू का चयन कर हर प्रकार के पुख्ता प्रबंध करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि हरियाणा सीएम कप में छह प्रतिस्पर्धाओं को शामिल किया गया है, जिनमें फुटबाल, वॉलीबाल, खो-खो, हैंडबाल तथा कबड्डी और वॉलीबाल स्पर्धाएं हैं। महिला व पुरूष दोनों वर्गों में यह स्पर्धाएं होंगी। राज्य स्तर पर प्रतियोगिताओं में प्रथम विजेता को दो लाख रुपये, द्वितीय को डेढ़ लाख रुपये और तृतीय स्थान हासिल करने वाली टीम को एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि से पुरस्कृत किया जाएगा।

# सीएम व गृह मंत्री का पुतला फूंक जताया रोष

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**भाजपा** सरकार द्वारा हरियाणा पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों की सहायता से आंदोलनकारी किसानों पर किये जा रहे बर्बर दमन के खिलाफ जन संघर्ष मंच हरियाणा, सर्व कर्मचारी संघ और सीटू ने संयुक्त रूप से स्थानीय ताज पार्क से लाल बत्ती चौक नजदीक नया बस स्टैंड कुरूक्षेत्र तक प्रदर्शन किया और हरियाणा के मुख्यमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री अमितशाह, हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज का पुतला दहन किया।

प्रदर्शन कारियों को जन संघर्ष मंच हरियाणा की महासचिव सुदेश कुमारी, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान ओमप्रकाश, पूर्व कर्मचारी नेता महाबीर प्रसाद दहिया, व सीटू नेताओं ने संबोधित किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और राज्य के गृह मंत्री अनिल विज के इस्तीफे, उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 302 के तहत एफआईआर दर्ज करने, किसानों की हत्या, क्रूर दमन और ट्रैक्टरों को हुए नुकसान की सुप्रीम कोर्ट के न्यायधीश से न्यायिक जांच कराने, पुलिस की गोली के शिकार युवा किसान शुभकरण सिंह को श्रद्धांजलि और उनके शोक संतप्त परिवार को मुआवजे के रूप में 1 करोड़ रुपये देने और क्षतिग्रस्त सैंकडों ट्रैक्टरों के मरम्मत का खर्च दिलवाने की मांग की।

वक्ताओं ने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार तानाशाही तरीकों से किसान आंदोलन का दमन कर रही है। प्रदर्शन में विभिन्न संगठनों यूनियनों के कार्यकर्ता ओमप्रकाश, चंद्र रेखा, ऊषा कुमारी, पूजा, कोमल, रतन कौर, रामेश्वर, कुलदीप, पिरथी, ईश्वर, मेवा राम, सोमनाथ सहित कार्यकर्ता शामिल रहे।

## उत्तर प्रदेश की राज्यपाल पहुंची गुरुकुल प्राकृतिक खेती का किया अवलोकन


गुरुकुल के कृषि फार्म का अवलोकन करती उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल।

**कुरुक्षेत्र।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं गुजरात की पूर्व मुख्यमंत्री आनंदीबेन पटेल गुरुकुल कुरुक्षेत्र के विशेष दौरे हेतु पहुंचीं। गुरुकुल पहुंचने पर ओएसडी टू गर्वनर गुजरात डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार सहित आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान राधाकृष्ण आर्य, गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य एवं मुख्य संरक्षक संजीव आर्य ने बुके देकर राज्यपाल महोदया का अभिनन्दन किया। इस अवसर पर रमेश चंद, महावीर मलिक, आनन्द सिन्हा, संदीप कुमार, पंकज कुमार, नवदीप मान, रमन कुमार, सुरेश कुमार, अनिल कुमार, अशोक कुमार, महक सिंह, हरि कुमार दिलबाग सिंह, संरक्षक महावीर आर्य, दिनेश आर्य, जतिन आर्य, सुन्दर लाल आदि उपस्थित रहे। डॉ. राजेन्द्र ने महामहिम राज्यपाल महोदया को आचार्य श्री देवव्रत जी द्वारा लिखित प्राकृतिक खेती पुस्तक भी भेंट की। डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार के नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुकुल की गोशाला, अश्वशाला, एनडीए एवं कॉम्पीटेटिव विंग, आर्ष महाविद्यालय और नेचरकेयर का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने गुरुकुलीय शिक्षा पद्धति पर विस्तृत चर्चा की और बालिकाओं की शिक्षा भी गुरुकुलीय पद्धति से हो।

## मुख्यमंत्री कप 2024 की खेल प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों की प्रतिभाओं में होगा निखार

**तैयारियों के लिए खेल विभाग के प्रधान सचिव नवदीप सिंह विर्क ने वीडियो काफ्रेंस में दिए निर्देश**

पायनियर समाचार सेवा। पानीपत



**खेल विभाग** के प्रधान सचिव नवदीप सिंह विर्क ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कहा कि प्रदेश में होने मुख्यमंत्री कप 2024 में खिलाड़ियों की अधिक से अधिक भागीदारी रहेगी।

राज्य स्तर पर प्रथम विजेताओं 2 लाख रुपये, द्वितीय विजेताओं को डेढ़ लाख रुपये व तृतीय विजेताओं को एक लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा। मुख्यमंत्री कप 2024 के अंतर्गत खिलाड़ी कबड्डी, वालीबॉल, हैंडबॉल, खो-खो, फुटबॉल व बास्केटबॉल खेलों में अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाएंगे। इन प्रतियोगिताओं से खिलाडि़यों की प्रतिभा में निखार आएगा। प्रतियोगिताओं की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन को बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। वीडियो कांफ्रेंस में खेल विभाग की महानिदेशक यशवेन्द्र सिंह ने कहा कि यह प्रतियोगिता 14 से 23 वर्ष के युवा खिलाड़ियों के लिए ओपन रखी गई है।

रजिस्ट्रेशन में केवल आयु का प्रमाण पत्र देना जरूरी है। प्रदेश के किसी भी क्षेत्र के खिलाड़ी को इस प्रतियोगिता में खेलने का मौका दिया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य खिलाडि़यों को ज्यादा से ज्यादा मौका देना है। यह प्रतियोगिता ब्लॉक स्तर पर 28 फरवरी से 3 मार्च तक खण्ड स्तर पर, 5 मार्च को जिला स्तर पर तथा 7 मार्च को जोनल स्तर पर आयोजित होगी व 9 मार्च को पंचकूला में यह प्रतियोगिता राज्य स्तर पर आयोजित की जाएगी।

उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने वीडियो कांफ्रेंस के बाद आयोजित बैठक में कहा कि इन प्रतियोगिताओं में स्कूल, कॉलेज के छात्र-छात्राएं व खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। इसके लिए शिक्षा विभाग के पीटीआई व डीपीई की अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों से आह्वान किया कि वे इन प्रतियोगिताओं में अपनी टीम बनाकर विभाग की वेबसाईट हरियाणा स्पोर्ट्स डॉट जीओ वी डॉटइन/सीएमकप2024 पर अधिक से पंजीकरण करवाएं।

## ईश्वर की भक्ति करने का कोई समय, आयु नहीं होती

**कुरुक्षेत्र।** गो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में लोटस ग्रीन सिटी सैक्टर-9 में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में प्रवचन करते हुए भागवत प्रवक्ता अनिल शास्त्री ने श्रद्धालुओं को भक्त प्रहलाद और हिरण्यकश्यप का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि ईश्वर की भक्ति करने का कोई समय कोई आयु नहीं होती। कथावाचक अनिल शास्त्री ने कि पृथ्वी लोक पर हिरण्यकश्यप और हिरण्याक्ष दो असुरों ने भयंकर उत्पात मचा रखा था। देवताओं के आग्रह पर भगवान विष्णु ने हिरण्याक्ष का वध कर दिया। इससे हिरण्यकश्यप बदले की आग में जलने लगा और शक्तियां प्राप्त करने के लिए तपस्या करने लगा। हिरण्यकश्यप की पत्नी कयाधु ने एक पुत्र को जन्म दिया। इसका नाम भक्त प्रहलाद रखा इसके पश्चात् कयाधु अपने पुत्र को लेकर अपने महल आ गई। इस अवसर पर डॉ.नरेन्द सिंह, डॉ. ऋषि पराशर, नीरज पराशर विवेक कुमार गन्ड़ोत्रा, सुमन देवी, राजेश शर्मा आदि मौजूद थे।

## राजस्व विभाग ने रजिस्ट्री के पोर्टल में आवश्यक बदलाव करने शुरू कर दिए : जैन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत


राजीव जैन का फूल मालाओं से स्वागत करते जीवन विहार एक्सटेंशनवासी।

**जीवन** विहार एक्सटेंशन कालोनीवासियों ने पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर करनाल एवं सोनीपत में प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री करवाने के लिए इंतकाल की अनिवार्यता ख़त्म करके प्रॉपर्टी आईडी के आधार पर रजिस्ट्री करने की घोषणा के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्?टर का आभार व्यक्त किया है। कालोनीवासियों ने मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन का कालोनी में पंहुचने पर फूल मालाओं से स्वागत किया और लड्डू वितरित किये। शुक्रवार को श्रीराम मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में राजीव जैन ने कहा कि शहरों में पुरानी प्रॉपर्टी के इंतकाल दर्ज करने में आ रही परेशानियों के चलते उन्होंने दो बार मुख्यमंत्री को अवगत करवाया था और उन्होंने आश्वस्त किया था कि जल्द ही इस सम्बन्ध में उचित निर्णय लिया जायेगा। मुख्यमंत्री खट्?टर की घोषणा के बाद राजस्व विभाग ने रजिस्ट्री के पोर्टल में आवश्यक बदलाव करने शुरू कर दिए हैं। इससे शहर की बाहरी कॉलोनियों में रजिस्ट्री करवाने में लम्बे समय से हो रही परेशानियों से छुटकारा मिलेगा। गौरतलब हो कि जब से सरकार ने बिना इंतकाल दर्ज हुए प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त में रजिस्ट्रियां बंद की थी तब से नागरिक बहुत ज्यादा परेशान थे, इससे पहले रजिस्ट्री अनुसार ही रजिस्ट्री हुआ करती थी, इसलिए इंतकाल कोई दर्ज नहीं करवाता था। पटवारियों के लिए भी पचास-पचास साल पुरानी रजिस्ट्रियों में इंतकाल दर्ज करना टेढ़ी खीर बन गया था।

## रेवाड़ी एम्स का निर्माण पूरा होने का समय नहीं बता पाई सरकार

**आयुष्मान कार्ड घोटाले पर कार्रवाई का समय भी नहीं तय किया जा सका**

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** विधानसभा में कांग्रेस सदस्यों द्वारा ध्यानाकर्षण प्रस्तावों के जरिए उठाए गए मुद्दों पर सवालों का जवाब सरकार नहीं दे पाई ।कांग्रेस सदस्य चिरंजीव राव ने रेवाड़ी एम्स का निर्माण पूरा कर ओपीडी और एमबीबीएस की कक्षाएं शुरू करने का समय जानना चाहा था लेकिन स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि यह केंद्र सरकार का प्रोजेक्ट है और इसके निर्माण की समयावधि तय करना संभव नहीं है।

कांग्रेस सदस्य गीता भुक्कल ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जरिए आयुष्मान कार्ड घोटाले का मुद्दा उठाया और कहा कि हमारे पास इस बात के सबूत है कि मृतकों के नाम आयुष्मान कार्ड बनाकर लाखो रुपए इलाज के बहाने हड़पे गए है। उन्होंने कहा कि रोहतक पीजीआई में इस तरह के मामले हुए है। उन्होंने सवाल किया कि सरकार इस घोटाले के दोधियो पर क्या कार्रवाई करेगी ।इस पर स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि अभी इस मामले में जांच चल रही है ।विज ने जांच पूरा करने का समय तय नहीं किया।

चिरंजीव राव ने अपने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जरिए रेवाड़ी एम्स के शिलान्यास में विलम्ब का मुद्दा उठाते हुए एम्स निर्माण के लिए अभी आवंटित बजट को अपर्याप्त बताया ।उन्होंने कहा कि अभी एम्स के लिए 300करोड़ रुपए आवंटित किए गए है। निर्माण लागत 1121करोड़ बताई जा रही है ।जबकि कैग ने रेवाड़ी एम्स की लागत तीन हजार करोड़ रुपए बताई है ।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने 4जुलाई 2015 को बावल में एम्स स्थापित करने का ऐलान किया था ।लेकिन काफी विलंब से इसके निर्माण के लिए शिलान्यास फरवरी 2024में किया गया ।उन्होंने सवाल किया कि सरकार बताए कि रेवाड़ी एम्स में ओपीडी और एमबीबीएस कक्षाएं कब शुरू होंगी ।स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि यह केंद्र सरकार का प्रोजेक्ट है ।समय तय करना संभव नहीं। केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित 20,एम्स में से 15एम्स में ओपीडी और एमबीबीएस कक्षा शुरू हो गई।

## विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने की हरियाणा बजट की प्रशंसा

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर

**विधायक** घनश्याम दास अरोड़ा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा पेश किए गए बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि बजट में हर जाति हर वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर यह बजट बनाया गया है। बजट में शहरी स्थानीय निकायों को 2428 करोड़ रुपए की राशि निर्धारित की गई है, बजट में 2024-25 में नियमित की गई कॉलोनियों में विकास कार्यों के लिए हरियाणा शहरी विकास निधि से 1000 करोड़ रुपए की राशि निर्धारित की गई है। शहरी स्वामित्व योजना शुरू करने का आगामी प्रस्ताव है जिसकी अधिसूचना आगामी 15 दिनों में जारी कर दी जाएगी, राज्य के सभी बड़े शहरों में 500 से 1000 व्यक्तियों की क्षमता वाले सभागारों के निर्माण करने का प्रस्ताव किया गया है।

भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच हरियाणा को नई ऊंचाइयों तक लेकर जाना है, हरियाणा राज्य की ज्यादा तरक्की के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बजट में स्वास्थ्य,शिक्षा ,खेल, व्यापार ,कृषि क्षेत्र,शहरी क्षेत्र ,ग्रामीण क्षेत्र, युवा, महिला ,बच्चे, किसान,बुजुर्ग सभी को ध्यान



में रखकर बजट बनाया है और बजट में हर एक के लिए कुछ न कुछ आवश्यक घोषणाएं हुई है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल का बजट सुशासन का मनोहर बजट है।

भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विभिन्न योजनाओं के लिए पोर्टल लॉन्च किए हैं ,पोर्टल लांच होने से हर व्यक्ति के आसानी से कार्य हो रहे हैं ,परिवार पहचान पत्र के माध्यम से सरकार जरूरतमंद कमजोर व्यक्ति तक पहुंच रही है व उसकी आमदनी बढ़ाने के लगातार महत्वपूर्ण सफल प्रयास कर रही है, जन सहायक मोबाइल ऐप के बेहतरीन नतीजे आ रहे हैं, केन्द्र सरकार की तर्ज पर हरियाणा सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की है जिनसे जुडक़र आम जनता को लाभ होगा। भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा पेश हरियाणा के बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा में लगातार महत्वपूर्ण विकास कार्य लगातार करवाए जा रहे हैं और इस बजट से हरियाणा प्रगति पथ पर बहुत शानदार प्रदर्शन करेंगा।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग ने बताया कि बजट में मीडिया कर्मियों की पेंशन 10000 रूपए मासिक से बढ़ाकर 15000 रुपए मासिक कर दी गई है ,वर्तमान में 193 मीडिया कर्मी मासिक पेंशन का लाभ उठा रहे हैं, सरकार ने मीडिया कर्मियों का बीमा कवरेज 5 लाख से बढक़र 10 लाख रुपए कर दिया है, अमृत काल का यह बजट हरियाणा को उज्जवल भविष्य की तरफ लेकर जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कथन यही समय है सही समय है राष्ट्र के विकास और गौरव का मूल मंत्र है, मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस बात को चरितार्थ किया है।

जिला महामंत्री कृष्ण सिंगला,जिला महामंत्री सुरेंद्र बनकट, भाजयुमो जिला अध्यक्ष निश्चल चौधरी, मुदित बंसल प्रताप नगर, मंडल अध्यक्ष विपुल गर्ग,जिला उपाध्यक्ष अमित गर्ग, जिला कोषाध्यक्ष जगदीश विद्यार्थी आदि ने बजट की प्रशंसा की।

## छोटे कारीगरों के लिए वरदान साबित होगी पीएम विश्वकर्मा योजना

**कारीगरों को टूल किट खरीदने के लिए दिए जाएंगे 15 हजार रुपये**

**यमुनानगर।** डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि स्थानीय कारीगरों और शिल्पकारों की कार्यकुशलता को बढ़ाने और उनके उत्पादों व सेवाओं को आसानी से लोगों तक पहुंचाने में पीएम विश्वकर्मा योजना एक वरदान साबित होगी।

उन्होंने कहा कि पारंपरिक व्यवसायों में लगे कारीगरों और शिल्पकारों तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए एक जन-जागरूकता अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है। जिससे कि स्थानीय कारीगरों को योजना के तहत दिए जाने वाले लोन, प्रशिक्षण व अन्य सुविधाओं की जानकारी मिल सके। उन्होंने बताया कि इस योजना में 18 व्यवसाय शामिल किए गए हैं। जिनमें सुनार, नाव बनाना, शस्त्रागार, लुहार, हथौड़ा व लोहे के औजार बनाना, ताला बनाना, कुंभकार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, टोकरी, चटाई बनाना, गुड़िया व खिलौने बनाना, बारबर, धोबी, दर्जी, बुनकर और मछली पकड़ने के लिए जाल बनाने का काम शामिल है। विभिन्न व्यवसायों से जुड़े दस्तकारों को स्कीम के अंतर्गत प्रशिक्षण, टूल किट व बैंक लोन की सुविधा प्रदान की जाएगी।

डीसी ने बताया कि इस योजना में कारीगर को पहले पीएम विश्वकर्मा.जीओवी.इन पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाना होगा। पंजीकरण के बाद इन कारीगरों की जिला में स्थापित किए गए कौशल विकास केंद्रों में पांच दिन की ट्रेनिंग करवाई जाएगी। लाभपात्रों को टूल किट खरीदने के लिए 15 हजार रुपए का अनुदान दिया जाएगा। छोटे कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पहले एक लाख रुपए का लोन दिया जाएगा। जिसे 18 महीनों में पांच प्रतिशत की मामूली ब्याज दर से अदा करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकार ने हमेशा झूठे वादे करके जनता को गुमराह किया



**करनाल।** कांग्रेस के जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह ने हरियाणा सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर हैं, लेकिन बजट में इसके बारे में कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि सीएम ने किसानों के कर्ज का ब्याज और पैनल्टी माफ करने की घोषणा की है, यह मात्र चुनावली लालीपॉप है। अगर हरियाणा सरकार वास्तव में किसानों की हितेषी होती तो उन्हें दिल्ली कूच करने से नहीं रोका जाता। हरियाणा की सीमाओं को सील न किया जाता है। किसान आंदोलन के दौरान कई किसानों की मौत की खबरें आई हैं, लेकिन मुख्यमंत्री चुप्पी साधे रहे। त्रिलोचन सिंह ने कहा कि चुनाव के समय किए गए वादों को भाजपा ने आज तक पूरा नहीं किया। ऐसे में नई घोषणाएं भी कोरा झूठ साबित होंगी। मनोहर सरकार ने हमेशा झूठे वादे करके जनता को गुमराह करने का काम किया है। त्रिलोचन सिंह ने दावा करते हुए कहा कि हरियाणा का यह बजट भाजपा के लिए आखिरी बजट साबित होगा। आने वाला समय कांग्रेस का है और जनता कांग्रेस को सत्ता सौंपने के लिए तैयार बैठी है।

### प्लेसमेंट कैंप में 46 उम्मीदवार नौकरी के लिए चुने

**जालंधर।** जिला प्रशासन के नेतृत्व में वीरवार को डिस्ट्रिक्ट ब्यूरो ऑफ एम्प्लॉयमेंट एंड बिजनेस (डीबीईई) द्वारा आयोजित प्लेसमेंट कैंप के दौरान 46 उम्मीदवारों को नौकरियों के लिए चुना। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए रोजगार उत्पति, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण अधिकारी रणजीत कौर ने बताया कि आज जिला रोजगार एवं कारोबार ब्यूरो में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें पी.एन.बी. मेट लाइफ, कोटक महिंद्रा, यूनिक करियर, बोस इंटरनेशनल और स्विगी जैसी कंपनियों ने पहुंच की और 73 उम्मीदवारों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि कंपनियों द्वारा इंटरव्यू के दौरान 46 उम्मीदवारों को नौकरी के लिए चुना गया। उन्होंने कहा कि डी.बी.ई.ई जिला प्रशासन के नेतृत्व में युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने में अहम भूमिका निभा जा रही है। उन्होंने युवाओं से रोजगार के अधिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए जिला प्रशासकीय परिसर में स्थित जिला रोजगार और कारोबार ब्यूरो के दफ्तर से संपर्क करने या हेल्पलाइन नंबर 90569-20100 पर संपर्क करने की भी अपील की।

### मातृ शक्ति सम्मेलन का आयोजन



**करनाल।** आर्य केंद्रीय सभा द्वारा महर्षि स्वामी दयानंद जी की मनाई जा रही 200 वीं जयंती के अंतर्गत मातृ शक्ति सम्मेलन मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षा पदमश्री डॉ सुकमा आर्या ने कहा की दयानंद सरस्वती ने सती प्रथा, बाल विवाह, कन्या वध का पुरजोर विरोध किया। वैदिक धर्म जो लुप्तप्राय हो गया था को पुनः उन्होंने दुनिया के सामने शुद्ध रूप में रखा। मुख्य अतिथि रेणु बाला गुप्ता पूर्व महापौर ने कहा की स्वामी दयानंद ने सदियों से गुलाम भारत भूमि की स्वतंत्रता के लिए क्रांति का शंखनाद फूंका और आर्य समाज उनके आदर्शो को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। स्वामी जी ने समाज को जोड़ने का कार्य किया है। स्वामी आदित्यवेश ने अपने उद्बोधन में कहा की वेदों की और लौटने से ही राष्ट्र का कल्याण होगा। उन्होंने भारत सरकार से अपील करी की दिल्ली में स्वामी का के भव्य स्मारक बने खान पर उनके जीवन , कार्यों और शिक्षाओं का चित्रण हो। आचार्य जयेंद्र ने कहा की स्वामी जी समग्र क्रांति के अग्रदूत थे।स्वामी जी को परमात्मा पर पूर्ण विश्वास था उन्होंने जब जब भी परमात्मा को पुकारा तो परमात्मा ने हमेशा किसी न किसी रूप में आकर उनकी मदद करी। हम सब को उस परम शक्ति पर हमेशा भरोसा रखना चाहिए। बहन कल्याणी आर्य ने अपने मधुर भजनों के माध्यम से समा बांध दिया।इस अवसर पर मुख्य रूप से मेजर अनिता जून प्राचार्या दयानंद महाविद्यालय दादूपुर कलां, हर्ष सेठी, महिला प्रधान शकुंतला सुखीजा, मंत्राणी प्रिया आर्या, कोषाध्यक्षा किरण गांधी, अनुराधा आर्या,कमलेश आर्या, संतोष आर्या, डॉ. रजनी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### सफल शोध प्रक्रिया के लिए सही समस्या का चयन बहुत महत्वपूर्ण




**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के मनोविज्ञान विभाग द्वारा शोध समस्या का चयन विषय पर एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर सी आर ड्रोलिया, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र ने शिरकत की। उनके विश्वविद्यालय पहुँचने पर विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील फोगाट व प्रभारी डॉ. अलका सेठ ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि एक सफल शोध प्रक्रिया के लिए सही समस्या का चयन बहुत महत्वपूर्ण होता है। यह समस्या शोधकर्ता को उच्चतम मानकों तक पहुंचने के लिए मार्गदर्शन करती है और शोध प्रयास को सफल बनाने में मदद करती है। एक अच्छी शोध समस्या का चयन या निर्माण शोध अध्ययन के लिए एक निवेश की तरह होता है। अपने उद्बोधन में कुलसचिव प्रोफेसर लवलीन मोहन ने कहा कि शोध कार्य के लिए शोधार्थी को शोध उद्देश्यों की स्पष्टता अवश्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक स्पष्ट समस्या विवरण और शोध प्रश्न अध्ययन के लिए मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर ड्रोलिया ने अपने वक्तव्य में बताया कि शोधकर्ता को शोध कार्य हेतु एक बड़ा विषय क्षेत्र चुनना चाहिए। उसे उस विषय क्षेत्र में गहरी रुचि भी होनी चाहिए। मुख्यतः शोध समस्या, किसी समस्या, विशेष कार्यक्रम या घटना के अध्ययन पर आधारित होती है। चयनित क्षेत्र ऐसा होना चाहिए, जिसमें शोधकर्ता मौलिकता का अच्छा निर्णय प्रदर्शित कर सकें।

### बजट में सीएम ने दिखाई 'विकसित हरियाणा' की दूरदर्शिता



**सोनीपत।** पूर्व मंत्री कविता जैन ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए विकास पुरूष मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच काबिले तारीफ है। बजट में ऐसे प्रावधान हैं, जिससे निश्चित तौर पर हर हरियाणा उनके इस सपने को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ेगा, क्योंकि 'मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है, पंख से कुछ नहीं होता, हौंसलों से उड़ान होती है'। कल्याण और उनके उत्थान की दिशा में कई कदम उठाए हैं। गरीब परिवारों को एक हजार किलोमीटर तक की मुफ्त यात्रा तथा 200 यूनिट तक बिजली खर्च करने वाले गरीब परिवारों को 50 हजार रुपये की अतिरिक्त सहायता उपलब्ध करवाने की घोषणा गरीब वर्ग के लिए स्वागत योग्य कदम हैं। हमारी सरकार का लक्ष्य है कि राज्य के हर वर्ग गरीब और जरूरतमंद की सहायता की जाए और उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जाए। यही कारण है कि मनोहर सरकार को आज गरीब हितैषी सरकार के रूप में जाना जाने लगा है। यह बजट हरियाणा के गरीब और समाज के अंतिम आदमी तक सहायता पहुंचाने वाला है।

# प्रगति के लिए नेतृत्व अहम, मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक ताकत बना

## भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 140 करोड़ लोगों से मोदी को पीएम बनाने की अपील

एजेंसी। बिलासपुर

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को यहां कहा कि विकास और प्रगति के लिए अच्छे नेतृत्व का होना महत्वपूर्ण है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की एक बड़ी ताकत बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए लोगों का आह्वान करते हुए, नड्डा ने उनसे देश के 140 करोड़ लोगों की समृद्धि के लिए मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आग्रह किया। भाजपा



अध्यक्ष अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया और अनुराग ठाकुर भी उपस्थित थे।

नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार देश के स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और तीस साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए ऐहतियात, उपचार और पुनर्वास गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) शासन के पिछले 10 वर्षों में की गई स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों का विवरण साझा करते हुए, उन्होंने कहा कि बिलासपुर में एम्स, ऊना में पीजीआई केंद्र और हमीरपुर में मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं वहीं, सिरमौर, चंबा और मंडी में भी मेडिकल कॉलेज खुलने की संभावना है। इस मौके पर कैंसर से जूझ रहे मरीजों को रेडियोथेरेपी उपचार प्रदान करने के लिए एम्स में विकिरण ऑन्कोलॉजी (रेडिएशन ऑन्कोलॉजी) की सेवाएं शुरू की गई। इसके अलावा, केंद्रीय मंत्रियों ने अस्पताल में अन्य सुविधाओं का भी उद्घाटन किया। एम्स का रेडियोथेरेपी विभाग अब करीब 30 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक मशीनरी से लैस होगा। इसके अलावा, तरल चिकित्सा ऑक्सीजन संयत्र से अस्पताल को 24 घंटे ऑक्सीजन की आपूर्ति की जाएगी। नड्डा ने 354 लोगों की क्षमता वाले रात्रि विश्राम गृह की भी आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि भविष्य में एक एम्स के संकाय सदस्यों को दूसरे एम्स में प्रतिनियुक्ति पर भेजा जाएगा और देश भर में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए अखिल भारतीय स्तर पर भर्तियां की जाएंगी।

नड्डा ने कहा कि देश के सभी एम्स में डॉक्टरों की भर्ती अब एक साथ की जाएगी और चयनित डॉक्टरों को उनके गृह राज्य के आधार पर नियुक्ति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मांडविया से चर्चा हुई। इसके अलावा अंतर-एम्स संकाय विनिमय कार्यक्रम भी जल्द शुरू किया जाएगा, जिसके तहत एम्स के डॉक्टर ऐसे अन्य अस्पतालों में एक महीने के लिए भेजे जाएंगे।

# विंग कमांडर बता वायुसेना स्टेशन में घुसने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

एजेंसी। नई दिल्ली

**खुद** को भारतीय वायुसेना का विंग कमांडर बताकर दिल्ली छावनी क्षेत्र स्थित पालम वायुसेना स्टेशन में कथित तौर पर प्रवेश करने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया विनायक चड्ढा नाम का आरोपी अपने पिता का इलाज वायुसेना स्टेशन के डेंटल अस्पताल में कराना चाहता था। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) रोहित मीणा ने बताया कि पुलिस को घटना के बारे में सूचना बुधवार को दी गई।

उन्होंने बताया कि वह व्यक्ति खुद को विंग कमांडर बताकर थिमैया मार्ग स्थित वायुसेना के डेंटल अस्पताल में दाखिल हुआ। पुलिस उपायुक्त के अनुसार पहचान के तौर पर उसने जाली दस्तावेज का इस्तेमाल किया और सुरक्षा के पहले घेरे को पार कर लिया लेकिन बाद में वायुसेना के सुरक्षा कर्मचारियों ने उसे पकड़ लिया तथा पुलिस को सौंप दिया गया।

मीणा ने बताया कि उसके पास से कई रक्षाकर्मियों के नाम पर जारी शराब के कार्ड और एक जाली पहचान पत्र बरामद किया गया गया है। रक्षाकर्मियों को छावनी क्षेत्रों में रियायती दरों पर शराब खरीदने के लिए कार्ड दिए जाते हैं।

प्रश्नपत्र लीक मामला : सीबीआई जांच की मांग पर विस में हुआ हंगामा

# भाजपा और आजसू विधायक में कहासुनी

### मामले की जांच के लिए एसआइटी का गठन हुआ

एजेंसी। रांची

**झारखंड** कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) संयुक्त स्नातक स्तरीय (सीजीएल) परीक्षा के पर्चा लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर विपक्षी भाजपा विधायकों ने प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन हंगामा किया। हंगामे के बीच राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर ओरांव द्वारा 4981 करोड़ रुपये का तीसरा अनुपूरक बजट पेश किया गया।

पिछले महीने हुए प्रश्नपत्र लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर परचे दिखाते हुए विपक्षी भाजपा विधायक और आजसू के विधायक लंबोदर महतो पूर्वाह्न 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने के साथ ही अध्यक्ष के आसन के सामने आ गए। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 28 जनवरी को आयोजित परीक्षा शुरू होने से कुछ घंटे पहले ही प्रश्नपत्र लीक हो गया था।




राज्य सरकार ने इस मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया है। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा, राज्य सरकार नौकरी, परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए कानून लेकर आई। इसके बावजूद इतना बड़ा पेपर लीक हो गया। इसलिए हम पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग करते हैं। इससे पहले, विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो ने हंगामा कर रहे विधायकों से अपनी सीटों पर वापस जाने का आग्रह करते हुए कहा कि सत्र के दौरान इन मुद्दों पर चर्चा की जाएगी, लेकिन विधायक विरोध करते रहे। इससे पहले दिन में भाजपा ने इसी मुद्दे पर विधानसभा के प्रवेश द्वार के निकट विरोध प्रदर्शन किया।

झारखंड भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि पर्चा लीक मामला राज्य सरकार के प्रायोजित भ्रष्टाचार का मामला है। मरांडी ने कहा, सरकार द्वारा गठित एसआईटी इसकी लीपापोती करने का एक उपकरण है। अगर वे वास्तव में एसआईटी बनाना चाहते थे तो उन्हें कुछ अच्छे अधिकारियों को शामिल करना चाहिए था। यही वजह है कि हम सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने बाद में पत्रकारों से कहा कि मामले की एसआईटी जांच चल रही है।

सोरेन ने कहा, नतीजा सामने आएगा। उन्हें भरोसा रखना होगा। इसके अलावा, यह सिर्फ झारखंड की समस्या नहीं है, यह हर राज्य में होता है। हंगामे के बीच वित्त मंत्री रामेश्वर ओरांव ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 4,981 करोड़ रुपए का तीसरा अनुपूरक बजट पेश किया। गृह, जेल और आपदा प्रबंधन विभाग को सबसे अधिक।,012 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं, जबकि पंचायती राज विभाग को 651 करोड़ रुपए और अजाअजजाअल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग को 547 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। सदस्यों ने प्रख्यात न्यायविद फली सैम नरीमन, प्रसिद्ध रेडियो उद्घोषक अमीन सयानी, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर जोशी और उस्ताद राशिद खान जैसी हस्तियों के सम्मान में कुछ पल का मौन रखा, जिनका हाल में निधन हुआ है। सदन की कार्यवाही को 26 फरवरी तक स्थगित कर दिया गया।

## छात्र आत्महत्या मामले में स्कूल प्रशासन पर केस

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 10वीं कक्षा के एक छात्र द्वारा अपने घर में आत्महत्या करने के तीन दिन बाद स्कूल प्रशासन के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। छात्र ने दक्षिण पश्चिमी दिल्ली के शंकर विहार इलाके में अपने घर पर चुन्नी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। छात्र के पिता की शिकायत पर पुलिस ने शंकर विहार में स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि स्कूल प्रशासन ने उनके बेटे को एक परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र देने से इनकार कर दिया था। एक अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार को वसंत विहार थाने में दी गई शिकायत में लड़के के पिता ने आरोप लगाया कि उनके बेटे से स्कूल में कुर्सी तोड़ने के लिए भारी जुर्माना भरने के लिए भी कहा गया था। इस मामले पर स्कूल प्रशासन की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। पिता ने स्कूल प्रशासन पर उनकी पत्नी और बेटे से दुर्व्यवहार का आरोप भी लगाया है। पिता ने शिकायत में आरोप लगाया, मेरा बेटा एक अच्छा छात्र और खिलाड़ी था, लेकिन स्कूल ने उसे प्रवेश पत्र देने से इनकार कर दिया।

# बैगा जनजाति परिवार के तीन सदस्यों की हत्या के मुद्दे पर विस में हंगामा

## पूर्व सीएम ने दंपति व बच्चे की हत्या का मामला उठाया

### अध्यक्ष ने पांच मिनट के लिए कार्यवाही स्थगित की

एजेंसी। रायपुर

**छत्तीसगढ़** के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने शुक्रवार को विधानसभा में, राज्य के कबीरधाम जिले में एक बैगा जनजाति परिवार के तीन सदस्यों की हत्या को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के इस्तीफे की मांग की और हंगामा किया। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही को दो बार स्थगित करना पड़ा और कांग्रेस विधायकों को निलंबित भी किया गया।

अध्यक्ष ने इस मुद्दे पर चर्चा की विपक्ष की मांग को अस्वीकार कर दिया। शून्यकाल में कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पिछले महीने कबीरधाम जिले में एक दंपति और उनके बच्चे की हत्या का मुद्दा उठाया और इस पर चर्चा कराए जाने की मांग की। विपक्ष की मांग के बाद जब इस मुद्दे पर हंगामा हुआ, तब अध्यक्ष रमन सिंह ने कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित कर दी। जैसे ही कार्यवाही



दोबारा शुरू हुई, अध्यक्ष ने स्थगन प्रस्ताव नोटिस पढ़ा और मंत्री से अपना जवाब देने को कहा।

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की ओर से घटना और उस पर की गई कार्रवाई के बारे में बयान दिया। शर्मा के पास गृह विभाग भी है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 15 जनवरी को खबर आई कि कबीरधाम जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधराम बैगा, उनकी पत्नी हिरमति और उनके नाबालिग बेटे जोन्हू राम की झोपड़ी में आग लग जाने से मृत्यु हो गई है। जांच से पता चला कि 14 जनवरी की रात बुधराम अपने परिवार के साथ गांव में एक रिश्तेदार के घर एक समारोह में शामिल हुआ था। इस दौरान जमीन के एक टुकड़े को लेकर गांव के कुछ लोगों से उसका विवाद हो गया। उन्होंने कहा कि अपराध के चश्मदीदों के बयान और फोरेंसिक जांच के आधार पर बृहस्पतिवार को दो महिलाओं सहित तेरह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और एक नाबालिग लड़के को हिरासत में लिया गया।


इसके बाद अध्यक्ष सिंह ने स्थगन प्रस्ताव के नोटिस पर चर्चा की अनुमति नहीं दी। मंत्री के बयान पर असंतोष व्यक्त करते हुए कांग्रेस विधायकों ने पुलिस पर घटना को छिपाने की कोशिश करने का आरोप लगाया और दावा किया कि आरोपियों को बचाने की कोशिश की।

# शाही ईदगाह मामले में अगली सुनवाई फरवरी 29 को

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद हटाने की मांग वाले वाद की पोषणीयता के संबंध में दायर याचिका पर अगली सुनवाई 29 फरवरी को करेगा। इस वाद में दावा किया गया है कि शाही ईदगाह मस्जिद का निर्माण कटरा केशव देव मंदिर की 13.37 एकड़ भूमि पर किया गया है।

शुक्रवार को इस मामले में सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने अगली सुनवाई 29 फरवरी को करने का आदेश दिया। बृहस्पतिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पेश हुई वक्फ बोर्ड की अधिवक्ता तसलीमा अजीज अहमदी ने दलील दी थी कि यह वाद पोषणीय नहीं है क्योंकि वक्फ कानून के प्रावधानों और पूजा स्थल अधिनियम 1991 के तहत इस पर सुनवाई नहीं की जा सकती।

उन्होंने कहा था कि जिस विवादित संपत्ति पर शाही ईदगाह




मस्जिद है, वह संपत्ति वक्फ की है। उन्होंने कहा था कि मौजूदा विवाद वक्फ की संपत्ति से जुड़ा है और इस प्रकार से इस मामले पर सुनवाई का अधिकार क्षेत्र केवल वक्फ अधिकरण के पास है और दीवानी अदालत के पास इस मामले में सुनवाई का अधिकार क्षेत्र नहीं है। पिछले वर्ष मई में उच्च न्यायालय ने श्री कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद से जुड़े सभी 15 वादों को सुनवाई के लिए मथुरा की अदालत से अपने पास मंगा लिया था।

# उप्र के गांव-गांव में हो रही पेपर लीक की चर्चा, सरकार सो रही है : प्रियंका

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक होने के विरोध में प्रतियोगी छात्रों के प्रदर्शन की ओर ध्यान दिलाते हुए शुक्रवार को कहा कि पेपर लीक की चर्चा प्रदेश के गांव-गांव में हो रही है, लेकिन सरकार सो रही है। उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में 17 और 18 फरवरी को हुई पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक होने के विरोध में प्रतियोगी छात्रों का आंदोलन शुक्रवार को जारी रहा। इनकी मांग है कि यह परीक्षा निरस्त की जाए तथा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष संजय श्रीनेत को हटाया जाए। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, फिर से परीक्षा, फिर से परीक्षा....बस एक बार सोच कर देखिए- 50 लाख से अधिक युवाओं ने फॉर्म भरा। ये प्रदेश के इतिहास की सबसे बड़ी परीक्षा थी। 400 रुपये का एक फॉर्म था। 48 लाख एडमिट कॉर्ड (प्रवेश पत्र) जारी हुए और परीक्षा के पहले पेपर लीक हो गया। क्या बीत रही होगी बच्चों पर? उनके परिवारों पर?

उन्होंने कहा कि ऐसा ही समीक्षा अधिकारी की परीक्षा में हुआ और पेपर लीक हो गया। प्रियंका गांधी ने कहा, उत्तर प्रदेश के एक-एक गांव में यह चर्चा हो रही है।



सरकार सो रही है। लड़के-लड़कियां इलाहाबाद, मेरठ से लखनऊ तक चीख-पुकार-प्रदर्शन कर रहे हैं और पुन: परीक्षा की मांग कर रहे हैं। सरकार उन्हें अपमानित कर रही है, लाठियों से पिटवा रही है। उन्होंने सवाल किया कि कौन कराता है ये पेपर लीक? कैसे होता है ये पेपर लीक? क्या चांद-मंगल पर जाने वाला हमारा देश एक फुलप्रूफ (त्रुटिहीन) परीक्षा नहीं करा सकता कि एक युवा की मेहनत चोरी न हो, उसके भविष्य पर डाका न पड़े?

## फ्लाईओवर पर हंगामा करने के लिए पांच लोग हिरासत में

**दिल्ली** के विकासपुरी इलाके में एक फ्लाईओवर पर हंगामा करने और अपने वाहनों से उसे अवरुद्ध करने के लिए पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आरोपियों सुबीर सिंह (42), नाम सिंह (41), गुरमीत सिंह (29), हरमीत सिंह (32) और मनमीत सिंह (36) ने बृहस्पतिवार को रंगीन बम फोड़कर और गलत तरीके से गाड़ी चलाकर फ्लाइओवर को अवरूद्ध कर दिया। पुलिस के अनुसार आरोपियों के साथ अन्य लोगों ने भी सड़क पर हुड़दंग मचाया। आरोपियों के आचरण के कारण परेशानी का सामना करने वाले कुछ यात्रियों ने वीडियो बनाकर उन्हें सोशल मीडिया पर डाल दिया। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने कहा कि घटना के वीडियो सामने आने के बाद संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

# दिल्ली सरकार खतरनाक रसायन बनाने वाली इकाइयों का सर्वेक्षण करे

### अलीपुर अग्निकांड में सरकार और पुलिस आयुक्त को नोटिस

एजेंसी। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने अलीपुर अग्निकांड के मद्देनजर दिल्ली सरकार और पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस घटना में 11 लोगों की मौत हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि आयोग ने दिल्ली सरकार को खतरनाक रसायनों और अन्य ज्वलनशील पदार्थ बनाने वाली और कारखाना अधिनियम के अनुसार सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन किए बिना अवैध रूप से संचालित सभी औद्योगिक इकाइयों का सर्वेक्षण करने और छह सप्ताह में एक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

नोटिस में आयोग ने कहा कि आग लगने की यह कोई अकेली घटना नहीं है, जहां हाल के दिनों में राष्ट्रीय राजधानी में नियोक्ताओं और अधिकारियों की लापरवाही के कारण निर्दोष श्रमिकों को जान गंवानी पड़ी। अधिकारियों ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि अधिकारियों ने पिछली घटनाओं से कोई सबक नहीं लिया है। पुलिस के मुताबिक 15 फरवरी को रंग-रोगन कारखाने में आग लगने से कम से कम 11 लोगों की जान चली गई थी और कई घायल हो गए थे। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने एक बयान में कहा कि उसने प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की खबरों को देखकर घटना के संबंध में स्वत: संज्ञान लिया है। आयोग ने पाया कि खबरों में दी गई जानकारी अगर सही है तो मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मुद्दा है।

# संदेशखाली मामला : सनातम धर्म को मिटाने का अभियान है : भाजपा

### शाहजहां शेख को गिरफ्तार नहीं करने पर टीएमसी को घेरा

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और तमिलनाडु में कथित तौर पर हिंदुओं को निशाना बनाए जाने को लेकर शुक्रवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधा और दावा किया कि इससे साबित होता है कि सनातन धर्म को मिटाने का दावा महज एक बयान नहीं बल्कि एक अभियान है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने अपनी पार्टी के नेताओं को संकटग्रस्त संदेशखाली जाने की अनुमति नहीं देने और स्थानीय तृणमूल नेता शाहजहां शेख को गिरफ्तार नहीं करने पर तृणमूल कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा।

संदेशखालि में बड़ी संख्या में महिलाओं ने शेख और उसके समर्थकों पर जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। त्रिवेदी ने कहा कि शेख के खिलाफ



प्रवर्तन निर्देशालय (ईडी) भ्रष्टाचार के एक मामले में जांच की जा रही है और वह एजेंसी के अधिकारियों पर हिंसक हमले का भी आरोपी है। उन्होंने दावा किया कि राजनीति का ऐसा बहुआयामी अपराधीकरण और आरोपी को संरक्षण देना भारतीय राजनीति में अभूतपूर्व है। ईडी अधिकारियों की एक टीम पर पांच जनवरी को भीड़ ने उस समय हमला किया था, जब उन्होंने पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में शाहजहां के आवास में प्रवेश करने की कोशिश की थी। हमले में तीन अधिकारी घायल हो गए थे।

जिला पुलिस और शेख के परिवार के सदस्यों ने ईडी अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शाहजहां तभी से फरार है। त्रिवेदी ने संवाददाताओं से कहा कि यह केवल पश्चिम बंगाल सरकार की ओर उसे (शेख को) बचाए जाने के बारे ही नहीं है बल्कि यह एक खास मानसिकता है जो कुछ लोगों के धर्मनिरपेक्ष संरक्षण में विश्वास करती है, भले ही वे अपराध और अत्याचार क्यों न करें। उन्होंने कहा कि धर्मनिरपेक्ष पार्टियां चुप हैं क्योंकि वे वोट बैंक की राजनीति के खिलाफ महिलाओं की शिकायतों को मापती हैं, यहां तक कि महिला अधिकारों के स्व-घोषित चैंपियन भी चुप्पी बनाए हुए हैं। राज्यसभा सदस्य ने बंगाल में अतीत में भी महिलाओं और हिंदुओं को निशाना बनाए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि ताजा मामला महज एक घटना नहीं है बल्कि यह चीज है, जिसने बंगाल को दो सदियों से ज्यादा समय तक बर्बाद किया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि यह हिंदुओं और मुसलमानों के बारे में नहीं है। उन्होंने कहा, कुछ पार्टियां सत्ता पर अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए मुस्लिमों में कट्टरपंथियों और आपराधिक तत्वों की रक्षा करने में विश्वास करती हैं। उन्हें भविष्य की चिंता नहीं है। त्रिवेदी ने कर्नाटक में पारित एक नए कानून,जिसमें कहा गया है कि राज्य सरकार एक करोड़ रुपये से अधिक राजस्व वाले मंदिरों की आय का 10 प्रतिशत एकत्र करेगी और तमिलनाडु में कुछ द्रमुक नेताओं द्वारा सनातन धर्म की आलोचना करने वाली पूर्व की टिप्पणियों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि संदेशखालि घटना सहित ये सभी घटनाक्रम दिखाते हैं कि सनातन धर्म का उन्मूलन केवल एक बयान नहीं बल्कि एक अभियान है।

उन्होंने कहा कि इन दलों ने हज सब्सिडी दी, जिसे अब खत्म कर दिया गया है और अब उन्होंने मंदिरों पर कर लगाया है। त्रिवेदी ने कहा कि दक्षिण भारत में कांग्रेस की सबसे बड़ी सहयोगी पार्टी द्रमुक के नेताओं ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू और एचआईवी से की है और इसे खत्म करने की बात की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों का एक इतिहास रहा है, क्योंकि जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व वाली सरकार हिंदू मंदिरों को विनियमित करने के अदालत के फैसले को निष्प्रभावी बनाने के लिए एक कानून लेकर आई थी। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए भाजपा नेता ने कहा कि उन्होंने इन घटनाक्रमों के बारे में एक शब्द नहीं बोला। त्रिवेदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी का कहना है कि राज्य में लोकतंत्र नहीं है और पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व देश में लोकतंत्र को बचाने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से गठबंधन का आह्वान करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस को सत्ता के लिए अपने कार्यकर्ताओं के शवों पर आगे बढ़ने में कुछ गलत नहीं लगता।

प्रदर्शनकारी किसानों से बोले जयंत

# धैर्य रखें, समाधान निकलेगा

एजेंसी। अमरोहा

**न्यूनतम** समर्थन मूल्य को लेकर किसानों के जारी विरोध प्रदर्शन के बीच राष्ट्रीय लोकदल प्रमुख जयंत चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि किसानों को धैर्य रखना चाहिए और मुद्दे का समाधान जरूर निकलेगा।

चौधरी ने पंजाब और हरियाणा की खनौरी सीमा पर पुलिस के साथ झड़प के दौरान एक युवा किसान की मौत पर अफसोस व्यक्त करते हुए दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की। उन्होंने कहा, किसान धैर्य रखें, समाधान जरूर निकलेगा। हिंसा किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है।

अमरोहा पहुंचे चौधरी ने 24 दिसंबर को सड़क हादसे में जान गंवाने वाले हाकमपुर ग्राम प्रधान विशाल, राजन और मनोज के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। हाल में विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाले राजग में शामिल होने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल में भागीदारी, लोकसभा चुनाव में सीट बंटवारे और



कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के घर पर सीबीआई छापे से जुड़े सवालों के जवाब में उन्होंने चुप्पी साध ली।

उन्होंने कहा, यह कोई राजनीतिक यात्रा नहीं है। उन्होंने कहा कि वह यहां पीडि़त परिवारों के दुख में शामिल होने आए हैं, इसलिए राजनीति से जुड़े किसी भी सवाल पर चर्चा नहीं करेंगे। चौधरी ने उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) के बीच लोकसभा सीटों को लेकर हुए समझौते पर अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, "किसानों की जायज मांगों का हर हाल में समाधान होना चाहिए। किसी भी समस्या का समाधान बातचीत से ही संभव है।

# ग्रेनो को आरआरटीएस से जोड़ने के लिए 3 रूट सुझाएं

## एनसीआरटीसी की टीम और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की अधिकारियों संग बैठक

### वैकल्पिक मार्गों का भी होगा सर्वे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट को आरआरटीएस से जोड़ने के लिए रूट तय करने पर अहम बैठक हुई। एनसीआरटीसी की टीम ने ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के समक्ष आरआरटीएस के लिए 3 वैकल्पिक रूटों पर प्रस्तुतिकरण दिया।

सीईओ ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और एनसीआरटीसी की संयुक्त टीम बनाकर इन तीनों ही वैकल्पिक रूटों का सर्वे करने के बाद फाइनल करने के निर्देश दिए। दरअसल ग्रेटर नोएडा व ग्रेटर नोएडा वेस्ट को जोड़ते हुए नोएडा एयरपोर्ट जेवर तक आरआरटीएस चलाने की योजना है। इसे दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस से जोड़ा जाएगा। यह रूट गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के चार मूर्ति चौक गौड़ चौक होते हुए एयरपोर्ट तक बनेगा। चार मूर्ति चैक से आरआरटीएस के तीन वैकल्पिक रूटों का सुझाव दिया गए हैं। पहला रूट, चार मूर्ति चौक से 130 मीटर चौड़ी रोड पर प्राधिकरण दफ्तर और परी चौक होते हुए नोएडा एयरपोर्ट तक प्रस्तावित किया गया है। दूसरा रूट, 60 मीटर रोड से होकर और तीसरा रूट चार मूर्ति चौक से नॉलेज पार्क-5, सूरजपुर और कासना होते हुए नोएडा एयरपोर्ट ले जाने का सुझाव है। जानकारी के अनुसार टीम ने ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के समक्ष इन 3 वैकल्पिक रूटों पर प्रस्तुतिकरण दिए।



ग्रेटर नोएडा और ग्रेनो वेस्ट को आरआरटीएस से जोड़ने के लिए हुई बैठक की अध्यक्षता करते सीईओ एनजी रवि।

इनमें से किसी एक रूट को फाइनल किया जाना है। सीईओ ने इनमें से किसी एक रूट को फाइनल करने से पहले ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और एनसीआरटीसी की संयुक्त टीम बनाकर तीनों वैकल्पिक रूटों का सर्वे करने के निर्देश दिए।

इस टीम में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ, नियोजन और परियोजना विभाग तथा एनसीआरटीसी के अधिकारी शामिल होंगे। वहीं सीईओ ने एक सप्ताह के अंदर रूट का मौके पर सर्वे कर सुझाव देने को कहा है। इस बीच प्राधिकरण की तरफ से रूट पर यूटीलिटी रिपोर्ट दी जाएगी और एनसीआरटीसी की तरफ से रूट का विस्तृत रिपोर्ट बनाकर प्राधिकरण को दिया जाएगा। सीईओ ने इस काम को प्राथमिकता पर लेते हुए रूट को शीघ्र फाइलइनल करने के निर्देश दिए हैं।

एनजी रवि कुमार ने यह भी कहा कि जो भी रूट फाइनल करें, वह वर्तमान के साथ ही भविष्य में ट्रैफिक की जरूरतों के हिसाब से होना चाहिए, ताकि ग्रेटर नोएडावासियों को कहीं पर भी कंजेशन की परेशानी न झेलनी पड़े। इस बैठक में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी, एसीईओ सुनील कुमार सिंह, जीएम वित्त विनोद कुमार, जीएम प्लानिंग लीनू सहगल, जीएम प्रोजेक्ट हिमांशु वर्मा, ओएसडी नवीन कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक सुधीर कुमार व एनसीआरटीसी के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# 800 हुक्के खरीदकर थमाये 8 लाख रुपये के नकली नोट

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में एक गैंग ने एक हजार पीस हुक्का की डिलीवरी लेकर सेलर को 8 लाख रुपए के नकली नोट चिल्ड्रन बैंक थमा दिए। नंदग्राम थाना पुलिस ने शुक्रवार को एक युवक को गिरफ्तार करते हुए 80 नकली नोट बरामद किए हैं।

पुलिस ने बताया, कुछ दिन पहले आयुष नामक व्यक्ति ने ठगी की शिकायत की थी। पुलिस ने तुरंत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। इस मामले में शुक्रवार को ब्रजभान को गिरफ्तार किया है। वो मूल रूप से मध्यप्रदेश में पन्ना जिले का रहने वाला है और फि लहाल सिविल लाइन गुरुग्राम में रह रहा है। पूछताछ में ब्रजभान ने बताया, हम तीन दोस्त हैं। इनमें अयान नामक दोस्त गुरुग्राम में बर्गर पॉइंट पर काम करता है। अयान का दोस्त शहनवाज है। जिसके बाद इन दोनों से मेरी भी दोस्ती हो गई। शहनवाज ने ये डील की। प्रति हुक्का 800 रुपए में खरीदना तय हुआ था। डील वाले दिन ब्रजभान और अयान हुक्के की डिलीवरी लेने गाजियाबाद में आए थे। आयुष ने जैसे ही 800 पीस हुक्के से भरे बैग दिए तो इन दोनों ने उन्हें 8 लाख रुपए के नकली नोटों की गड्डियां थमा दी।

# रास्ते में गायब कर दिए लाखों रुपये के मोबाइल

### शैडोफैक्स कंपनी के तीन कर्मचारी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सैमसंग कंपनी के मोबाइल फोन को डिलीवरी के दौरान रास्ते में चोरी करने वाले शैडोफैक्स कंपनी के तीन कर्मचारियों को थाना सूरजपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



इनके पास से चोरी के 72 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं जिनकी कीमत 13 लाख रुपए है। सेंट्रल जोन के एडीसीपी हृदेश कठेरिया ने बताया कि शैडोफैक्स टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मैनेजर जितेंद्र सिंह तेवतिया ने थाना सूरजपुर में शिकायत दर्ज कराई थी कि कंपनी से एक्सपोर्ट करते समय सैमसंग के 80 मोबाइल फोन चोरी हो गए हैं। थाना सूरजपुर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच पड़ताल की। प्रारंभिक जांच पड़ताल में पुलिस को कंपनी के ही कुछ कर्मचारियों पर शक हुआ।

इसके बाद पुलिस ने रवि गौड़, दिनेश व अनिल कुमार को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की बात स्वीकार ली। पुलिस ने उनके निशानदेही पर 48 घंटे के भीतर ही चोरी किए गए 72 मोबाइल फ ोन बरामद कर लिए। 8 मोबाइल फोन के बारे में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने राह चलते अनजान लोगों को बेच दिये हैं।

एडीसीपी ने बताया कि शैडोफैक्स टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के मोबाइल फोन की डिलीवरी के लिए ट्रांसपोर्ट का कार्य करती है और तीनों आरोपी उक्त कंपनी में ड्राइवर के रूप में कार्यरत थे। तीनों ने 8 फरवरी व 14 फरवरी को शैडोफैक्स टेक्नोलॉजी कंपनी से मोबाइल फोन को ट्रक में लोड करने के दौरान 80 मोबाइल फ ोन को गायब कर दिया था।

# युवकों ने बीपीओ कर्मी को पीटा, रिवॉल्वर दिखाकर धमकाया

**नोएडा।** थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के सेक्टर 98 के ट्रैफिक सिग्नल पर कार सवार दो युवकों ने एक बीपीओ में काम करने वाले व्यक्ति की पिटाई कर दी, जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया, आरोपियों ने रिवाल्वर दिखाकर उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर 127 में स्थित विप्रो कंपनी में काम करने वाले हरकेश सिंह नायक ने बीती रात को थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह अपनी कार से सेक्टर 98 के ट्रैफिक सिग्नल के पास से गुजर रहे थे, तभी यूपी-32-एचक्यू 0600 नंबर की काले रंग की कार में सवार दो लड़कों ने रास्ता देने को लेकर हॉर्न बजाना शुरू कर दिया।

नायक ने शिकायत में कहा कि वह रास्ता नहीं दे पा रहे थे, क्योंकि उनकी कार के आगे एक और कार खड़ी थी, इसी बीच कार से दोनों लड़के उतरे और उनकी पिटाई कर दी। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने रिवाल्वर दिखाकर उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

# हैबतपुर के किसानों को जल्द मिलेगा भूखंड

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

### आयोजित शिविर में 50 पात्रों ने सौंपे दस्तावेज

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण जमीन देने वाले किसानों की छह फीसदी भूखंड प्राप्त करने की पात्रता तय करने के लिए हैबतपुर गांव में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 50 से ज्यादा किसानों ने शिविर में आकर अपनी पात्रता निर्धारित करने से जुड़े दस्तावेज सौंपे।

वहीं अब प्राधिकरण इनकी पात्रता तय करते हुए भूखंड आवंटित करेगा। जानकारी के अनुसार प्राधिकरण जल्द ही अन्य गांवों में भी शिविर लगाने के लिए शेड्यूल जारी करेगा। इसके साथ ही इस शिविर में एसआईटी जांच के बाद प्राप्त सही प्रकरणों में लीज बैक करने के लिए किसानों ने आवेदन किए। आपको बता दें ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण विकास परियोजनाओं के लिए किसानों की जमीन अधिग्रहित करता है, और उसके एवज में प्राधिकरण की तरफ से कुल अधिग्रहित जमीन का 06 फ ीसदी हिस्सा विकसित करके किसानों को देता है। इसकी पात्रता तय करने के लिए किसानों को प्राधिकरण आना पड़ता है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने किसानों को सुविधा प्रदान करते हुए छह फीसदी भूखंड प्राप्त करने की पात्रता तय करने के लिए गांवों में ही शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में प्राधिकरण ने बृहस्पतिवार को हैबतपुर गांव में शिविर लगाया। प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा की अगुवाई में भूलेख विभाग और परियोजना विभाग के वर्क सर्किल की टीम सुबह करीब 11 बजे से हैबतपुर गांव पहुंच गई। टीम ने शिविर में आने वाले 50 से अधिक किसानों के छह फ ीसदी भूखंड के कागजात प्राप्त किए।

# नोएडा प्राधिकरण ने अवैध निर्माण पर चलाया बुलडोजर

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा प्राधिकरण अवैध निर्माण पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस क्रम में वर्क सर्किल-10 की टीम ने प्राधिकरण पुलिस और स्थानीय पुलिस के सहयोग से गढ़ी समस्तीपुर में अवैध निर्माण को ध्वस्त किया।

इस दौरान ग्रामीणों ने विरोध किया। हालांकि पुलिस के समझाने के बाद वो शांत हो गया। प्राधिकरण ने चेतावनी दी दोबारा निर्माण करने पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। दरअसल नोएडा के गढ़ी समस्तीपुर गांव में खसरा नंबर 62,63, और 64 की करीब 8 हजार वर्गमीटर जमीन प्राधिकरण की अधिसूचित और अधिग्रहीत जमीन है। मास्टर प्लान 2031 के अनुसार ये जमीन नियोजित है। इसलिए इसे खाली कराना ज़रुरी था। यहां पर अवैध रूप से एक धार्मिक स्थल का निर्माण किया जा रहा था। संज्ञान आने पर प्राधिकरण ने पहले ही इसे ध्वस्त करने के लिए कहा। लेकिन ध्वस्त नहीं करने बजाय यहां निर्माण जारी रहा। टीम की अगुआई में पुलिस बल के साथ अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया।

# मां बेटी की अश्लील फोटो बनाकर फेसबुक पर डालीं

**नोएडा।** नोएडा का एक परिवार एक सिरफिरे व्यक्ति के कारण डर के साए में अपने दिन बसर कर रहा है। सिरफिरे ने इस परिवार की मां और बेटी की अश्लील फोटो बनाकर फेसबुक पर डाल दी हैं और उनकी जिंदगी बर्बाद करने की धमकी दे रहा है।

पीड़ित परिवार ने थाना सेक्टर 49 में रिपोर्ट दर्ज कराकर सिरफिरे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। नोएडा सेक्टर.51 के होशियापुर गांव में किराए पर रहने वाले प्रमोद काल्पनिक नाम ने बताया कि मोहल्ला सराय हकीम थाना मन्ना देवी जनपद अलीगढ़ निवासी राजवीर सक्सेना उर्फ डेनी उर्फ चंद्रावल पुत्र कैलाश चंद्र सक्सेना ने उनके पूरे परिवार का जीना दुश्वार कर दिया है। राजवीर सक्सेना उर्फ डेनी ने अपनी फेसबुक आईडी पर उसकी पत्नी जब बेटी के अश्लील फोटो अपलोड किए हुए हैं इसके अलावा वह व्हाट्सएप ऐप पर उसकी पत्नी तथा बेटी के फ ोटो को एडिट कर उन्हें वायरल करता रहता है।

# बिल्डर कंपनी के 3 निदेशकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतम बुद्ध नगर जिले के बिसरख थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति से 25 लाख रुपए ठगने के आरोप में एक बिल्डर कंपनी के तीन निदेशकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना

बिसरख के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि राजीव सिंह नाम के व्यक्ति ने बृहस्पतिवार रात को दर्ज कराई गई शिकायत में कहा कि उसने एक बिल्डर कंपनी के निदेशकों कमल दत्ता, करण दत्ता तथा दीक्षा नरूला पर भरोसा कर एक फ्लैट बुक कराया था।

पीड़ित का आरोप है कि कंपनी के निदेशकों ने फ्लैट बुक कराने के लिए उससे 25 लाख रुपए ले लिए लेकिन बाद में उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट किसी और कंपनी को हस्तांतरित किया जा रहा है। शिकायत में कहा गया है कि सिंह को बाद में पता चला कि उसने जो फ्लैट बुक कराया था, उसे किसी और व्यक्ति को बेच दिया गया है।

शिकायत के अनुसार, जब सिंह ने आरोपियों से उसका धन लौटाने या फ्लैट देने को कहा तो उन्होंने उसके साथ बदसलूकी की और उसकी रकम हड़प ली। कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर कमल दत्ता, करण दत्ता, तथा दीक्षा नरूला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भाजपा का लाभार्थी सपंर्क अभियान 1 मार्च से

**लोकसभा चुनाव**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

भारतीय जनता पार्टी ने अब लाभार्थी संपर्क अभियान शुरू कर दिया है। यह अभियान 1-3 मार्च तक चलेगा। इसके तहत कार्यकर्ता लाभार्थियों से संपर्क करेंगे। प्रत्येक कार्यकर्ता को 20 लाभार्थियों की सूची दी जाएगी। जो रोज इसकी रिपोर्ट अपने मंडल संयोजक को देंगे।



यह जानकारी भाजपा के महानगर अध्या मनोज गुप्ता ने दी। इसको लेकर सरस्वती शिशु मंदिर मंडल में कार्यशाला भी आयोजित की गई। मनोज गुप्ता ने कहा की मोदी सरकार पिछले 10 साल से लगातार गरीब, मजदूर, किसान, महिला, यूवा, अनुसुचित आदि सहित समाज के सभी वर्गों लिए कार्य कर रही है जिन लोगों को इस दौरान सरकार से लाभ मिला है उनके संपर्क हेतु कार्यकर्ताओ की सूची बनाकर एक कार्यकर्ता को सम्पर्क हेतु 20 लाभार्थियों सूची दी जाएगी जिसका वो प्रतिदिन की रिपोर्ट अपने मण्डल संयोजक देंगे, 1 से 3 मार्च को विशेष अभियान है इस दिन सभी कार्यकर्ता लाभार्थियो से जरुर संपर्क करें, इस दौरान गिरीश कोटनाला, पूनम सिंह, डिंपल आनंद दीपक शर्मा अमित नागपाल, देवेंद्र रावत, सुरेंद्र बिष्ट, संतोष खंडूरी, प्रसन्न जीत मैत्रा, श्रीवांस श्रीवास्तव कमलेश मीणा, मलकेश्वर झा, मीनाक्षी चौहान, पुष्पा रावत, माया रावत, दिनेश कृष्णनन किशन बेनीवाल रमेश शेखर, सुरेश शर्मा, सहित मण्डल पदाधिकारी एवम शक्ति केंद्र संयोजक आदि उपस्थित रहे।

उधर अटल बिहारी वाजपेई मण्डल में अभियान सह संयोजक सुचित्रा कक्कड़ ने अभियान की जानकारी दी जिसमें मण्डल अध्यक्ष कल्लू सिंह, ओम यादव, योगेंद्र चौधरी राजकुमार झा गोविन्द कोरंगा, अमरजीत प्रज्ञा पाठक, मुकेश शर्मा, सचिन चौधरी लक्ष्मी पटवाल इंद्रावती, मधु मनोज शर्मा रेखा चौहान पारसिंह नेगीआदि उपस्थित रहे।

# बसंत उत्सवः नोएडा में देसी-विदेशी फूलों की प्रदर्शनी देखने उमड़ी भीड़

### सीईओ ने किया पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**सेक्टर-21ए** स्थित नोएडा स्टेडियम के रामलीला ग्राउंड में तीन दिवसीय 36वां वार्षिक नोएडा पुष्प प्रदर्शनी-2024 का उद्घाटन नोएडा सीईओ लोकेश एम ने किया।

उद्घाटन के अवसर पर पंच वाद्य यंत्र बजाए गए, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना। नोएडा में देसी-विदेशी फूलों की प्रदर्शनी शुरू हुई। इन फूलों की खूशबू दिल्ली एनसीआर तक की जनता महसूस करेगी। बसन्त उत्सव के नाम से आयोजित यह कार्यक्रम तीन दिवसीय है। बसन्त उत्सव के दौरान फूलों व बागवानी से संबंधित प्रतियोगिताओं



36वां वार्षिक नोएडा पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन करते नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ लोकेश एम।



प्रतियोगिताओं में अव्वल आने वाले प्रतिभागियों को नोएडा प्राधिकरण पुरस्कार देकर सम्मानित करेगा। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ लोकेश एम ने बताया कि 36वां वार्षिक नोएडा पुष्प प्रदर्शनी इस बार इस वजह से भी आकर्षित रहेगी कि शहर को कचरा मुक्त श्रेणी में पांच स्टार रैंकिंग से सेवन स्टार रैंकिंग में लाने की है। इसके लिए घरेलू कचरा को काला सोना आर्गेनिक खाद में बदलने की विधि को भी प्रदर्शनी के दौरान बताया जाएगा। उन्होंने बताया कि 24 फरवरी की शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इसमें कथक नृत्यए लाफ्टर व कमेडी शो को प्रस्तुत किया जाएगा। फ्लावर शो में 80 से अधिक स्टाल उद्यान प्रेमियों की ओर लगाए गए है। इसमें 38 नर्सरी और कुछ तो कलिम्पोंग और भीमताल से लगे है। इसमें उत्तर रेलवे, नई दिल्ली म्यूनिसिपल कार्पोरेशन, दक्षिण दिल्ली म्यूनिसिपल कार्पोरेशन, भारतीय थल सेना, कोटा हाउस, भारत पेट्रोलियम, एलजी, एडोब सिस्टम, एनआइआइटी, दिल्ली पब्लिक स्कूल, यमुना प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सहित अन्य संस्थाएं शामिल है। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता 25 फ रवरी को प्रातः 9 से 11 बजे तक विभिन्न स्कूलों के बच्चों के बीच आयोजित किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार



वसुंधरा में आयोजित चर्चा पर चर्चा में शामिल हुई भारती सिंह।

### चाय पर चर्चा के दौरान सुनीं वसुंधरा की समस्याएं

**गाजियाबाद।** वसुंधरा के सेक्टर-6 के श्री कृष्णा अपार्टमेंट के प्रांगण में भारती सिंह धर्मपत्नी सांसद डॉक्टर वीके सिंह ने चाय पर चर्चा कार्यक्रम में पहुंची। इस कार्यक्रम में आकर भारती सिंह ने वसुंधरा के लोगों से बातचीत की उनके समस्याओं को सुना, और अभी तक भाजपा सरकार ने व जनरल वीके सिंह ने क्या-क्या काम करें हैं उनके बारे में उपस्थित लोगों को बताया। भारती सिंह ने बताया कि अभी बहुत सारे काम करने हैं जिनकी सूची बना ली गई है और वह अगले 5 वर्षों में किए जाएंगे और गाजियाबाद को देश का अग्रणी शहर बनाया जाएगा। भारती सिंह का स्वागत श्री कृष्णा अपार्टमेंट के सचिव राजीव पंत ने किया। इस कार्यक्रम की संयोजक महानगर मंत्री महिला मोर्चा भाजपा गाजियाबाद रेखा त्यागी थी। महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष पूनम कौशिक भी उपस्थित रही कौशांबी से पूर्व पार्षद मनोज गोयल एवं वर्तमान पार्षद कुसुम गोयल भी उपस्थित रहे, जिनका समिति के साथियों ने तहे दिल से स्वागत किया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक मंच की तरफ से बी जोशी जी ने जनरल डॉक्टर वीके सिंह की तारीफ में अनेक संस्मरण सुनाए और बताया कि इस बार 8 लाख से ऊपर वोटो से जनरल साहब गाजियाबाद की सीट जीतने जा रहे हैं। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित फिल्मी कलाकार एवं विश्व की सबसे प्रसिद्ध रामलीला लव-कुश रामलीला दिल्ली में लक्ष्मण व भारत के किरदार निभाने वाले मोहित त्यागी का भी लोगों ने स्वागत किया।

### ऑन डिमांड लग्जरी वाहन चुराने वाला गैंग पकड़ा

**गाजियाबाद।** एडीसीपी क्राइम सच्चिदान्नद बर्नवाल के द्वारा शातिर बदमाशों की कमर तोड़ने के लिए चलाई जा रही मुहिम को एक और बड़ी सफलता मिली है। यह सफलता उस समय मिली कि जब उनकी टीम के प्रभारी निरीक्षक अब्दुल रहमान सिद्दीकी ने अपने सहयोगियों एवं एसएचओ मसूरी नरेश कुमार शर्मा की टीम के साथ मिलकर ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रैस वे के नीचे खड़े होकर चोरी की लग्जरी कारों की डील कर रहे वाहन चोरों के अंतर्राज्जीय चवन्नी गैंग के चार शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई के दौरान सिद्दीकी की टीम ने विभिन्न स्थानों से चुराई गई पांच लग्जरी कार, कैश, चाबियों का गुच्छा, औजार व अन्य सामान बरामद कर लिया। पुलिस ने चोरी की जो कार बरामद की हैं उनमें दो ब्रेजा विटारा, होंडा जाज, बलेनो व सेंट्रो आदि हैं। पूछताछ के दौरान गैंग लीडर ने अपना नाम ताज मौहम्मद उर्फ ताजू उर्फ चवन्नी निवासी मौहल्ला ठुकरान ककोड़ बुलंदशहर बताया। अन्य बदमाशों ने अपने नाम कासिफनिवासी बुलंदशहर, गुड्डू खान निवासी सीलमपुर दिल्ली व मतीन निवासी मुरादाबाद बताये। गैंग लीडर ने बताया कि उसका गिरोह ऑन डिमांड वाहन विशेषकर लजरी कार चुराने में माहिर है।

### इंडिया फूड कोर्ट के व्यंजनों का चखा स्वाद



**नोएडा।** सेक्टर-33 स्थित नोएडा हाट में ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित एवं राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान एनआईआरडीपीआर द्वारा समर्थित सरस आजीविका मेले में आठवें दिन शुक्रवार को भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। जहां लोगों ने विभिन्न राज्यों के उत्पादों की जमकर खरीददारी की, वहीं इंडिया फूड कोर्ट में विभिन्न राज्यों के व्यंजनों का सवाद चखा। इंडिया फू ड कोर्ट के कोर्डिनेटर श्रेयस कश्यप ने बताया कि यहां इस बार देश भर के 20 राज्यों की 80 गृहणियों के समूह ने अपने प्रदेश के प्रसिद्ध क्षेत्रीय व्यंजनों के स्टाल लगाए हैं, जिनमें हर प्रदेश के क्षेत्रीय व्यंजनों के स्वाद का अनोखा आनंद प्राप्त हो रहा है। राजस्थानी कैर सागरी गट्टे की सब्जी से लेकर बंगाल की फि श करी, तेलंगाना का चिकन, बिहार की लिट्टी चोखा, पंजाब का सरसों का साग व मक्के की रोटी, प्राकृतिक खाद्य उत्पाद, हरियाणा के बाजरे व ज्वार के लड्डू बिस्कुट, कर्नाटक व जम्मू कश्मीर के ड्राई फ्रूट सहित पूरे भारत के पकवान मौजूद हैं। मेले के आठवें दिन यहां विभिन्न प्रकार के टेस्टी मोमोज तथा सूप के स्वाद को लोगों ने चखा।

### समय रहते कराएं हार्ट की जांचः डॉ. विवेका



**नई दिल्ली।** जागरुकता के अभाव में हार्ट रोग के मामलें तेजी से ब? रहे हैं। अगर समय रहते हार्ट रोग का इलाज हो जाए तो हार्ट रोग जैसी गंभीर बीमारी से बचा जा सकता है। ये जानकारी भारतीय चिकित्सक संघ (एपिकोन) के 79 वें वार्षिक सम्मेलन में मैक्स अस्पताल कैथ लैब डायरेक्टर व वरिष्ठ हार्ट रोग विशेषज्ञ डॉ विवेका कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में हो रही हर तरक्की का लाभ मरीजों को मिल रहा है। डॉ विवेका कुमार ने बताया कि ट्रांस्कैथेटर एओटिक वाल्व इम्प्लांटेशन हार्ट वाल्व के किए सबसे सफल इलाज है। डॉ विवेका ने हार्ट रोग से जुड़ी तमाम जानकारी सांझा की है।डॉ विवेका ने कहा कि नियमित रूप से योग करना चाहिए। मोटापा,डायबीटीज और हाई ब्लड प्रेशर के रोगियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहना चाहिए।

# जनरल वीके सिंह ने किया कई विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास

**गाजियाबाद।** केंद्रीय सडक परिवहन राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ वीके सिंह ने शुक्रवार को सांसद निधि के प्रस्तावित कई कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने विकास खण्ड रजापुर में इंटरलॉकिंग सडक कार्य का लोकार्पण किया। सांसद निधि से 11.070 लाख की स्वीकृत धनराशि से 150 मीटर लंबी सडक की मरम्मत कार्य किया गया। इसके तहत जलालाबाद गांव में बड़ी माता से हरिजन शमशान घाट तक इंटरलॉकिंग सडक का निर्माण किया गया। सडक निर्माण होने से गांववासियों में जबर्दस्त खुशी है। इसके अलावा चित्तौड़ा गांव में श्मशान घाट की चारदीवारी, इंटरलॉकिंग और शेड के निर्माण कार्य का भी लोकार्पण किया गया।

# गर्भधारण कितने सच हैं ये मिथक



**प्रेगनेंसी से जुड़े कई सारे मिथक सदियों से चले आ रहे हैं। मगर क्या आपको पता है इन मिथकों के पीछे की सच्चाई क्या है...**

गर्भधारण और मातृत्व एक शाश्वत अनुभव है जो प्रत्येक महिला के लिए अनूठा होता है। किसी महिला के लिए गर्भधारण काल में खुद और बच्चे की सेहत और फिटनैस पर ध्यान देना सब से अच्छी आदत है। ज्यादातर प्रैग्नेंट महिलाओं को मित्रों और रिश्तेदारों यहां तक कि अजनबियों से भी ढेर सारी नेक सलाह मिलने लगती है।

हरकोई अपना-अपना विचार देने लग जाता है कि प्रैग्नेंट महिला को क्या करना चाहिए और क्या नहीं। हालांकि इनमें से कई विचार सही भी हो सकते हैं, लेकिन कई विचार महज मिथक भी होते हैं। यहां हम आप को कुछ सामान्य मिथकों और सचाई के बारे में बता रहे हैं।

### आप दो लोगों के लिए भोजन कर रही हैं

सामान्य वजन के साथ किसी औसत आयु वाली महिला को गर्भधारण काल में अपने बच्चे के विकास के लिए प्रतिदिन सिर्फ 300 अतिरिक्त कैलोरी लेने की आवश्यकता होती है।

सामान्य वजन वाली किसी महिला का गर्भधारण काल में 25 से 35 पाउंड तक ही वजन बढ़ना चाहिए और यदि उसका वजन अधिक है तो इतना ही कम करना चाहिए, साथ ही पहली बार मां बनने जा रही महिला के लिए 50 पाउंड से अधिक वजन बढ़ाना सीजेरियन का खतरा बहुत बढ़ा देता है या फिर सामान्य तरीके से बच्चे को जन्म देना मुश्किल हो जाता है। जन्म के दौरान जिस बच्चे का अधिक ख्याल रखा जाता है व उस में बड़े होने पर मोटापे से पीड़ित होने की भी संभावना रहती है।

### भारी वजन उठाने से प्रसवपीड़ा बढ़ेगी

यह बात आंशिक रूप से ही सही है। भारी वजन उठाने से पीठ दर्द बढ़ सकता है और स्पाइनल इंजरी का भी कारण बन सकता है, लेकिन यदि इससे आपको ज्यादा परेशानी नहीं होती हो और यदि आप सही तरीके से वजन उठाने में समर्थ हैं तो थोड़ा-बहुत वजन उठाना बेहतर ही होता है। मसलन, अनाज का थैला और छोटे बच्चे को यदि आप सही तरीके से उठाती हैं तो यह बिलकुल अच्छा माना जाता है।

आप को घुटने मोड़ कर कोई चीज उठानी चाहिए और इसे अपने बच्चे के करीब रखना चाहिए। अपनी पीठ नहीं मोड़ें क्योंकि इससे पीठ पर जोर पड़ेगा और आप वजन नहीं उठा पाएंगी, साथ ही अपने शरीर के सिर्फ एक ही हिस्से पर जोर देने के बजाय हमेशा दोनों बाजुओं का संतुलन बनाते हुए वजन उठाना चाहिए।

### व्यायाम से मेरे बच्चे को नुकसान होगा

कोई भी व्यायाम अपने डाक्टर से सलाह लेने के बाद और प्रशिक्षित प्रोफेशनल की निगरानी में ही करना चाहिए। फिट रहने से आप की सहनशक्ति बढ़ती है और आप बच्चे को जन्म देने की श्रमसाध्य प्रक्रिया के लिए खुद को तैयार कर पाती हैं। दरअसल, जो महिलाएं किसी तरह का व्यायाम करने की आदी नहीं होतीं, उन्हें गर्भधारण काल में अकसर कुछ व्यायाम करने की सलाह दी जाती है। तेज कदमों से टहलना सब से सुरक्षित है, तैराकी, सांस से जुड़े व्यायाम और ध्यान करने की भी सलाह दी जाती है क्योंकि इनसे चीजें आसान हो जाती हैं, लेकिन कोई भी व्यायाम डाक्टर से परामर्श लेने के बाद ही शुरू करना चाहिए।

### गर्भवती महिला के लिए विमान में सफर करना सुरक्षित नहीं रहता

यह भी आंशिक रूप से सही है। यदि आप की डिलिवरी तारीख छह सप्ताह से आगे की है तो विमान से सफर करना बिलकुल सुरक्षित है। एयरपोर्ट सिक्योरिटी से गुजरना भी आपके बच्चे के लिए नुकसानदेह नहीं होगा, लेकिन यदि आप लंबी विमान यात्रा पर हैं तो थोड़ी-बहुत चहल-कदमी करते रहें और अपने पैरों को चलाती रहें। हालांकि बार-बार विमान से यात्रा करने वालों को थोड़ी ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है।

### सैलफोन, माइक्रोफोन और कंप्यूटर भी नुकसानदेह होते हैं

वैज्ञानिक आधार पर साबित हो गया है कि कंप्यूटर पूरी तरह सुरक्षित है। जहां तक माइक्रोवैव का सवाल है तो जब इसमें लीकेज होगी तभी आप इस के विकिरण खतरे की चपेट में आ सकती हैं। सुरक्षा के लिहाज से आप इसके ऑन रहने के दौरान इस से एक सुरक्षित दूरी बनाए रखें।

इसी तरह सैलफोन भी आप के बच्चे को किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाता।

### मेरे बच्चे की गतिविधि सुस्त लगती है, क्या उस का धीमा विकास हो रहा है

आपके बच्चे का विकास शुरू हो चुका होता है और यह अपनी रफ्तार में जारी रहता है। यदि आप अपने बच्चे की गतिविधियों को लेकर बहुत ज्यादा चिंतित हैं तो एक बार इसकी जांच कराने की कोशिश करें। 12 घंटे की अवधि में जब आप को उसकी 10 गतिविधियां महसूस हों तो आप को चिंता करने की जरूरत नहीं है। जैसे-जैसे आप की डिलिवरी की तारीख नजदीक आती जाएगी, आप को इस की बार-बार जरूरत पड़ेगी। जब तक आप इस की वास्तविक गिनती नहीं करतीं, आप कुछ गतिविधियों से भी वंचित रह सकती हैं जो आपमें बेबुनियाद डर पैदा कर सकता है।

### गर्भधारण काल के दौरान मुझे बाल नहीं रंगने चाहिए

यह सही है। पहले तीन महीनों के दौरान हेयर कलर जैसे कैमिकल्स से बचना ही सर्वश्रेष्ठ है क्योंकि ये रसायन खोपड़ी से होते हुए रक्तनलिका में पहुंच जाते हैं, लेकिन गर्भधारण के बाद वाली आधी अवधि में यह रसायन उतना खतरनाक नहीं भी हो सकता है। इस मामले में भी प्राकृतिक एवं हर्बल मिश्रण ही अपनाना चाहिए।

### पेट लटकने की स्थिति में महिला को लड़का होता है और गर्भधारण दाग का मतलब लड़की का होना है

किसी महिला के गर्भ में बच्चा कैसे पलता है यह उसकी शारीरिक संरचना और उस के प्रैग्नेंट होने से पहले वह कैसे थी, इसपर निर्भर करता है, लेकिन किसी भी मामले में इससे लड़का या लड़की होने का फर्क नहीं पड़ता। दूसरे गर्भधारण में भी पेट की मांसपेशियां कमजोर होने के कारण गर्भ लटक जाता है। इसी तरह गर्भधारण के निशान का भी बच्चे के लिंग से कोई लेना-देना नहीं है। यह महज हारमोनल बदलाव का परिणाम होता है।

### भ्रूण में ह्रदय की धीमी गति दर का मतलब है कि लड़का होगा और तेज ह्रदय गति दर का मतलब है लड़की होगी

कोई ऐसा अध्ययन नहीं हुआ है जो साबित कर सके कि ह्रदयगति ही बच्चे के लिंग को निर्धारित करती है। आपके बच्चे की ह्रदयगति किसी एक प्रसव पूर्व परीक्षण की तुलना में दूसरे परीक्षण से अलग हो सकती है और यह पूरी तरह भ्रूण की आयु और परीक्षण की अवधि में गतिविधि स्तर पर निर्भर करती है।

### पपीता खाने से गर्भपात होता है

यह सचाई इस आधार पर टिकी है कि कच्चे पपीते में कीमोपेनिन होता है जिसे गर्भपात या समय पूर्व प्रसवपीड़ा का कारण माना जाता है। लेकिन पका हुआ पपीता सुरक्षित माना जाता है। इसके अलावा पके पपीते में विटामिन ए का अच्छा स्रोत होता है।

### गर्भवती महिलाएं अचार और आइसक्रीम की शौकीन होती हैं

दरअसल, गर्भवती महिलाएं नमक के लिए तरसने के कारण अचार की शौकीन होती हैं। इसके अलावा गर्भधारण काल में मिनरल्स भी खासतौर से महत्वपूर्ण होते हैं। इसी तरह आइसक्रीम जैसे जंक फूड की शौकीन प्रैग्नेंट महिलाओं के लिए इनका सेवन करना आसान होता है। मीठे भोजन में नमक भी पाया जाता है जिससे शरीर में सैरोटोनिन बनता है और इस कारण प्रैग्नेंट महिला को अच्छा एहसास होता है।

# हेल्दी प्रेगनेंसी के लिए जरूरी ओरल हाइजीन

**प्रेगनेंसी के दौरान मसूढ़ों और दांतों से जुड़ी कुछ समस्याओं को नजरअंदाज करना आपको भारी पड़ सकता है...**

गर्भावस्था के कारण महिलाओं के शरीर में हारमोन से जुड़े कई बदलाव आते हैं। इन में से कुछ बदलाव के कारण उन्हें मसूड़ों की बीमारी होने का जोखिम बढ़ जाता है। गर्भावस्था के दौरान शरीर में प्रोजेस्टेरौन का स्तर बढ़ जाता है, जिस से प्लाक में मौजूद बैक्टीरिया के प्रति गतिविधि तेज हो जाती है और इस से मसूड़ों की बीमारी यानी सूजन (जिंजिवाइटिस) की समस्या हो सकती है। प्लाक वह परत होती है, जो दांतों पर जम जाती है। आमतौर पर अच्छी ओरल केयर वाली गर्भवती महिलाओं में भी प्रोजेस्टेरौन का स्तर बढ़ने के कारण यह समस्या हो सकती है, इसलिए अगर कोई महिला गर्भधारण करने की योजना बना रही है, तो बेहतर होगा कि वह डैंटल चककअप करा ले और अगर जरूरत हो तो दांतों की समस्या का इलाज भी करा ले। यह गर्भधारण से पूर्व होने वाले चैकअप में शामिल होना चाहिए।

मसूड़ों की बीमारी जिंजिवाइटिस दांतों के आसपास मौजूद कोमल कोशिकाओं का एक संगिमण होता है। इस में दर्द नहीं होता और यही वजह है कि इस पर ध्यान नहीं जाता और इसलिए इस का इलाज भी नहीं हो पाता है। इस के चेतावनी संकेतों में मसूड़ों का लाल या उन से खून निकलना, सूजन आना या कमजोर होना आदि शामिल है। ऐसे मसूड़े जिन की दांतों पर पकड़ ढीली हो गई हो या फिर वे दांतों से अलग हो रहे हों, इस बीमारी के संभावित संकेत हैं। मुंह में खराब स्वाद का रहना, सांस की बदबू या फिर स्थाई दांतों की पकड़ में बदलाव आना भी मसूड़ों में बीमारी होने का संकेत है।

अगर गर्भवती महिला के दांतों की बीमारी का इलाज नहीं किया गया तो इस से काफी गंभीर नतीजे निकल सकते हैं। कभी-कभी मसूड़ों के किनारों और दांतों के बीच सूजन भी दिखाई देती है। यह सूजन नुकसानरहित होती है। लेकिन इस से भी खून निकलने लगता है। यह अकसर लाल शहतूत के आकार की होती है, जिसे गम ऐप्युलिस कहते हैं। इस सूजन को प्रेगनेंसी ट्यूमर भी कहते हैं, लेकिन इस की प्रवृत्ति कैंसर की नहीं होती है। यह गम ऐप्युलिस डिलिवरी के बाद अपनेआप गायब हो जाते हैं। लेकिन उस के बाद भी दिखाई दे, तो उसे डैंटल सर्जन लोकल ऐनेस्थीसिया दे कर निकाल सकता है।

अगर गर्भवती महिलाएं इन समस्याओं का उपचार न कराएं तो ये बहुत गंभीर रूप भी ले सकती हैं। मसूड़ों की गड़बड़ी, स्वास्थ्य से संबंधित समस्याएं और जन्मजात विकार का जोखिम काफी ज्यादा होता है, बल्कि समयपूर्व प्रसव होना ही लंबी अवधि की सभी न्यूरोलौजिकल परिस्थितियों में से करीब आधे से ज्यादा मामलों की वजह है। समयपूर्व प्रसव के बाद जन्मे शिशुओं में फेफड़ों की जन्मजात बीमारी, आंतड़ियों में जख्म, कार्डियोवैस्क्युलर विकार, कमजोर शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता और श्रव्य व दृश्य समस्याएं होती हैं। व्यावहारिकता के लिहाज से कम संभावनाओं के साथ जन्म लेने वाले शिशुओं में मृत्यु दर बहुत अधिक होती है। उन में जटिलताओं की दर भी काफी ज्यादा होती है।

मसूड़ों की बीमारी से ऐसे ऐंडोटौक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं, जो साइटोकाइंस और प्रोस्टाग्लैंडिंस का उत्पादन बढ़ा देते हैं। गर्भवती महिलाओं में साइटोकाइंस के उच्च स्तर से गर्भाशय की झिल्ली फट सकती है और इस तरह समयपूर्व प्रसव हो सकता है। (साइटोकाइंस ऐसे नियामकीय प्रोटीन होते हैं, जो कोशिकाओं के बीच संदेशवाहक के तौर पर काम करते हैं) बैक्टीरिया संक्रमण से निकले इस जानलेवा तत्त्व या जहर के कारण नवजात का वजन सामान्य से कम रह सकता है। बैक्टिरियल संक्रमण से निकलने वाले इस जानलेवा जहर के कारण सामान्य से कम वजन वाले शिशु जन्म ले सकते हैं। समयपूर्व प्रसव और नवजात शिशु का वजन सामान्य से कम रहने के करीब 30 से 50 फीसदी मामलों की वजह ऐसे संक्रमण होते हैं। मसूड़ों की समस्या भी उन संक्रमणों में से एक है, जिन के कारण ऐसे नतीजे आते हैं।

फिर भी अच्छी खबर यह है कि मसूड़ों की बीमारियों का आसानी से इलाज संभव है और इन की रोकथाम भी आसानी से की जा सकती है। इन का इलाज कराना बहुत आसान है। अतः अगर आप गर्भधारण की योजना बना रही हैं, तो सब से पहले अपने डैंटिस्ट के पास जाएं और जांच कराएं कि आप को दांतों से संबंधित कोई समस्या तो नहीं है। अगर है तो उस का तुरंत इलाज करवाएं।

### गर्भावस्था के दौरान क्या करें

जैसे ही आप गर्भधारण करें, तुरंत डैंटिस्ट से मसूड़ों का चेकअप कराएं।

कम से कम दिन में 2 बार ब्रश करें। 1 बार फ्लास करें और गर्भावस्था में जिंजिवाइटिस से बचने के लिए ऐंटीमाइक्रोबियल सौल्यूशन से कुल्ला करें।



समस्या और अचानक गर्भपात, समयपूर्व प्रसव, प्रीऐक्लंप्सिया और गैस्टेशनल डायबिटीज के बीच कुछ संबंध हो सकता है। कई शोधकर्ता इन विषयों पर काफी समय से शोध कर रहे हैं। इन शोधों के नतीजे कुछ भी हों, लेकिन इन से एक बात तो यह साफ है कि गर्भधारण की योजना बनाने से पहले यह तय करना बेहतर है कि आप के मुंह में किसी भी प्रकार का संक्रमण न रहे। अगर इसे गंभीरता से नहीं लिया गया तो प्रेगनेंसी जिंवाइटिस होने के कारण दांत को सपोर्ट करने वाली हड्डी को नुकसान भी पहुंच सकता है।

मसूड़ों की बीमारी बढ़ कर दांतों से सटी हड्डियों और दांतों को कसने वाली सस्पैंसरी ऐपेरेटस में भी पहुंच कर पेरियोडोंटल बीमारी की वजह बन सकती है। पेरियोडोंटल बीमारी से ऐसी गंभीर बीमारी हो सकती है, जिस में वांछित नतीजे हासिल करने के लिए डैंटल सर्जन की जरूरत होती है। पेरियोडोंटल बीमारी के लक्षण नहीं दिखते हैं, लेकिन यह लंबे समय में होने वाली बीमारी है और इस की वजह से दांत पसीजने लगते हैं और मसूड़ों पर जोर पड़ता है। दिन में मसूड़ों में लगा सफेद या पीला डिस्चार्ज दिखाई देता है, जिस से मुंह से बदबू आती है और स्वाद खराब रहता है। पेरियोडोंटल बीमारी से पीड़ित जच्चा शिशु के मुंह का चुंबन लेते समय ये कीटाणु उस के मुंह तक पहुंचा सकती है, जो उस के लिए नुकसानदेह हो सकता है।

जर्नल औफ नैचुरल साइंस, बायोलौजी ऐंड मैडिसिन के अनुसार, मसूड़ों में जलन पैदा करने वाले बैक्टीरिया रक्तप्रवाह के साथ गर्भ में पल रहे भ्रूण तक पहुंच सकते हैं। मसूड़ों की बीमारी से ऐसे ऐंडोटौक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं, जो साइटोकाइंस और प्रोस्टाग्लैंडिंस का उत्पादन बढ़ा देते हैं। पेरियोडोंटाइटिस (लंबे समय तक रहने वाली मसूड़ों की बीमारी) से पीड़ित गर्भवती महिला में समयपूर्व प्रसव होने की आशंका 4 से 7 गुना अधिक रहती है। मसूड़ों से जुड़ी समस्या को अकसर महिलाएं गंभीरता से नहीं लेती हैं, विशेषतौर पर तब जब उस में दर्द न हो रहा हो। लेकिन जब मसूड़ों की समस्या के कारण समयपूर्व प्रसव होता है या सामान्य से कम वजन के शिशु का जन्म होता है, तब इस के नतीजे भी गंभीर होते हैं।

बैक्टीरिया संक्रमण से निकले इस जानलेवा हानिकारक तत्व या जहर के कारण नवजात शिशु का वजन सामान्य से कम रह सकता है।

यूएस नैशनल लाइब्रेरी औफ मैडिसिन, नैशनल इंस्टिट्यूट्स औफ हैल्थ जैसे विश्वसनीय सैंटरों द्वारा प्रकाशित किए गए शोध में सामने आया है कि समयपूर्व प्रसव और कम वजन वाले बच्चों के 1 महीना भी जीवित न रहने की आशंका 40 गुना अधिक होती है। 1 महीने तक जीवित रहने वाले ऐसे बच्चों में न्यूरोडैवलपमैंटल

ज्यादा मीठे खाद्य या पेयपदार्थों से परहेज करें। ऐसे खाद्यपदार्थों को तरजीह दें, जो प्रोटीन, कैल्सियम, फासफोरस और विटामिन ए, सी, डी के साथसाथ फौलिक ऐसिड के भी अच्छे स्रोत हों।

गर्भावस्था के दौरान नियमित चैकअप और स्केलिंग व क्लीनिंग से डैंटिस्ट को आप के मसूड़ों के स्वास्थ्य पर नजर रखने में मदद मिलेगी और किसी भी आने वाली समस्या का इलाज समय पर हो सकेगा।

गर्भावस्था के दौरान अगर मसूड़ों में किसी भी समस्या का संकेत मिलता है, तो तुरंत डैंटिस्ट से मिलें।

शिशु को जन्म देने के बाद भी डैंटिस्ट से जरूर मिलें विशेषतौर पर पहले तीन महीनों तक। शिशु के 12 महीने के होते ही उसे डैंटिस्ट के पास जरूर ले कर जाएं।

**बार-बार उबकाई और उलटी आने की समस्या से जूझ रही गर्भवती महिलाओं को दांतों की सतह को नुकसान से बचाने के लिए सलाह**

- कमकम मात्रा में संपूर्ण आहार लें। दिन भर के दौरान कम मात्रा में ऐसा भोजन खाएं, जो प्रोटीन से भरपूर हो जैसे पनीर।
- उलटी करने के बाद अच्छे टूथपेस्ट या 1 चम्मच बेकिंग सोडा (सोडियम बाईकार्बोनेट) को 1 कप पानी में मिलाएं या फिर फ्लोराइड युक्त कोई भी माउथवाश से कुल्ला करें। इस से दांतों की सतह पर मिनरल लौटाने में मदद मिलती है।
- उलटी करने के तुरंत बाद ब्रश न करें, क्योंकि मुंह के ऐसिड से दांतों की सतह काफी कमजोर हो जाती है और तुरंत ब्रश करने से इन्हें और नुकसान पहुंच सकता है।
- एक कोमल टूथब्रश और फ्लोराइड युक्त टूथपेस्ट से दिन में 2 बार ब्रश करें, इस से दांत मजबूत होंगे।
- जिंजिवाइटिस मसूड़ों की बीमारी का शुरुआती चरण होता है और इसे पेशेवर स्कैलिंग व क्यूरेटेज से हटाया जा सकता है। डीप स्कैलिंग और क्यूरेटेज में प्लाक और टार्टर को मसूड़ों की ऊपरी और निचली सतह से हटा कर दांतों की पौलिशिंग की जाती है। मसूड़ों की समस्या का इलाज करने के लिए रूट प्लानिंग भी की जा सकती है, जिस के बाद दांतों की पौलिशिंग होती है। रूट प्लानिंग के दौरान दांतों की सतह पर मौजूद खुरदरे धब्बों को समान किया जाता है, जिस से मसूड़ों को चिपकने के लिए साफ सतह मिलती है। फ्लैप सर्जरी और म्यूको जिंजिवल सर्जरी जैसी सर्जिकल प्रक्रियाओं का इस्तेमाल कर मसूड़ों की ज्यादा गंभीर बीमारियों को दूर किया जा सकता है। हड्डियों को और नुकसान से बचाने के लिए बोन ग्राफ्टिंग भी की जा सकती है, जिस से दांत को टूटने और ऐक्सफौलिएशन से बचाया जा सकता है।

**-लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. विमल अरोड़ा चीफ क्लीनिकल औफिसर, क्लोव ड**

# आंखों की समस्या को नजरअंदाज न करें महिलाएं

**प्रेगनेंसी** के समय महिलाओं में कई प्रकार के हार्मोनल परिवर्तन होते रहते हैं, जिससे मानसिक और शारीरिक बदलाव कुछ न कुछ होते हैं। एक बदलाव आंखों की समस्या का होता है, जिसमें किसी-किसी महिला को धुंधला दिखाई पड़ता है या रोशनी कम हो जाती है। पहले इसे समझना मुश्किल होता है, क्योंकि अधिकतर बढ़ती उम्र के साथ ही महिलाओं में आंखों की समस्या दिखाई पड़ती है, इसलिए गर्भावस्था में आंखों की रोशनी कम होने पर भी महिलाएं इग्नोर करती हैं। बाद में आंखों की समस्या बढ़ जाती है।

### कराएं जांच धुंधलेपन की

मुंबई की अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल की नेत्र विशेषज्ञ, डॉ. पल्लवी बिप्टे का इस बारे में कहना है कि असल में गर्भावस्था के दौरान हॉर्मोनल बदलाव के कारण कुछ महिलाओं को आंखों की समस्या का सामना करना पड़ता है। हालांकि यह बदलाव अधिकतर अस्थायी होता है, लेकिन कई बार ये गंभीर भी हो सकता है, इसलिए गर्भावस्था में महिलाओं को अपनी आंखों की सेहत का ख्याल रखना जरूरी है। नई माओं को आंखों से धुंधलापन दिखने पर तुरंत उसकी जांच करवा लेना आवश्यक होता है।

### टिश्यूज में फ्लूइड की मात्रा का बढ़ना

विशेषज्ञों के अनुसार, गर्भावस्था या फिर प्रसव के बाद हॉर्मोन्स के कारण कई बार टिश्यूज में फ्लूड की मात्रा बढ़ने से आंखों की पुतली का आकार बदल सकता है, जिससे महिला को ठीक से दिखाई नहीं पड़ती, आंखों में ड्राईनेस की समस्या भी हो सकती है। इसके अलावा आंखों का लाल होना, आंखों से पानी आना, जलन होना आदि कई समस्याएं हो सकती है। अगर किसी महिला को गर्भावस्था के दौरान डायबिटीज की समस्या है, तो रेटिना में बदलाव होने की समस्या हो सकती है। इससे भी महिला को धुंधला दिखता है। यह समस्या अधिकतर महिलाओं को गर्भावस्था के दूसरी तिमाही में होती है। समय पर सही इलाज न मिलने पर गर्भावस्था के तीसरी तिमाही और प्रसव के बाद यह समस्या बढ़ सकती है।

### समस्या उच्च रक्तचाप की

डॉक्टर कहती है कि कुछ महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान उच्च रक्तचाप की समस्या होती है। इसे प्रीक्लैंप्सिया कहा जाता है। इसमें गर्भवती महिला का ब्लड प्रेशर लेवल बढ़ जाता है और किडनी असामान्य रूप से कार्य करने लगती है। जिसके कारण आंखों में धुंधलापन छा जाता है। इसलिए प्रेगनेंसी में महिलाओं को अपने ब्लड प्रेशर लेवल पर नजर रखनी चाहिए। इसके अलावा काफी कम महिलाओं को प्रसव के बाद पिट्यूटरी एडिनोमा की शिकायत होती है। इसमें महिलाओं के शरीर की पिट्यूटरी ग्रंथि में ट्यूमर विकसित होने लगती है, इससे शरीर में हार्मोंस के स्राव की सामान्य क्रिया में रुकावट आती है जो कि प्रेगनेंसी के बाद आंखों से संबंधित समस्याओं का कारण बन सकती है।



**डॉक्टर कहती है कि कुछ महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान उच्च रक्तचाप की समस्या होती है।**

### समस्या वाटर रिटेंशन की

गर्भावस्था में वाटर रिटेंशन यानि जल जमाव के कारण, कॉर्निया सूज जाता है और दृष्टि धुंधली हो जाती है। इसके अलावा गर्भावस्था में, आंसू का उत्पादन कम होता है और आंखों में सूखापन होता है। इसमें प्री-एक्लेमप्सिया या उच्च रक्तचाप से धुंधली दृष्टि, प्रकाश की चमक, फ्लोटर्स और यहां तक अस्थायी अंधापन भी हो सकता है। हालाँकि आंखों की अधिकांश समस्याएं अस्थायी होती है और गंभीर नहीं होती, लेकिन प्रसव के बाद में या पहले, आंखों में किसी भी लक्षण के नजर आने पर तुरंत नेत्र रोग विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए, जो निम्न है।

### लक्षण


- किसी चीज का डबल दिखाई देना,
- आंखों में दर्द होना,
- आंखों में खुजली होना,
- धुंधलापन या चक्कर का आना,
- अक्षर को पढ़ने में कठिनाई महसूस करना,
- आंखों पर दबाव महसूस होना,
- प्रकाश में आते ही आंखों पर इसका प्रभाव पड़ना आदि कई है।
- आंखों की समस्या का ध्यान
- आंखों में समस्या दिखाई दे, तो तुरंत विशेषज्ञ की सलाह से आईड्रॉप का इस्तेपाल करें,
- अगर यह समस्या पिट्यूटरी ग्रंथि के कारण हो रही है, तो डॉक्टर इसके लिए एस्ट्रोजन हार्मोन के विकास के कारण होने वाले ट्यूमर को रोकने की दवाई का देना।

## संक्षिप्त समाचार

### गोल्फ: कपूर और संधू पहले दौर के बाद संयुक्त 26वें स्थान पर

**मस्कट।** भारतीय गोल्फर शिव कपूर और युवराज संधू ने 20 लाख डॉलर पुरस्कार राशि की इंटरनेशनल सीरीज ओमान के पहले दौर में दो अंडर 70 का समान कार्ड खेला जिससे वे संयुक्त 26वें स्थान पर काबिज हैं। स्पेन के डेविड पुईग ने सात अंडर पार 65 के कार्ड से एकल बढ़त बनाई हुई है। अन्य भारतीयों में एस चिक्कारंगप्पा (71) संयुक्त 37वें जबकि करणदीप कोचर, एसएसपी चौरसिया और राशिद खान 72 का कार्ड खेलकर संयुक्त 59वें स्थान पर बने हुए हैं। अनिर्बान लाहिड़ी, गगनजीत भुल्लर और अजीतेश संधू एक ओवर के कार्ड खेलकर संयुक्त 71वें स्थान पर हैं। हनी बेसोया (74) संयुक्त 91वें स्थान और जीव मिल्खा सिंह (75) संयुक्त 108वें स्थान पर हैं जिससे उन पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा है। कपूर 2024 का पहला टूर्नामेंट खेल रहे हैं, उन्होंने पहले 16 होल में चार बर्डी लगाई लेकिन 17वें होल में डबल बोगी कर बैठे और दो शॉट ड्राप से 70 का कार्ड खेल पाए। संधू ने पांच बर्डी लगाई और तीन बोगी कर बैठे।

### अभय सिंह गुडफेलो क्लासिक स्क्वाश के सेमीफाइनल में



**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह टोरंटो में चैलेंजर टूर के 9000 डॉलर ईनामी राशि के गुडफेलो क्लासिक स्क्वाश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त अभय ने फ्रांस के मेशियो लेवी को 13-11, 11-7, 11-3 से हराया। हांगझोउ एशियाई खेलों में टीम वर्ग में स्वर्ण और मिश्रित युगल कांस्य जीतने वाले अभय का सामना अब मिस्र के अब्दुलरहमान अब्दुलखालिक से होगा। पिछले महीने अभय ने मुंबई में जेएसडब्ल्यू विलिंगडन पीएसए टूर्नामेंट जीता था।

## दीक्षा, प्रणवी पहले दौर के बाद शीर्ष पांच में पहुंची



**रबात (मोरक्को)।** भारत की दीक्षा डागर और प्रणवी उर्स लेडीज यूरोपीय टूर पर लाला मरियम कप गोल्फ के पहले दौर के बाद दो अंडर 71 के स्कोर के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। दोनों मैजिकल कीनिया लेडीज ओपन में शीर्ष 25 में रहीं थीं। दोनों ने डबल बोगी करने के बाद तीन बर्डी लगाए। मैक्सिको की मारिया फास्सी आठ अंडर 65 के स्कोर के साथ शीर्ष पर हैं।

# नाकामी भुला भारत की नजरें बदला चुकता करने पर

### एफआईएच प्रो लीग में आस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबला आज

एजेंसी। राउरकेला



**पिछले** मैच की नाकामी को भुलाकर भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के अगले मैच में शनिवार को आस्ट्रेलिया के अपराजेय अभियान में नकेल डालने की कोशिश करेगी। भारत ने पिछले मैच में दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ अच्छी हॉकी खेली लेकिन शूटआउट में 2-4 से हार गई।

भारत इस समय छह मैचों में 11 अंक लेकर चौथे स्थान पर है जबकि आस्ट्रेलिया सारे छह मैच जीतकर अपराजेय है। अपने घरेलू अभियान का अंत जीत के साथ करने के अलावा भारत की नजरें बदला चुकता करने पर भी लगी होंगी। इस महीने की शुरूआत में भुवनेश्वर में भारत को आस्ट्रेलिया ने 6-4 से हराया था। आस्ट्रेलिया को हराने के लिए हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम को हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पिछले मैच में भारत का पेनल्टी कॉर्नर खराब रहा और हरमनप्रीत, जुगराज सिंह तथा अमित रोहिदास के लिए गोल करना मुश्किल हो गया था। आस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्हें बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

भारतीय डिफेंडरों ने डच टीम के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया और मैन टू मैन मार्किंग देखने लायक थी। मिडफील्ड और फॉरवर्ड पंक्ति का तालमेल भी जबर्दस्त था। आस्ट्रेलिया के फॉरवर्ड खिलाड़ियों को रोकने के लिए भी भारतीय डिफेंडरों को मुस्तैद रहना होगा। वहीं भारतीय फॉरवर्ड पंक्ति को सर्कल के भीतर मौके बनाने होंगे और उन्हें गोल में बदलना होगा। भारतीय टीम रविवार को आखिरी लीग मैच में आयरलैंड से खेलेगी।

# रूट ने शतक जड़ इंग्लैंड को संभाला

### रांची टेस्ट: पहले दिन अंग्रेज 302/7, आधी टीम 112 के स्कोर पर जा चुकी थी पवेलियन

#### आकाश का शानदार आगाज, पहले सेशन में तीन विकेट चटकाए

एजेंसी। रांची



**भारत** को आकाश दीप के रूप में एक शानदार तेज गेंदबाज मिल गया लेकिन जो रूट ने शतक जमाकर अकेले दम पर इंग्लैंड को संकट से निकालते हुए चौथे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को सात विकेट पर 302 रन तक पहुंचाया।

पहले दिन का खेल समाप्त होने पर रूट 226 गेंद में 106 रन बनाकर खेल रहे थे। उनके साथ ओली रॉबिनसन ने 26 रन बना लिए हैं। दोनों ने इंग्लैंड को आकाश दीप के दिए शुरूआती झटकों से निकाला।

बिहार के रहने वाले 27 वर्ष के आकाश दीप बंगाल के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। उन्होंने पहले घंटे में ही गेंद को दोनों तरफ से स्विंग कराके इंग्लैंड के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया। इससे पहले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था। पहले सत्र में इंग्लैंड के पांच विकेट 112 रन पर गिर गए थे।

पिछले तीन टेस्ट में 29, 2 , 5, 16, 18 , 7 रन बनाने वाले रूट ने संयम के साथ खेलते हुए पारी को संभाला। उन्होंने 15 पारियों में पहला शतक जड़ा जो उनके कैरियर का 31वां टेस्ट शतक है। उन्होंने जबर्दस्त संयम का परिचय देते हुए अपनी पारी में नौ चौके लगाए। इससे पहले आकाश ने दस गेंद के भीतर बेन डकेट (11), ओली पोप (0) और जाक क्रॉली (42) के विकेट चटकाए। उन्होंने 24 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा ने क्रमश: जॉनी बेयरस्टो और स्टोक्स को पगबाधा आउट किया। आकाश दीप ने दूसरे ही ओवर में क्रॉली का आफ स्टम्प उखाड़ दिया था लेकिन वह नो बॉल थी। नई गेंद के उनके जोड़ीदार मोहम्मद सिराज लय के लिए जूझते दिखे जिन्हें खेलने में इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशानी नहीं हुई। क्रॉली ने उन्हें लगातार तीन चौके और मिडविकेट पर छक्का लगाया। उन्होंने चार के स्कोर पर जीवनदान मिलने के बाद 32 गेंद में 32 रन बनाए। इसे देखते हुए कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरे छोर से स्पिनर जडेजा को गेंद सौंपी।

आकाश दीप ने दसवें ओवर में दो विकेट लिए जिसमें दो बार रिव्यू का इस्तेमाल भी हुआ और एक भारत के पक्ष में रहा। उनका पहला विकेट डकेट बने जिनका कैच विकेट के पीछे ध्रुव जुरेल ने लपका।

### निजी कारणों से स्वदेश लौटे स्पिनर रेहान अहमद

**रांची।** इंग्लैंड के युवा लेग स्पिनर रेहान अहमद आपात पारिवारिक कारणों से स्वदेश लौट रहे हैं और भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के बाकी मैच नहीं खेल सकेंगे। 19 वर्ष के रेहान ने पहले तीन टेस्ट में 44 की औसत से 11 विकेट लिए हैं जिनमें विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में छह विकेट शामिल हैं। ईसीबी ने एक बयान में कहा, रेहान अहमद निजी कारणों से तुरंत प्रभाव से स्वदेश लौटेंगे। वह भारत वापस नहीं आएंगे। उनकी जगह किसी और को टीम में शामिल नहीं किया गया है। चौथे टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम में रेहान की जगह शोएब बशीर को शामिल किया गया। पांच मैचों की श्रृंखला का एक ही मैच बाकी है और इंग्लैंड के पास टीम में टॉम हार्टली के रूप में एक और स्पिनर है जिन्होंने अब तक 16 विकेट लिए हैं। रेहान को तीसरे टेस्ट के लिए यूएई से यहां आने पर वीजा की दिक्कतें झेलनी पड़ी थी।

#### डीएसपी बनने के बाद दीप्ति ने कहा

# पुलिस अधिकारी बनना मेरे बचपन का सपना था

#### यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने तीन करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि देकर पिछले महीने किया था सम्मानित

एजेंसी। नई दिल्ली



**जीवन** में कैरियर का अलग रास्ता चुनने के बावजूद पेशे को लेकर सपना पूरा करने का मौका हर किसी को नहीं मिलता लेकिन भारतीय महिला क्रिकेट टीम की हरफनमौला दीप्ति शर्मा खुशकिस्मत हैं, जिन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस ने डीएसपी बनाया है क्योंकि पुलिस अधिकारी बनना उनके बचपन का सपना था।

आगरा की रहने वाली दीप्ति को पिछले महीने उप्र पुलिस में डीएसपी बनाया गया और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन करोड़ रुपए नकद पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया। दीप्ति पिछले साल एशियाई खेल में स्वर्ण और राष्ट्रमंडल खेल 2022 में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थी।

दीप्ति ने कहा, मैं हमेशा से पुलिस अधिकारी बनना चाहती थी। मुझे हमेशा लगता था कि यह कठिन काम है लेकिन मैं एक बाद वर्दी पहनकर महसूस करना चाहती थी कि कैसा लगता है। उन्होंने कहा , मेरे माता पिता ने भी मेरा समर्थन किया। मैं और मेरा परिवार इस सम्मान से बहुत खुश हैं। दीप्ति को 2022-23 में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बीसीसीआई के सालाना पुरस्कारों में वर्ष की सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेटर चुना गया था। उन्होंने इस दौरान 38 विकेट लिए और 313 रन बनाए।

## फुटबॉल: टर्किश कप में भारतीय लड़कियों के सामने हांगकांग की चुनौती

**अलान्या (तुर्की)।** पहले मैच में एस्तोनिया को हराने के बाद भारतीय महिला फुटबॉल टीम टर्किश कप के दूसरे मैच में शनिवार को हांगकांग के खिलाफ इस लय को जारी रखने उतरेगी। भारत ने पहले मैच में एस्तोनिया को 4-3 से हराया था जो सीनियर महिला टीम की किसी यूरोपीय टीम के खिलाफ पहली जीत थी। इससे छाओबा देवी की कोचिंग वाली टीम का मनोबल बढा होगा। फीफा रैंकिंग में 79वें स्थान पर काबिज हांगकांग के खिलाफ भारत का यह पांचवां मैच होगा। भारत ने पिछले चारों मैच जीते हैं जिनमें 11 गोल दागे और दो गोल गंवाए। आखिरी बार 2019 में एक दोस्ताना मुकाबले में भारत ने प्यारी शाशा के गोल के दम पर जीत दर्ज की थी। प्यारी ने एस्तोनिया के खिलाफ पहले मैच में भी गोल दागा। भारत इस समय तीन अंक और प्लस एक का गोल औसत लेकर तालिका में शीर्ष पर है जबकि हांगकांग का खाता भी नहीं खुला है और वह आखिरी स्थान पर है।

# आस्ट्रेलिया ने टी-20 सीरीज जीती

### न्यूजीलैंड को 72 रन से हराया, जंपा ने झटके चार विकेट

एजेंसी। आकलैंड।



**एडम** जम्पा के चार विकेट से आस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को यहां न्यूजीलैंड को 17 ओवर में 102 रन पर समेटकर दूसरा टी-20 मैच 72 रन से जीत लिया और तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की।

दुनिया की दूसरी रैंकिंग पर काबिज न्यूजीलैंड पर श्रृंखला जीतने से आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले आत्मविश्वास से भरे होंगे। आस्ट्रेलिया ने पहला मैच छह विकेट से जीता था। अब तीसरा टी-20 रविवार को ईडन पार्क में खेला जाएगा।

आस्ट्रेलियाई टीम पावरप्ले में एक विकेट पर 72 रन बनाने के बावजूद 19.5 ओवर में 174 रन के स्कोर पर सिमट गई। सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने 22 गेंद में पांच छक्कों से 45 रन बनाए जिससे टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी आस्ट्रेलियाई टीम यह स्कोर बना सकी। न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फर्ग्यूसन ने 12 रन देकर चार और बेन सीयर्स ने 29 रन देकर दो विकेट झटके। आस्ट्रेलिया ने इस तरह अंतिम 9.5 ओवर में 59 रन के अदर छह विकेट गंवा दिए।

न्यूजीलैंड को खेल शुरू होने से पहले ही झटका लगा जब रचिन रविंद्र घुटने की हल्की चोट के कारण बाहर हो गए और डेवोन कॉनवे को भी विकेटकीपिंग करते हुए अंगूठे में चोट लग गई जिससे उन्हें एक्स-रे कराने के लिए अस्पताल ले जाया गया।

## यूपी वारियर्स की निगाहें बेहतर प्रदर्शन करने पर : हीली

**मुंबई।** कप्तान एलिसा हीली ने शुक्रवार को कहा कि श्रीलंकाई सुपरस्टार चामरी अटापट्टू के यूपी वारियर्स में शामिल होने से टीम में चयन को लेकर दुविधा होगी जो टीम के लिए अच्छी बात है।

यूपी वारियर्स में काफी विदेशी खिलाड़ी मौजूद हैं जिसमें हीली के अलावा ग्रेस हैरिस, सोफी एक्लेस्टोन, तहलिया मैकग्रा, डेनियल वाट और अटापट्टू शामिल हैं। अटापट्टू को इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लॉरेन बेल की जगह शामिल किया गया। हीली ने शुक्रवार को वर्चुअल मीडिया बातचीत में कहा, उनका जुड़ना हमारे लिए अच्छा रहा। निश्चित रूप से बल्ले और गेंद दोनों से टीम में गहराई होना अहम है। चामरी का शामिल होना अच्छा है। उन्होंने कहा, इससे प्रबंधन और मेरे लिए अंतिम एकादश का चयन करना बहुत मुश्किल हो जाएगा। यह अच्छी समस्या है और वह शानदार फॉर्म में भी है।

# आत्मविश्वास से भरपूर है स्मृति मंधाना: कोच

### डब्ल्यूपीएल : इस बार स्थिर लग रही है आरसीबी की टीम

एजेंसी। बेंगलुरु



**रॉयल** चैलेंजर्स बेंगलुरु के कोच ल्यूक विलियम्स का मानना है कि स्मृति मंधाना कप्तान और प्रमुख बल्लेबाज के तौर पर दोहरी भूमिकाओं में खरी उतर रही है और आत्मविश्वास से ओतप्रोत हैं।

डब्ल्यूपीएल के पहले सत्र में मंधाना दोहरी भूमिकाओं की अपेक्षा का बोझ नहीं सह पाई थी और उनकी बल्लेबाजी खराब हो गई थी। वह पहले सत्र में आठ मैचों में 149 रन ही बना सकी थी। विलियम्स ने कहा , वह बहुत मेहनत कर रही है। आत्मविश्वास से भरी हैं और अपने खेल तथा कप्तानी को लेकर उत्साहित हैं। कप्तानी और पारी की शुरूआत की जिम्मेदारी बड़ी है।

उन्होंने यूपी वारियर्स के खिलाफ डब्ल्यूपीएल 2024 के पहले मैच से पूर्व कहा, उसे टीम से काफी सहयोग मिल रहा है। उसकी मदद के लिए कई सीनियर खिलाड़ी हैं और वह दोनों भूमिकाओं को पृथक रखने की कोशिश कर रही है। पिछले सत्र में आरसीबी पांच टीमों में चौथे स्थान पर रही थी। विलियम्स ने कहा कि मंधाना की कप्तानी में टीम इस बार स्थिर लग रही है। उन्होंने कहा , मैंने द हंड्रेड में सदर्न ब्रेव टीम के साथ सहायक कोच के तौर पर स्मृति के साथ काफी समय बिताया है। पिछले डब्ल्यूपीएल सत्र से काफी सबक लिया है। बतौर टीम और व्यक्तिगत स्तर पर भी। हम पिछली गलतियों से सबक लेकर उतरेंगे।

#### बॉलिंग में विकल्पों की है भरपार

महिला बिग बैश लीग में एडीलेड स्ट्राइकर्स को खिताब दिला चुके विलियम्स ने कहा कि इस बार आरसीबी के पास स्पिन और तेज गेंदबाजी में काफी विकल्प हैं। हमने नीलामी के दौरान यही रणनीति अपनाई थी कि हर विभाग में हमारे पास विविधता हो। इस बार हमारे पास बॉलिंग में काफी विकल्प हैं।

